सूर्योदय : 6:32
सूर्यास्त : 6:06
अधिकतम तापमान : 30.5
न्यूनतम : 14.5

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-254 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 06 मार्च 2026

16 रमज़ान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# हम परमाणु हथियार नहीं बनाना चाहते : ईरान

- हमारे पास 400 किलो संवर्धित यूरेनियम मौजूद
- हम शेखी नहीं बघार रहे अपनी साइंस की कामयाबियों का नतीजा बता रहे



**तेहरान।** ईरान ने गुरुवार को अमरीका के स्पेशल दूत स्टीव विटकॉफ के उन आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है। ईरान के उप विदेश मंत्री माजिद तख्त-रवांची ने कहा कि उनके देश का एटम बम बनाने का कोई इरादा नहीं है। इससे पहले विटकॉफ ने ईरानी अधिकारियों के साथ हाल की बातचीत के बाद फॉक्स न्यूज़ से बात करते हुए दावा किया कि ईरान को 60 प्रतिशत शुद्धता वाला 400 किलोग्राम यूरेनियम रखने पर 'गर्व' है। उन्होंने कहा कि अगर इसे और बढ़ाया जाए तो यह लगभग 10 से 11 परमाणु बम बनाने के लिए काफी हो सकता है।

तख्त-रवांची ने एक टीवी इंटरव्यू में में कहा कि उनके देश के पास यूरेनियम भंडार ज़रूर है, लेकिन वह परमाणु हथियार नहीं बनाना चाहते। उन्होंने कहा, 'यह कोई राज़ नहीं है कि ईरान के पास 400 किलो संवर्धित यूरेनियम है, लेकिन अगर उस 60 प्रतिशत यूरेनियम को और संवर्धित किया जाए, तो यह लगभग 10 बम के बराबर हो सकता है। इसका मतलब यह नहीं है कि हम परमाणु हथियार बनाना चाहते हैं। 'उन्होंने ज़ोर दिया कि ईरान की परमाणु तरक्की घरेलू साइंसी तरक्की का नतीजा है, न कि सैन्य मकसद का। उन्होंने कहा, 'हम शेखी नहीं बघार रहे थे। हम बस अपनी साइंसी कामयाबियों का नतीजा बता रहे थे।' उन्होंने यह भी संकेत दिया कि ईरान कुछ शर्तों के तहत अपनी परमाणु कार्रवाई को कम करने को तैयार है और अगर उसे अमेरिका से कोई अच्छा प्रस्ताव मिलता है तो वह अपने परमाणु विकास नीति के कुछ हिस्सों को छोड़ने के लिए तैयार होगा। उन्होंने कहा, 'हम इससे छुटकारा पाने के लिए तैयार हैं, बशर्ते हमें बदले में कुछ काम का मिले। '

### अज़रबैजान का आरोप, ईरान ने उसकी सरजमीन पर ड्रोन हमले किए

**बाकू।** अज़रबैजान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ईरान ने कई ड्रोन भेजकर उसकी सरज़मीन पर हमला किया है। यह पश्चिमी एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच अज़रबैजान पर पहला हमला है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि ईरान के हवाई हमलों में नखचिवान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की एक टर्मिनल इमारत को निशाना बनाया गया, जबकि एक अन्य ड्रोन हमला शकराबाद गांव की एक स्कूली इमारत के करीब हुआ। मंत्रालय ने कहा कि हवाई अड्डे पर हुए हमले में दो लोग घायल हो गए। बयान में कहा गया, 'हम ईरानी क्षेत्र से किये गये इन ड्रोन हमलों की घोर निंदा करते हैं। इन हमलों में हवाई अड्डे की इमारत को नुकसान हुआ है और दो लोग घायल हुए हैं।' इस बीच, मंत्रालय ने कहा कि उसने अपना विरोध ज़ाहिर करने के लिए अज़रबैजान में ईरान के राजदूत को तलब किया है।

### जंग के बीच एस. जयशंकर ने ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास से फोन पर की बात



**नई दिल्ली :** ईरान इजरायल युद्ध के बीच विदेश मंत्री जयशंकर ने ईरानी विदेश मंत्री से फोन पर बातचीत की। इस बातचीत की जानकारी विदेश मंत्री ने खुद ट्वीट पर दी। जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि गुरुवार दोपहर ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के साथ टेलीफोन पर बातचीत हुई। इससे पहले भारत ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन पर शोक व्यक्त किया था।

**खामेनेई के निधन पर जताया शोक :** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने ईरानी राजदूत को नई दिल्ली की ओर से संवेदना संदेश दिया। मिसरी ने ईरानी दूतावास का दौरा किया और भारत सरकार की ओर से शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने विदेश सचिव और भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली के बीच हुई बातचीत की तस्वीर भी जारी की। खामेनेई की मौत 28 फरवरी को इजराइल और अमेरिका के हमले में हुई थी। अमेरिका ने दावा किया था कि सैन्य बैठक में उनके साथ कई शीर्ष सैन्य अफसर भी मारे गए थे।

## केवल सैन्य टकराव से मुद्दों का समाधान संभव नहीं



- फिनलैंड के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे सैन्य टकराव के बीच भारत और फिनलैंड ने कानून के शासन तथा कूटनीति पर जोर देते हुए कहा है कि केवल सैन्य टकराव से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं निकल सकता। दोनों देशों ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में संघर्ष की शीघ्र समाप्ति और शांति स्थापना पर जोर दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत यात्रा पर आये फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ गुरुवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत और फिनलैंड ने प्रौद्योगिकी से लेकर रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने के लिये अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तीन समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए। उन्होंने सभी तरह के आतंकवाद जड़ से समाप्त करने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। मोदी ने विश्व में अस्थिरता और अनिश्चितता का उल्लेख करते हुए कहा कि यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है।

### ईरान-इजरायल जंग के बीच पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति से की बात

**नई दिल्ली :** ईरान और इजरायल के बीच तनाव जारी है। इस तनाव का असर मध्य एशिया के साथ ही यूरोप तक देखा जा रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से बातचीत की। पीएम मोदी ने दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत की जानकारी दी।



16 रमज़ान 06.03.2026

सुन्नी हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 05:07 | 06:13 |

शिया हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:55 | 06:22 |

# यूपी बन चुका है अब विकास का नया इंजन

- मरीज की आधी बीमारी खत्म कर देता है डॉक्टर का अच्छा व्यवहार : सीएम योगी



**गौतम बुद्ध नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 10 में केडीएसजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। यह अस्पताल करीब 200 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है और इसमें 300-350 बेड की सुविधा है। उद्घाटन के बाद सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश में स्वास्थ्य और विकास के क्षेत्र में बदलावों पर प्रकाश डाला।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब विकास का नया इंजन बन चुका है। गौतमबुद्ध नगर में फिल्म सिटी और मेडिकल डिवाइस पार्क जैसे प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं। निवेश बढ़ रहा है और राज्य सरकार हर क्षेत्र में पूरा सहयोग दे रही है। उन्होंने जोर दिया कि 'एक जनपद एक मेडिकल कॉलेज' के लक्ष्य पर तेजी से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं हर नागरिक का अधिकार हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत देश के 60 करोड़ और प्रदेश के 5.60 करोड़ लोगों को गोल्डन कार्ड से मुफ्त इलाज मिल रहा है।

### जन समस्याओं के निस्तारण में शिथिलता अक्षम्य

**गोरखपुर।** गोरखपुर में जनता के साथ बुधवार दिनभर होली की खुशियां साझा करने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनसेवा के नियमित प्रकल्प 'जनता दर्शन' में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं का समाधान तत्परता और संवेदनशील तरीके से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही अक्षम्य होगी। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है।

### भाजपा के होंठ सिल दिए या कोई पत्ता दबा है : अखिलेश

**लखनऊ।** अखिलेश यादव ने गुरुवार को एक्स अकाउंट से ट्ववीट किया। उन्होंने कहा, अमेरिकी-इस्राइल हमलों का हमारी सरहदों के करीब, हिंद महासागर तक पहुंचना देशवासियों के लिए चिंता का विषय है और इस गंभीर विषय पर भाजपा सरकार ने चुप्पी साध रखी है। स्पष्ट किया जाए कि इसे 'चुप्पी' माना जाए या किसी विशेष भय के कारण इसे 'घिग्घी बंधना' माना जाए। भाजपा सरकार की ऐसी क्या मजबूरी है कि उनके होंठ किसी ने सिल दिये हैं। जनता पूछ रही है कि आपका कौन सा पत्ता दबा है।

# भारत की तेल आपूर्ति खतरे में, पीएम चुप

- राहुल गांधी ने मोदी पर साधा निशाना



**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान भारत को होने वाली परेशानियों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरा है। राहुल गांधी की ओर से सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, 'विश्व एक अस्थिर दौर में प्रवेश कर चुका है। आगे भयंकर संकट मंडरा रहा है। भारत की तेल आपूर्ति खतरे में है, क्योंकि हमारे आयात का 40 फीसदी से अधिक हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। एलपीजी और एलएनजी के लिए स्थिति और भी बदतर है।'

राहुल ने लिखा, संघर्ष हमारे पड़ोस तक पहुंच गया है, हिंद महासागर में एक ईरानी युद्धपोत डूब गया है। फिर भी प्रधानमंत्री ने कोई टिप्पणी नहीं की है। ऐसे समय में हमें एक स्थिर नेतृत्व की आवश्यकता है। इसके विपरीत भारत के पास एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो समझौतावादी हैं और रणनीतिक स्वायत्तता को त्याग दिया है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच गुरुवार को कच्चे तेल की कीमतों में 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई है। सप्लाई पर असर पड़ने के कारण कीमतों में उछाल आया है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया नामांकन

**राज्यसभा चुनाव**

- अमित शाह समेत एनडीए के कई नेता रहे मौजूद



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने गुरुवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में राज्यसभा के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वर्ष 2005 से रिकॉर्ड 10 बार मुख्यमंत्री रहे कुमार और नबीन ने बिहार विधानसभा की सचिव ख्याति सिंह के कक्ष में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस मौके पर अमित शाह के अलावा दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा राज्य सरकार के कई अन्य मंत्री भी मौजूद थे। इससे पहले दिन में नीतीश कुमार ने घोषणा की थी कि वह राज्यसभा का चुनाव लड़ेंगे, जिसके साथ ही बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने के उनके कार्यकाल का अंत हो जाएगा। कुमार ने कहा कि राज्य में जो नयी सरकार बनेगी, उसे उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, दो दशकों से अधिक समय तक आपने लगातार मुझ पर विश्वास और समर्थन बनाए रखा। इसी भरोसे की ताकत से हमने बिहार और आप सभी की पूरी निष्ठा के साथ सेवा की है। आपके विश्वास और समर्थन की शक्ति से ही आज बिहार विकास और गरिमा की नयी पहचान प्रस्तुत कर पा रहा है।

### राज्यसभा सदस्य बनने का नीतीश ने खुद किया ऐलान

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने राज्यसभा जाने का निर्णय लिया है। नीतीश कुमार ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, पिछले दो दशक से भी अधिक समय से आपनका विश्वास एवं समर्थन मेरे साथ लगातार बनाए रखा है, तथा उसी के बल पर हमने बिहार की और आप सब लोगों की पूरी निष्ठा से सेवा की है। नीतीश ने कहा, संसदीय जीवन शुरू करने के समय से ही मेरे मन में एक इच्छा थी कि मैं बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के साथ संसद के दोनों सदनों का सदस्य बनूं। इसी क्रम में इस बार हो रहे चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनना चाह रहा हूं।'

### प. बंगाल के राज्यपाल ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस फैसले ने राज्य की राजनीतिक हलचल को और तेज कर दिया है। चुनाव से पहले राज्यपाल का पद छोड़ना महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। बोस ने 17 नवंबर 2022 को राज्यपाल के रूप में पदभार संभाला था। वह दिल्ली में मौजूद हैं और इस्तीफे की वजह सामने नहीं आई है।

इस इस्तीफे के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। राज्य में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और ऐसे समय में राज्यपाल का पद छोड़ना राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। हालांकि अब तक न तो राजभवन और न ही केंद्र सरकार की ओर से इस फैसले को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया है।






# रंगों के बीच डीएम-एसपी ने संभाली सुरक्षा की कमान



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** होली के रंगों में इस बार सुरक्षा और सतर्कता की चमक भी घुली नजर आई। पावन पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग खुद मैदान में उतरी। रंग खेलने के दौरान प्रशासनिक टीम लखीमपुर शहर और खीरी टाउन में लगातार भ्रमणशील रही। इस दौरान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह, सीओ सिटी विवेक तिवारी सहित भारी दल बल शामिल रहे डीएम-एसपी का काफिला शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए विभिन्न स्थलों का जायजा लेता रहा। इसके बाद खीरी टाउन पहुंचकर होली जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। डीएम एसपी ने व्यवस्थाओं को परखा और संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जुलूस में शामिल लोगों से संवाद करते हुए डीएम-एसपी ने होली की शुभकामनाएं दीं। प्रशासन की मौजूदगी से लोगों में सुरक्षा का भरोसा साफ झलकता रहा डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जनपदवासियों को बधाई देते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारे और सद्भाव का पर्व है। उन्होंने ईश्वर से जिले की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। वहीं एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने स्पष्ट संदेश दिया कि त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने शरारती तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर है। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा माहौल बिगाड़ने या त्योहार में खलल डालने का प्रयास किया गया, तो उसके विरुद्ध सख्त से सख्त वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## भगवान नृसिंह शोभायात्रा समिति की ओर से शहर में पारंपरिक शोभायात्रा का किया गया आयोजन

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** होली के अवसर पर भगवान नृसिंह शोभायात्रा समिति की ओर से शहर में पारंपरिक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा वर्षों पहले गांव और शहरों में निकलने वाली 'धम्हार' की पुरानी परंपरा को जीवंत करने के उद्देश्य से निकाली जाती है। समिति के संयोजक राहुल तिवारी ने बताया कि समय के साथ यह परंपरा लगभग समाप्त हो गई थी, जिसे वर्ष 2018 में कुछ लोगों ने मिलकर दोबारा शुरू किया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शोभायात्रा सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर, मिश्राना से प्रारंभ हुई। सबसे पहले यात्रा दुखहरण नाथ मंदिर पहुंची, जहां भगवान भोलेनाथ को रंग अर्पित कर विधिवत शुभारंभ किया गया। इसके बाद यात्रा बक्सा मार्केट, बैण्ड मार्केट, बसंत टॉकीज, संकटा देवी मंदिर मार्ग और सदर चौराहा, मेन रोड से होती हुई दोबारा सरस्वती शिशु मंदिर परिसर पहुंची। शोभायात्रा में शामिल लोग होली के रंगों से सराबोर दिखाई दिए।

## आंगनवाड़ी केंद्रों को ईसीसीई किट का वितरण किया गया

**ललौरीखेड़ा।** ललौरीखेड़ा स्थित बाल विकास परियोजना के अंतर्गत आज 46 सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों को ईसीसीई किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख श्री अजय गंगवार उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने कर-कमलों द्वारा किटों का वितरण किया। इस अवसर बाल विकास परियोजना ललौरीखेड़ा से आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सुनीता जी ने कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास की नींव है। इन किटों के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी बौद्धिक, शारीरिक एवं मानसिक क्षमता का विकास होगा। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी (प्रभारी) श्रीमती रामकुमारी जी, सुपरवाइजर सुनीता जी सुपरवाइजर रोली जी सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियाँ, उर्मिला, गंगा, विमलेश, माहेश्वरी, उमा, माया एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## डीजे पर नाचते-गाते समय हादसे में युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** एक परिवार में होली की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब डीजे पर नाचते-गाते समय हादसे में युवक की मौत हो गई। पढुआ थाना क्षेत्र के चहलुवा निवासी पटवारी 30 वर्ष पुत्र अवध राम चौहान बुधवार सुबह होली खेलने के लिए लबेदपुर गए थे वहां पिकअप वाहन पर डीजे बांधकर युवक होली का जश्न मना रहे थे। बताया जाता है कि पटवारी पिकअप के पीछे बैठे हुए थे। इसी दौरान वाहन चालक ने गाड़ी बैक की, जिससे वह नीचे गिर पड़े और पिकअप का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद चालक वाहन लेकर भाग गया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और घायल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रमिया बेहड़ ले गई, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी। उधर, त्योहार पर अचानक हुई युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## डीजल पेट्रोल खत्म होने की आशंका से लोगों में अफरा-तफरी

लखीमपुर-खीरी। ईरान इजरायल युद्ध की खबरों के बीच डीजल पेट्रोल खत्म होने की आशंका से लोगों में अफरा-तफरी, निघासन ढकेरवा रोड स्थित गुरुद्वारे के पास दीक्षित पेट्रोल पंप पर डीजल पेट्रोल लेने के लिए वाहनों की लंबी कतार, सड़क पर लगा भीषण जाम।

# लॉर्ड कृष्णा स्कूल में होली सेलिब्रेट की गई

*अवधनामा संवाददाता*

**पीलीभीत।** शहर की बल्लभ नगर कॉलोनी में स्थित लॉर्ड कृष्णा स्कूल में होली सेलिब्रेट की गई जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों तथा छात्रों ने भाग लिया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंधक श्री सनी दीक्षित जी तथा प्रधानाचार्य रोजी दीक्षित जी ने सभी छात्रों व शिक्षकों को माथे पर गुलाल का टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं दी व सभी को अच्छे से होली मनाने की प्रेरणा दी। साथ ही यह भी समझाया की होली के दिवस पर अधिक से अधिक पानी से खेलने से बचे तथा हर्बल रंगों का इस्तेमाल करें जिससे कि किसी भी प्रकार की त्वचा से संबंधित परेशानियां न हो और अपनी सेहत का भी ध्यान रखें। सभी छात्रों ने जमकर होली खेली। सभी छात्र रंगों के रंग में इस प्रकार रंग गए की देखते ही बना। सभी छात्रों ने दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी व सभी शिक्षक गणों को भी रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। सभी छात्र अत्यंत प्रसन्नचित हर्षोल्लाह से परिपूर्ण दिखे।

# भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव में वन्यजीवन पुस्तक सफ़रनामा का विमोचन

## जिलाधिकारी ने पीलीभीत के वन्यजीवन पर आधारित हिंदी पुस्तक सफ़रनामा का किया विमोचन



*अवधनामा संवाददाता*

**पीलीभीत।** भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का समापन कार्यक्रम गांधी प्रेक्षा गृह में सम्पन्न हुआ इस मौके पर जिलाधिकारी पीलीभीत श्री ज्ञानेंद्र सिंह जी ने वन्यजीवन पर आधारित हिंदी पुस्तक सफ़रनामा का विमोचन किया।

वर्षो से वन्यजीवन के लिए नि स्वार्थ कार्य सेवा कर रहे वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर बिलाल मियां खान ने वन्यजीवन की अपनी इस पुस्तक सफ़रनामा के द्वारा पीलीभीत सहित उत्तर प्रदेश का नाम देश-विदेश में भी रोशन किया है ज्ञात रहे की बिलाल खान द्वारा लिखी गई प्रथम पुस्तक पीलीभीत टाइगर रिजर्व पर आधारित, द्वितीय पुस्तक तराई आर्क लैंडस्केप पर आधारित एवं तृतीय पुस्तक भारत के संपूर्ण टाइगर रिजर्व पर आधारित रही है।

28 फरवरी को गांधी प्रेक्षा गृह में आयोजित भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव के मध्य पीलीभीत जनपद में फल फूल रहे वन्यजीवन एवं पर्यटन स्थल पर आधारित सफ़रनामा का विमोचन किया गया इस पुस्तक में विशेष वर्ष 2003 से पीलीभीत माला रेंज में गोली से मारी गई बाघिन, पीलीभीत से फैजाबाद पहुंचे बाघ को गोली द्वारा मारा गया एवं वर्ष 2003 में चूका पिकनिक स्पॉट का प्रथम उद्घाटन व वर्ष 2012 से वर्ष 2026 तक मानव वनजीवन संघर्ष के दौरान मनुष्य एवं जीव जंतुओं की विस्तार पूर्वक घटनाएं और जंगल एवं उसके आसपास के पर्यटन स्थल तथा सौंदर्यकरण को दर्शाया गया है। साथ ही इस पुस्तक को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सांसद और पर्यटन,वन,गन्ना मंत्री, एनटीसीए, जिलाधिकारी पीलीभीत सहित कई आईएएस, आईएफएस जनों द्वारा शुभकामनाएं प्राप्त हुई है। हिंदी में प्रकाशित वन्यजीवन का यह सफ़रनामा पीलीभीत के पर्यावरण संरक्षण व पर्यटन क्षेत्र के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा। पुस्तक सफरनामा अनावरण में जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह सहित मुख्य विकास अधिकारी, राजेन्द्र कुमार श्रीवास, सिटी मजिस्ट्रेट श्री विजयवर्धन तोमर, महोत्सव के नोडल अधिकारी अतुल द्विवेदी, मेले के सहयोगी मोहित शुक्ला, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर एवं लेखक बिलाल मियां खान, मोहम्मद हिलाल, दानिश खान मौजूद रहे।

### वनजीवन पुस्तक सफरनामा का विमोचन

प्रथम हिंदी पुस्तक सफरनामा (परिचय) पीलीभीत टाइगर रिजर्व का विमोचन वनजीव सप्ताह समापन पर 12 अक्टूबर 2020 में तत्कालीन राज्य के (कैबिनेट) वन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ श्री दारा सिंह चौहान जी के द्वारा उनके शासकीय आवास पर किया गया था। भारत से उत्तराखंड , उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य की सीमा नेपाल राष्ट्र के तराई आर्कलैण्ड स्केप पर आधारित हिंदी पुस्तक सफरनामा भाग दो का विमोचन 29 अप्रैल वर्ष 2022 मे तत्कालीन जिलाधिकारी श्री पुलकित खरे जी द्वारा किया गया भारत के समस्त टाइगर रिजर्व पर आधारित हिंदी वन्यजीव पुस्तक सफ़रनामा भाग तीन का विमोचन 9 जून वर्ष 2023 को आई0ए0एस अपर मुख्य सचिव वन उत्तर प्रदेश शासन श्री मनोज सिंह द्वारा पीलीभीत टाइगर रिजर्व की दसवीं वर्ष गांठ के स्थापना दिवस के अवसर पर किया गया।

# डी.एल.एड. बैच का परीक्षा परिणाम घोषित

*अवधनामा संवाददाता*

**पीलीभीत।** परीक्षा नियामक प्राधिकारी, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश द्वारा डी0एल0एड0 बैच 2024 प्रथम् सेमेस्टर तथा डी.एल.एड. बैच 2023 तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया जिसमें स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़, पीलीभीत का परीक्षा परिणाम गत वर्षों की भाँति इस बार भी शत-प्रतिशत रहा तथा सभी प्रशिक्षु ए ग्रेड में उत्तीर्ण हुए।

डी.एल.एड. चैच 2024 प्रथम सेमेस्टर में प्रशिक्षु आकांक्षा वर्मा ने 90.63% अंक प्राप्त करके कक्षा में प्रथम, प्रशिक्षु अंशिका क्षत्री ने 89.50% अंक प्राप्त करके द्वितीय, प्रशिक्षु रसिका भारती ने 89.00% अंक प्राप्त करके तृतीय, प्रशिक्षु हीराकली ने 88.75% अंक प्राप्त करके चतुर्थ तथा प्रशिक्षु रूबी सागर ने 85.13त्न अंक प्राप्त करके पंचम स्थान प्राप्त किया।

डी0एल0एड0 बैच 2023 तृतीय सेमेस्टर की प्रशिक्षु दिव्यांशी मित्तल ने 88.50% अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम, प्रशिक्षु कृतिका मिश्रा ने 88.38% अंक प्राप्त कर द्वितीय, प्रशिक्षु निहारिका सक्सेना तथा प्रशिक्षु हर्षित गंगवार ने संयुक्त रूप से 88.25% अंक प्राप्त कर तृतीय, प्रशिक्षु अंजली ने 87.88% अंक प्राप्त करके चतुर्थ तथा प्रशिक्षु नैन्सी ने 87.63% अंक प्राप्त करके पंचम स्थान प्राप्त किया।

प्रशिक्षुओं ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों, माता-पिता एवं कॉलेज प्रशासन को दिया। इस अवसर पर संस्था के कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता ने सभी प्रशिक्षुओं को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि अपनी इस कामयाबी को अपने व्यावहारिक जीवन में लाने का प्रयास करें तभी सही अर्थ में कामयाबी प्राप्त हो पाएगी और आपने जो ए ग्रेड में परीक्षा उत्तीर्ण की है आप अपने व्यावहारिक जीवन में राष्ट्र एव समाज के लिए भी इसी प्रकार अग्रणी बनकर अपनी सेवाएं देना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अध्यापक शिक्षण एवं प्रशिक्षण विभाग के सभी प्राध्यापकों ने उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को अपनी शुभकामनाएं एवं भविष्य में उन्नति प्राप्त करने का आर्शीवाद दिया। इस अवसर पर प्रवक्ता वर्ग में डॉ. इलयास अहमद, डॉ0 अतुल कुमार, श्री शिवशंकर, डॉ. कृष्णा शर्मा, श्री शाहिद खान, श्रीमती संगीता गंगवार, सुश्री अंग्रेज कौर सहित समस्त प्राध्यापक एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन में आयोजित किया गया होली मिलन समारोह



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** पुलिस लाइन में बृहस्पतिवार को होली मिलन समारोह आयोजन का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया।इस दौरान जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सभी के द्वारा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दी गई। समारोह में आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रंग लगाकर गले लगाया गया और होली की शुभकामनाएं दी गई। समारोह हर्षोल्लास एवं पारस्परिक सद्भाव के वातावरण में सपन्न हुआ। इस दौरान एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी, एसपी आरए डॉ ह्रदेश कठेरिया,सभी सर्कल के सीओ सहित थानाध्यक्षों एवं अन्य न पुलिसकर्मियों की मौजूदगी रही।

# छात्रा का शव मिलने के मामले में हुआ सनसनीखेज खुलासा

## पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में छात्रा की गला दबाकर हत्या किए जाने की हुई पुष्टि

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** सदर कोतवाली क्षेत्र में छात्रा का शव मिलने के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में छात्रा की गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। साथ ही उसके साथ दुष्कर्म किए जाने की बात भी सामने आई है। तीन डॉक्टरों के पैनल ने उसके शव का पोस्टमॉर्टम किया है। परिजनों ने बृहस्पतिवार को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रदर्शन किया सदर कोतवाली क्षेत्र से जुड़े एक गांव में 16 साल की किशोरी का शव तीन मार्च को संदिग्ध परिस्थिति में गन्ने के खेत में मिला था। किशोरी 25 फरवरी से लापता थी। वह सीतापुर के लहरपुर क्षेत्र की निवासी थी। वह कक्षा 11 की छात्रा थी, जो शहर के एक मोहल्ले में किराये के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी। बुधवार को तीन डॉक्टरों के पैनल से छात्रा के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया, जिसमें उसकी गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है छात्रा से दुष्कर्म किए जाने की बात भी सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक किशोरी की हत्या करीब छह से सात दिन पहले हुई थी। घटना से आक्रोशित परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव ले जाने से इन्कार कर दिया।

## गैंडा पुनर्वास केंद्र में बाघ के हमले से एक मादा गैंडा की मौत

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** दुधवा टाइगर रिजर्व की दक्षिण सोनारीपुर रेंज में स्थापित प्रथम गैंडा पुनर्वास केंद्र में बाघ के हमले से एक मादा गैंडा की मौत हो गई गैंडा मानीटरिंग टीम हाथियों पर सवार होकर गश्त कर रही थी। तभी प्रथम गैंडा पुनर्वास केंद्र के अमहा ताल में एक बाघ पानी में लगभग आधे डुबे हुए गैंडा के ऊपर दिखाई दिया टीम ने उसका फोटो खींचा और बाघ को वहां से भगाया। इसके बाद टीम ने पूरी सावधानी पूर्वक उसका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गैंडा, बाघ द्वारा घायल किए जाने की पुष्टि हुई। बारीकी से निरीक्षण करने पर यह पाया गया कि बाघ के हमले से गैंडा की मौत हो चुकी थी।


# कार्यालय ग्राम विलन्दपुर अशोक विकास खण्ड पूरनपुर, पीलीभीत।

पत्रांक : /ग्रा0पं0 विलन्दपुर अशोक/पं0उ0भ0नि0/निविदा आमंत्रण सूचना/2025-26 दिनांक :

## निविदा आमंत्रण सूचना

एतद्द्वारा समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत विलन्दपुर अशोक को पंचायत उत्सव भवन निर्माण हेतु प्राप्त होने वाली धनराशि से कार्य कराया जाना है, जिसके लिए निविदा प्रणाली के अन्तर्गत दिनांकः26.02.2026 से दिनांकः 07.03.2026 तक निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। आमंत्रित निविदा दिनांकः 09.03.2026 को निविदा समिति/अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र नगद मूल्य देकर ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कराये जाने वाले कार्य का नाम | कार्य की स्वीकृत धनराशि | 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रा0 पं0 विलन्दपुर अशोक में पंचायत उत्सव भवन का निर्माण कार्य | 14100000.00 | 1410000.00 | 14100.00 | 90 दिन |

**आवश्यक/महत्वपूर्ण शर्तेः-**

1- सभी निविदादाता दिनांकः 08.03.2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी, पीलीभीत के कार्यालय में रखी निविदापेटी में अपनी निविदा डाल सकते हैं।

2- निविदादाता को स्वीकृत धनराशि की 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि निविदा के साथ ई-पेमेन्ट/एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में सचिव, ग्राम पंचायत विलन्दपुर अशोक विकास खण्ड पूरनपुर जनपद पीलीभीत के पदनाम से बंधक कराकर मूलरूप में निविदा के साथ कार्यालय में जमा करनी अनिवार्य होगी।

3- समस्त वांछित दस्ताव`जों की सत्यता सम्बंधी नोटरी शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

4- न्यूनतम निविदादाता को निविदा स्वीकृति के उपरान्त रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर फोटोयुक्त नोटरी शपथ-पत्र देना अनिवार्य होगा कि यदि मा0 उच्च न्यायालय में लम्बित वाद में स्टाम्प शुल्क के सम्बंध में जो भी निर्णय होगा उसी के अनुसार वह भी मा0 उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित स्टाम्प शुल्क जमा करने को बाध्य होगा। यदि न्यूनतम निविदादाता निर्धारित स्टाम्प शुल्क देने में असमर्थ रहता है तो उस स्टाम्प शुल्क की धनराशि उसकी चल-अचल सम्पत्ति से भू-राजस्व बकाया की भांति सम्बंधित विभाग द्वारा वसूल कर ली जाये।

5- कार्यादेश निर्गत किये जाने के पश्चात कार्य के त्रिस्तरीय फोटोग्राफ जो एक ही स्थान एवं एक ही कोण से लिए गए हो को संलग्न करना अनिवार्य होगा।

6- निविदादाता फर्म के पास सिविल इंजीनियर एवं आर्किटेक्ट का होना अनिवार्य है, जिसका विवरण निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

7- निर्माण कार्य हेतु श्रम विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

8- निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात सम्पूर्ण निर्माण कार्य के अनुरक्षण/रख-रखाव की जिम्मेदारी TAC मानको के अनुसार संबंधित ठेकेदार/फर्म की होगी। इस हेतु धरोहर धनराशि परफॉरमेंस गारंटी के रूप में जमा रहेगी, जो दो वर्ष के पश्चात निर्माण के समुचित संतोषजनक रख-रखाव होने की दशा में संबंधित कन्सल्टिंग इंजीनियर/अवर अभियंता की आख्या के आधार पर ही वापस की जायेगी।

9- निविदादाताओं द्वारा प्रस्तुत एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 फर्जी व छायाप्रति पाये जाने पर संबंधित फर्म कोडिवार कर दिया जायेगा।

10- निविदादाता को अपनी निविदा की दर ओवर ऑल प्रतिशतमें देना होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

11- कार्यों की गुणवत्ता बनाये रखने के दृष्टिगत निविदा की दरें आगणन के सापेक्ष 15 प्रतिशत निम्न से अधिक स्वीकार नही होंगी, अन्यथा निविदा स्वयं निरस्त समझी जायेगी।

12- निविदादाता को निविदा के साथ वैध पैन कार्ड, आधार कार्ड, जी0एस0टी0 प्रमाण-पत्र, हैसियत प्रमाण-पत्रतथा चरित्र प्रमाण-पत्र, सिचांई विभाग या लोक निर्माण विभाग या R.E.D में "B"- class & above भवन श्रेणी का पंजीकरण संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

13- निविदाता फर्म को उक्त कार्य हेतु 80 प्रतिशत का एक 60 प्रतिशत के 02 और 40 प्रतिशत के 03 कार्य विगत पाँच वर्षो में भवन कार्य के अनुभव प्रमाण पत्र लगाना आवश्यक है।

14- निविदादाता की फर्म को जी0एस0टी0एन0 एवं आयकर विभाग से पंजीकृत होना अनिवार्य है, जिसकी स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदादाता द्वारा विगत 03 वित्तीय वर्षो (2022-23, 2023-24, 2024-25) का जी एस टी रिटर्न निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

15- निविदादाता द्वारा विगत 03 वित्तीय वर्षो (2022-23, 2023-24, 2024-25) का आयकर विवरणी हो, संलग्न करना अनिवार्य है।

16- फर्म का टर्न ओवर विगत 03 वित्तीय वर्षो (2022-23, 2023-24, 2024-25) न्यूनतम औसतन धनराशि 50 प्रतिशत होना अनिवार्य है, जिसके प्रमाण के लिए बैलेन्स शीट लाभ-हानि खाता तथा सी0ए0 द्वारा प्रमाणित टर्नओवर प्रमाण पत्र Unique Document Identification Number नम्बर के साथ स्वप्रमाणित छायप्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

17- कार्य पूर्ण करने का बार चार्ट लगाना आवश्यक है एवं C.A द्वारा प्रमाणित Bid Capacity लगाना अनिवार्य है।

18- निविदादाता द्वारा संलग्न किये जाने वाले समस्त अभिलेख/प्रमाणपत्र तकनीकी निविदा खुलने की तिथि के पूर्व का होना चाहिए।

19- सशर्त एवं ब्लैकलिस्टिड निविदादाताओं की निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

20- कार्य के भुगतान के समय नियमानुसार आयकर, जी0एस0टी0, रॉयल्टी, सेस व अन्य कर जो भी देय होंगे की कटौती ठेकेदार के बिल से की जायेगी।

21- निविदा स्वीकृति के उपरान्त समस्त वांछित औपचारिकतायें 07 कार्य दिवस में पूर्ण करनी अनिवार्य होगी अन्यथा निविदा अस्वीकृत/निरस्त कर दी जायेगी।

22- कार्य पूर्ण होने के उपरान्त कार्य स्थल पर कार्य संबंधी साइन बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा अन्यथा भुगतान नही किया जायेगा।

23- दो या दो से अधिक निविदाओं की दरें समान प्राप्त होने पर न्यूनतम निविदा का अंतिम निर्णय लॉटरी पद्धति से होगा।

24- निविदा की दरें आगणन के सापेक्ष न्यून प्राप्त होने पर नियमानुसार अतिरिक्त जमानत धनराशि अनुबंध के समय जमा करनी होगी।

A: निविदा की दरें आगणन से 10 प्रतिशत कम होने तक 0.50 प्रतिशत प्रति प्रतिशत (आगणन धनराशि का)

B: निविदा की दरें आगणन से 10 प्रतिशत अधिक एवं 15 प्रतिशत तक कम होने पर 01 प्रतिशत प्रति प्रतिशत (आगणन धनराशि का)

25- प्राप्त निविदाओं एवं निविदा प्रक्रिया को स्वीकृत/अस्वीकृत तथा निरस्त/स्थगित करने एवं नियम व शर्तो/प्रतिबंधों को शिथिल करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा जिसका उल्लेख पत्रावली में किया जायेगा।

26- सर्वाधिकार ग्राम पंचायत विलन्दपुर अशोक विकास खण्ड पूरनपुर जनपद पीलीभीत में सुरक्षित रहेगा तथा किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र पीलीभीत न्यायालय होगा।

27- निविदा खोलने की दिनांक को किसी कारणवश अवकाश होने पर निविदा अगले दिन खोली जायेगी।

28- निविदादाता का किसी भी सरकारी विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य होगा, जिसका विवरण निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

29- कोई भी अधिवक्ता तथा अपराधिक रिकॉर्ड वाले निविदादाता निविदा में भाग नही ले सकते हैं अन्यथा निविदा अस्वीकृत/निरस्त कर दी जायेगी।

30- ग्राम पंचायत विलन्दपुर अशोक का निर्वाचित प्रधान/सदस्य/विभागीय कार्मिकों या उसके परिवार का कोई भी सदस्य निविदा में भाग नही ले सकता है अन्यथा निविदा अस्वीकृत/निरस्त कर दी जायेगी।

31- किसी भी कार्य का भुगतान आगणन धनराशि से अधिक किसी भी दशा में नही किया जायेगा। समस्त ठेकेदार निविदा डालने से पूर्व आगणन एवं कार्य स्थल को देख लें तथा परिस्थितियां समझ लें अंत में इस संबंध में कोई भी प्रतिवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।

32- उक्त कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने होंगे अन्यथा आर्थिक दण्ड लगाया जायेगा जिसका निर्धारण तत्समय अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया जायेगा।

33- उक्त कार्य को ठेकेदारों/फर्मो से निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप तथा आगणन धनराशि के सापेक्ष कराने की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित तकनीकी पर्यवेक्षण एवं मनिटरिंग समिति की होगी। अभियन्ता जिला पंचायत एवं कन्सल्टिंग इंजीनियर/आर्किटेक्ट द्वारा बिल बनाते समय कार्यस्थल का स्वयं निरीक्षण किया जायेगा एवं उस समय के जियोटैग फोटोग्राफ बिल के साथ संलग्न किये जायेंगे तथा प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित करेंगे कि बिल एवं एम0बी0 आगणन धनराशि से अधिक न होने पाये अन्यथा भुगतान किया जाना सम्भव नही होगा।

34- कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व का फोटो, मध्य भुगतान के समय का फोटो तथा कार्य पूर्ण होने के पश्चात का फोटो प्रत्येक दशा में कार्यालय को उपलब्ध कराने की जिम्मेदार संबंधित ठेकेदार की होगी अन्यथा भुगतान किया जाना सम्भव नही होगा।

35- केवल ग्राम पंचायत कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी, पीलीभीत के कार्यालय में रखी निविदा पेटी में डाली गयी निविदा पर विचार किया जायेगा तथा डाक द्वारा/अन्य किसी माध्यम से प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।

36- उक्त निविदा जिला पंचायत राज अधिकारी महोदय के पत्रांक 8876 दिनांक 28.02.2026 के क्रम में प्रकाशित करायी जा रही है।

**सचिव**
**ग्राम पंचायत विलन्दपुर अशोक,**
**विकास खण्ड-पूरनपुर, पीलीभीत।**

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत विलन्दपुर अशोक,**
**विकास खण्ड-पूरनपुर, पीलीभीत।**

# होलिका भस्म की पूजा कर सीएम ने मनाई होली

- गोरक्षपीठाधीश्वर-संतों ने एक दूसरे को लगाया भस्म का तिलक
- गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री ने लिया फाग का आनंद, सीएम संग खेली गई रंगों व फूलों की होली



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर ।** होली के पावन महापर्व पर बुधवार सुबह गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में होलिका भस्म की पूजा कर होली मनाने का शुभारंभ किया। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में फाग गीतों का आनंद लिया और गोवंश को भस्म, गुलाल लगाकर, गुड़ खिलाकर गोसेवा की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गोरक्षपीठाधीश्वर के संग जमकर रंगों और फूलों की होली खेली।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के होलिकोत्सव की शुरुआत बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर होलिका भस्म की पूजा से हुई। मंदिर परिसर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास जाकर योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका भस्म (सम्मत की राख) की पूजा की और आरती उतारी, भस्म का तिलक लगाया। इस अनुष्ठान के बाद मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ समेत अन्य साधु संतों व श्रद्धालुओं ने इसी भस्म से गोरक्षपीठाधीश्वर का तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने भी उन्हें तिलक लगाकर होली की मंगलकामना की। होलिकादहन स्थल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गुरु गोरखनाथ जी के मंदिर पहुंचे और श्रीनाथ जी को होलिका भस्म अर्पित किया। इसके बाद मंदिर के द्वार पर फाग गीतों का आयोजन हुआ। सीएम योगी ने भी कुछ देर वहां रुककर फाग का आनंद उठाया और सबको होली की बधाई व शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री जब फाग का आनंद ले रहे थे तब वहां मौजूद श्रद्धालुओं ने उनके ऊपर रंग, अबीर, गुलाल और फूलों की वर्षा कर होली खेली।

**गोवंश को लगाया तिलक, गुड़ खिलाकर की गोसेवा :** होली के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला पहुंचे और गोवंश को भस्म व गुलाल लगाकर उनके लिए भी मंगलकामना की। उन्होंने गोवंश को गुड़ खिलाकर उनकी सेवा की। गोशाला में मुख्यमंत्री योगी की आवाज सुनकर गोवंश उनके पास दौड़ते हुए चले आए। मुख्यमंत्री योगी ने माथा व गर्दन सहलाकर सभी गोवंश को खूब दुलार भी किया।

## ब्रेनसीड इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण के सुपर हीरो धरती को चुराकर बचाने का ऐलान

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** ब्रेनसीड इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक उत्सव इस बार सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जोशीला 'मिशन' बन गया! थीम ÒEarth Heist - Steal Back Our PlanetÓ के तहत छात्रों ने पर्यावरण को 'लूटने' (यानी बचाने) का ऐसा प्लान बनाया कि पूरा मैदान तालियों, नारों और ग्रीन एनर्जी से गूंज उठा!??स्कूल ग्राउंड को हरे-भरे सजावट, रिसाइकिल्ड मटेरियल से बने प्रॉप्स और बड़े-बड़े ÒSAVE EARTHÓ बैनरों ने स्टेडियम जैसा लुक दे दिया था।

1000+ अभिभावक, स्थानीय गणमान्य लोग और खास मेहमानों की मौजूदगी में बच्चे स्टेज पर उतरे जैसे कोई बॉलीवुड एक्शन फिल्म का क्लाइमेक्स हो !मुख्य अतिथि शहर के पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने बच्चों की प्रस्तुतियों को देखकर कहा, 'ये बच्चे नहीं, आने वाले कल के पर्यावरण योद्धा हैं!' उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि छोटे-छोटे कदम से धरती को कैसे 'चुरा'कर (बचा) सकते हैं।

# श्री विद्यामठ होली मिलने पहुंचे अजय राय, गौ हत्या को बंद करने के लिए अपना समर्थन दिया

- गोप्रतिष्ठा धर्मयुद्ध शंखनाद के उपलक्ष्य में मनाई जाएगी शिवाजी की जयंती



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** गौमाता को राज्यमाता घोषित कर उत्तरप्रदेश में पूर्णतया गोकशी बंद कराने हेतु दिए गए 40 दिन के समयावधि के पूर्ण होने पर गौमाता की प्रतिष्ठा हेतु 11 मार्च को लखनऊ में होने वाले धर्मयुद्ध शंखनाद हेतु यात्रा की पूर्व संध्या पर कल 6 मार्च शुक्रवार को सायंकाल 5 बजे शंकराचार्य घाट पर शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी महाराज के पावन सान्निध्य में हिंदू तिथि के अनुसार गौ ब्राह्मण प्रतिपालक छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्म जयंती मनाई जाएगी। यह बातें शंकराचार्य की मीडिया प्रभारी संजय पांडे ने दी। वहीं गुरुवार को सुबह लगभग 12:00 बजे उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय विद्या मठ पहुंचकर शंकराचार्य महाराज जी का विधि-विधान से पूजा-पाठ कर आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उनके साथ भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

श्री राय ने कहा कि,गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करने एवं गौ हत्या बंद करने के लिए स्वामी जी के द्वारा चले गए अभियान का पूरे कांग्रेस जन्म समर्थन करते हैं। उन्होंने भाजपा को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि,सोचने वाली सरकार बात यह है कि सरकार अपने आप को हिंदू के हितकारी बताते हैं और गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करने पर परहेज करते हैं। श्री राय ने कहा कि वास्तविक में देखा जाए तो शंकराचार्य जी को चाहिए क्या बस इतना ही की भारत माता को राष्ट्रीय माता घोषित किया जाए और वह होता बंद कर दिया जाए सरकार उनकी बातों को क्यों नहीं मानता यह अभी तक समझ में नहीं आता। और यह महाराज जी का ही कहना नहीं है पूरे भारत के हिंदुओं का कहना है। उन्होंने पूरे कांग्रेस पार्टी का सहयोग शंकराचार्य जी के रहने की बात कही।

## अब वाराणसी-लखनऊ वरुणा एक्सप्रेस का ठहराव शिवपुर रेलवे स्टेशन पर होगा

अवधनामा संवाददाता, **वाराणसी।** वरुणा पार क्षेत्र के लोंगो की लगातार मांग के दृष्टिगत प्रदेश सरकार के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल के सफल प्रयास से एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशा-निर्देश एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की सहमति से ट्रेन संख्या 20401 वाराणसी-लखनऊ वरुणा एक्सप्रेस का ठहराव 6 फरवरी दिन-शुक्रवार से शिवपुर रेलवे स्टेशन पर होगा। जिसका स्टाम्प मंत्री रविन्द्र जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में 6 फरवरी दिन-शुक्रवार को शिवपुर रेलवे स्टेशन पर प्रातः 5.45 बजे ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर गन्तव्य के लिए रवाना करेंगे। यही ट्रेन 20402 लखनऊ से वाराणसी आने के दौरान शिवपुर स्टेशन पर भी रुकेगी।

## काशी में धूमधाम के साथ मनाया गया होली का पर्व, कपड़ा का होली का दिखा नजारा



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** बाबा भोले की नगरी काशी में रंगों का त्योहार होली धूमधाम एवं हर्ष उल्लास के साथ बनाया गया। काशी में रंगभरी एकादशी के दिन सेही होली प्रारंभ हो जाता है। इस दिन काशी बाबा विश्वनाथ के साथ होली खेलने के लिए लाखों श्रद्धालु देश के अलग-अलग कोनों से शामिल होने के लिए यहां आते हैं। काशी में कपड़ा फाड़ होली भी होती है। इसका मुख्य आयोजन शहर के हृदय स्थल गोदौलिया चौराहे पर आयोजित होता है। होली के इस अनोखें रंग में काशी वासी पूरी तरह रम जातें है। इसमें शामिल होने वालों को पहले रंग लगाया जाता है फिर उसका कपड़ा फाड़ा जाता है। वही गंगा घाट से लेकर सड़कों तक होली के रंग पर काशी के लोग झूलते नजर आए। होली के दिन श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ का दर्शन किया। एक दूसरे को गुलाल लगाए एवं मिष्ठान में खिलाए।वही वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस की भी छपे छपे पर नज़र रही, कहीं भी कोई अप्रिय घटना ना घाटीत हो इसके लिए पुलिस लगातार गस् करते हुए नज़र आए।

# सकारात्मक सोच वाली ताकतों की होती है सदैव विजय : सीएम योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, सनातन पर प्रश्न उठाने वालों को होली जैसे पर्व का अहसास नहीं



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर ।** रंगोत्सव के पावन अवसर पर बुधवार दोपहर बाद गोरखनाथ मंदिर में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएम योगी ने होली मिलन कार्यक्रम में उमड़े लोगों पर फूलों की वर्षा की और सभी को होली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने वाली ताकतें ही सदैव विजयी होती हैं।

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित होली मिलन समारोह में सीएम योगी ने कहा कि समाज में हमेशा दो प्रकार की ताकतें होती हैं। एक अच्छी सोच वाली ताकतें और दूसरी नकारात्मक सोच वाली ताकतें। नकारात्मक सोच वाली ताकतें हमेशा विध्वंसात्मक गतिविधियों को प्रश्रय देती हैं, जबकि सकारात्मक सोच वाली ताकतें अच्छी कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ती हैं और उनका परिणाम हमेशा सुखद होता है। शांति, आनंद, उल्लास और उमंग के साथ होलिकोत्सव का आयोजन भी सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का सुफल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और दुनिया में रहने वाले सनातन धर्मावलंबियों ने उमंग और उत्साह के साथ समरसता के महापर्व होली का आयोजन कर अपनी विरासत पर गर्व की अनुभूति की। सनातन धर्म की श्रेष्ठता पर वही लोग प्रश्न करते हैं, जिन्हें होली जैसे पर्व का अहसास नहीं होता है। होली जैसे पर्व में न भेदभाव होता है और न ही छुआछूत होती है। सनातन धर्म के पर्व व त्योहार किसी न किसी महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी घटना से जुड़े हैं। इनके माध्यम से हमारी ऋषि परंपरा ने समाज को नई दिशा, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। सनातन धर्म के पर्व व त्योहार एकांकी नहीं होते बल्कि उनमें सामूहिकता का भाव होता है। समाज का हर तबका इसमें सहभागी बनता है।

**सही दिशा में सोचता है भारत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दौर में दुनिया में अव्यवस्था है, पर भारत में शांति और उल्लास के साथ पर्व मनाए जा रहे हैं। इसका कारण यह है कि भारत की सोच सकारात्मक रही है। भारत सही दिशा में सोचता है। भारत ने कभी किसी को बुरा नहीं कहा, बुरा नहीं किया। और, जब बुरा किया नहीं, कहा नहीं तो बुरा सहा भी नहीं है।

**राष्ट्र प्रथम की भावना से हो नागरिक दायित्वों का निर्वहन :** सीएम योगी ने कहा देश की प्रगति के लिए हम सभी को अपने अपने क्षेत्र में राष्ट्र प्रथम की भावना से नागरिक दायित्वों का निर्वहन करना होगा। भक्ति को राष्ट्रभक्ति से जोड़ना होगा। भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण और नृसिंह हर कालखंड में होंगे, जरूरत हनुमान, अर्जुन और प्रह्लाद जैसी भक्ति भावना जगाने की है।

**सीएम योगी ने उठाया होली गीतों का आनंद, खेली फूलों की होली :** होली मिलन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने सुपरिचित लोकगायक राकेश श्रीवास्तव व उनकी टीम की तरफ से प्रस्तुत होली गीतों का आनंद उठाया। सांसद रविकिशन ने भी होली गीत सुनाया। होली गीत सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों पर पुष्पवर्षा कर फूलों की होली खेली। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, साधु-संत और बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता रही।

## होली पर भाजपा नेता विकास राजपूत का संदेश- प्रेम, सौहार्द और एकता ही हमारी ताकत



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** होली के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता विकास राजपूत ने अपने समर्थकों के साथ हर्षोल्लास के साथ रंगोत्सव मनाया। इस दौरान उन्होंने समस्त देशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

विकास राजपूत ने कहा कि होली का यह पावन पर्व सभी के जीवन में खुशियां लेकर आए और हर घर आनंद व खुशहाली से भर जाए। उन्होंने कहा कि यह रंगों का त्योहार केवल हिंदुओं का ही नहीं, बल्कि सभी धर्मों के लोगों को जोड़ने वाला और विविधता में एकता का प्रतीक है। होली ऐसा उत्सव है, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ मिलकर त्योहार मनाते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि समाज में फैले भेदभाव और वैमनस्य के वातावरण को दूर रखते हुए सभी को इस पर्व का स्वागत करना चाहिए, ताकि आपसी प्रेम और सौहार्द बना रहे। राजपूत ने सभी समाज के लोगों से आपसी भाईचारे को बनाए रखने और एकजुटता के साथ त्योहार मनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी

# माह-ए-रमजान : 'किताबें बुला रही हैं' नाम से लगा स्टॉल

- अंधेरे को दूर कर ज्ञान की रोशनी फैलाती हैं दीनी किताबें : मुजफ्फर हसनैन



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** इस माह-ए-रमजान अल कलम एसोसिएशन की ओर से 'किताबें बुला रही हैं' नाम से दीनी किताबों का स्टॉल लगाने की पहल की गई है। ताकि अवाम का ताल्लुक किताबों से मजबूत किया जा सके। इसी मकसद के तहत सब्जपोश हाउस मस्जिद जाफरा बाजार में दीनी किताबों का स्टॉल लगाया गया। तरावीह नमाज के दौरान बड़ी संख्या में बच्चों व बड़ों ने दीनी किताबों के प्रति जबरदस्त उत्साह दिखाया। बच्चों को अवाम के सहयोग से मुफ्त किताबें भी उपलब्ध करवाई गई।

संयोजक मुजफ्फर हसनैन रूमी ने कहा कि दीनी किताबें आध्यात्मिक ज्ञान, नैतिकता, और जीवन जीने का सही तरीका सिखाती हैं। दीनी किताबों का महत्व केवल जानकारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इंसान के नैतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक जीवन की बुनियाद है। ये किताबें जीवन जीने का सही तरीका सिखाती हैं और मनुष्य को अल्लाह व रसूल के करीब लाती हैं। दीनी किताबें मनुष्य को उसके पैदा होने का मकसद बताती हैं। ये किताबें जीवन के हर मोड़ पर सही और गलत के बीच फर्क करना सिखाती हैं। इन किताबों के अध्ययन से इंसान के भीतर ईमानदारी, धैर्य, दया और क्षमा जैसे गुण पैदा होते हैं। यह व्यक्ति को बुराइयों से दूर रहकर एक आदर्श चरित्र बनाने में मदद करती हैं। दीनी किताबों का पाठ करना मन को शांति प्रदान करता है और तनाव को कम करता है। इनके संदेश इंसान को कठिन समय में सब्र और हिम्मत देते हैं। दीनी किताबें न केवल दुनिया में रहने का तरीका बताती हैं, बल्कि मृत्यु के बाद के जीवन (आखिरत) की तैयारी के लिए भी प्रेरित करती हैं। ये किताबें इतिहास, पूर्वजों के अनुभवों और महान महापुरुषों के जीवन से रूबरू कराती हैं, जिससे आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा मिलती है। जिस तरह शरीर के लिए भोजन जरूरी है, उसी तरह आत्मा की खुराक के लिए दीनी किताबों का अध्ययन अनिवार्य है। यह अज्ञानता के अंधेरे को दूर कर ज्ञान की रोशनी फैलाती हैं। किताबों का स्टॉल सजाने में कारी मुहम्मद अनस नक्शबंदी, हाफिज रहमत अली निजामी, आसिफ महमूद, हस्सान, शाबान, अब्दुस्समद, सफियान, जीशान, जावेद, रूशान, शहनवाज आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रोजा रखने से गुनाह माफ होते हैं : कारी मुहम्मद अनस

मगफिरत यानी गुनाहों से माफी का अशरा चल रहा है। अल्लाह के बंदे इबादत कर रो-रो कर अपने गुनाहों की माफी मांग रहे हैं। अल्लाह के फज्ल व करम से 15वां रोजा खैर के साथ गुजर गया। अल्लाह के बंदे सदका, जकात व खैरात जरुरतमंदों तक पहुंचा रहे हैं। मस्जिदों में नमाजियों की कतारें नजर आ रही हैं। सब्जपोश हाउस मस्जिद जाफरा बाजार में तरावीह नमाज के दौरान एक कुरआन-ए-पाक हाफिज रहमत अली निजामी ने मुकम्मल कर लिया। उन्हें तोहफों से नवाजा गया। नमाजियों का स्वागत फूलों से किया गया। वहीं हुसैनी जामा मस्जिद बड़गो में हाफिज आरिफ रजा व नूरी मस्जिद तुर्कमानपुर में कारी सफीउल्लाह ने तरावीह नमाज में एक कुरआन-ए-पाक मुकम्मल किया। कारी अनस नक्शबंदी ने कहा कि रमजान की फजीलतों की फेहरिस्त लम्बी है, मगर उसका बुनियादी सबक यह है कि हम सभी उस दर्द को समझें जिससे दुनिया की आबादी का एक बड़ा हिस्सा रोजाना दो-चार होता है।

## टैंकर का टायर फटने से लगी भीषण आग

**गोरखपुर।** पिपराइच थाना क्षेत्र के कोनी फोरलेन तिराहे पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक चल रहे टैंकर का अचानक टायर फट गया। टायर फटने के बाद चिंगारी उठी और देखते ही देखते टैंकर की बॉडी में आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टायर फटने की आवाज काफी तेज थी, जिससे आसपास मौजूद लोग सहम गए। आग लगते ही चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को सड़क किनारे रोक दिया और सुरक्षित बाहर निकल आया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के दौरान कुछ समय के लिए फोरलेन मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने नियंत्रित कर सामान्य कराया। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और टायर फटने के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

## अली अख्तर ने रखा पहला रोजा हुआ इफ्तार का आयोजन



**गोरखपुर ।** रमजान के पाक महीने में पिपरापुर निवासी अली अख्तर,(समर)पुत्र शमशाद अंसारी ने 13 घंटे का अपना पहला रोजा रखकर मिसाल पेश की। कम उम्र में रोजा रखकर अली ने अपने परिवार और क्षेत्र के लोगों का दिल जीत लिया। बताया जा रहा है कि अली अख्तर ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ सहरी की और दिनभर रोजा रखकर अल्लाह की इबादत में समय बिताया। परिवार के लोगों ने बताया कि अली ने बिना किसी परेशानी के पूरे 13 घंटे का रोजा मुकम्मल किया। अली के पहले रोजे की खुशी में परिजनों द्वारा लक्की मैरेज हाल तिवारीपुर में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस मौके पर रिश्तेदारों, दोस्तों और मोहल्ले के लोगों को दावत-ए-इफ्तार में आमंत्रित किया गया। इफ्तार के दौरान नमाज अदा की गई और अली अख्तर की कामयाबी व सलामती के लिए दुआएं मांगी गईं। परिजनों ने बताया कि अली बचपन से ही नमाज और रोजे के प्रति जागरूक रहा है और इस साल उसने खुद रोजा रखने की इच्छा जताई थी। अली अख्तर की इस पहल से परिवार में खुशी का माहौल है और क्षेत्र के लोग भी उसकी हौसला अफजाई कर रहे हैं वही अली के नाना जमील अंसारी ने अपने नाती को ढेर सारी दुवाएं भी दी इस दौरान इरफान अंसारी इरशाद अंसारी अमीरउल्ला अंसारी सेराज अंसारी मोहम्मद नजीब आबिद उजैफा हसन जमील आदि सैकड़ों लोग रहे मौजूद।

# एक शातिर चोर धराया, सीओ ने दी जानकारी

- मुखबिर की सूचना पर जेवरात नकदी बरामद



अवधनामा संवाददाता

**इटवा सिद्धार्थनगर।** होली खेलने के बाद इटवा पुलिस ने अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसना शुरु कर दिया हैं। गुरुवार को चोरी की फिराक में घूम रहे चोर को पकड़कर साजिश को नाकाम करने के बाद पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है।

थाना इटवा पुलिस व जनपदीय एन्टी थेफ्ट की संयुक्त टीम द्वारा चोरी की 05 घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए सीओ पुलिस पवीन प्रकाश ने बताया कि अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के अनुक्रम में प्रशांत कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह इटवा व जनपदीय एन्टी थेफ्ट प्रभारी नरायण लाल श्रीवास्तव की संयुक्त टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम भुतहवा में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर सूचना की निशानदेही पर थाना क्षेत्र के बहुती-भुतहवा तिराहे से एक चोर पकड़ा गया। जहां पर चोरी की बाइक व नियमानुसार जामा तलाशी ली गयी तो एक अदद देशी तमंचा 12 बोर तथा से 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज, एक पीली रंग की पन्नी मे एक जोड़ी झाला पीली धातु, एक जोड़ी पायल, 06 जोड़ी बिछुआ सफेद धातु तथा व 12500 रुपये, एक अदद कटोरा, एक अदद गिलास फूल का, एक अदद डीवीआर, एक अदद सब्बल लोहे का, एक अदद ताला तोड़ने वाला उपकरण बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त राकेश लोध पुत्र राजदेव निवासी कठही थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर का निवासी है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना इटवा मु0अ0स0 37/2026 धारा 317(2)/318/ 319/339 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना इटवा पंजीकृत किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है ।

गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम में रविन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक इटवा, नरायणलाल श्रीवास्तव प्रभारी एन्टी थेफ्ट, नि0 अपराध संतोष कुमार त्रिपाठी, उ0नि0 रमेश कुमार, राजेन्द्र कुमार शाही, हेमराज वर्मा, मुख्य आरक्षी जनार्दन, विवेक मिश्रा थेफ्ट टीम, मुख्य आरक्षी राकेश पटेल, आरक्षी रमेश कुमार, नितिन यादव, संजीव कुमार, राकेश मौर्या, पप्पू गौड़ आदि शामिल रहे।

## डॉ. सैयद मोहम्मद नोमान तारिक एएमयू के सेंटर फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस के निदेशक नियुक्त

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जाकिर हुसैन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के आर्किटेक्चर विभाग के डॉ. सैयद मोहम्मद नोमान तारिक को सेंटर फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस का निदेशक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से दो वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक के लिए की गई है। डॉ. तारिक आर्किटेक्चर विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर हैं और उन्हें शिक्षण का 13 वर्ष से अधिक का अनुभव है। उन्होंने शैक्षणिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है तथा उनके राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जर्नलों एवं सम्मेलनों में 20 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। इसके अलावा उनके कई पुस्तक अध्याय भी प्रकाशित हुए हैं। डॉ. तारिक ने एएमयू में कई शैक्षणिक और प्रशासनिक दायित्व भी निभाए हैं। वे बी.आर्क कार्यक्रम के समन्वयक रह चुके हैं और वर्ष 2018 से 2021 तक विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद के सदस्य भी रहे हैं।

## पुलिस अधीक्षक ने पुलिस परिवार के साथ पुलिस लाइन फतेहगढ़ में खेली होली



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन फतेहगढ़ में कर्तव्य के साथ रंगों का संगम - फतेहगढ़ पुलिस परिवार में होली का उल्लास !फतेहगढ़ पुलिस लाइन में आज होली का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, फतेहगढ़ की उपस्थिति में सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दी।

**अनुराग मिश्रा एवं राजीव यादव ने खेली होली :** फर्रुखाबाद जनपद के विकासखंड नवाबगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत चन्दुइया स्थित अपने भट्टे पर जिला पंचायत सदस्य पद के वार्ड नंबर 2 से प्रत्याशी प्रमुख समाजसेवी पूर्व प्रधान राजीव यादव एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रबंधक शास्त्री इंटर कॉलेज चन्दुइया व प्रधानपति अनुराग मिश्रा ग्राम पंचायत चन्दुइया विकासखंड नवाबगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा के द्वारा अपने भट्टे पर ग्रामीणों के साथ बड़े ही हर उल्लास के साथ होली खेलकर व एक दूसरे को गले लगा कर बधाइयां दी गई इस मौके पर अनुराग मिश्रा एवं राजीव यादव के अलावा बंटू यादव अनिल यादव राहुल यादव विपिन यादव अमित यादव आशीष यादव के अलावा समर्थक मौजूद रहे।

## एसएसपी द्वारा पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ पुलिस लाइन में खेली गई होली



**अलीगढ़।** गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में होली के पावन अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों तथा छेरत पुलिस लाईन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ होली उत्सव हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे, सौहार्द तथा समर्पण की भावना के साथ अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं रिक्रूट आरक्षियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान पारंपरिक गीत-संगीत के बीच सभी ने उत्सव का आनंद लिया ।

# क्या अपने ही चक्रव्यूह में फंसे पूर्व विधायक गोरखनाथ



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास के नाम पर गरीबों को उजाड़ने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। पूरा उर्फ सुमेरपुर गांव में आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण के बहाने करीब 50 वर्षों से काबिज बस्ती पर कार्रवाई की चर्चा ने माहौल गरमा दिया है। इस विवाद के केंद्र में पूर्व भाजपा विधायक गोरखनाथ और ग्राम प्रधान आदर्श श्रीवास्तव आ गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, महिला मंजू पासी ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाते हुए चेतावनी दी है कि यदि उनके परिवार को उजाड़ा गया तो पूरा परिवार जहर खाकर जान देने को मजबूर होगा। महिला की इस चेतावनी के बाद गांव और आसपास के क्षेत्रों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि जो लोग पहले खुद सरकारी जमीनों के कथित सौदों और कब्जों को लेकर चर्चा में रहे, वही अब गरीबों की झोपड़ियों को सरकारी जमीन बताकर हटाने की बात कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि निष्पक्ष कार्रवाई होनी है तो केवल दलित बस्ती ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की ग्राम सभाओं का सर्वे कराया जाना चाहिए।

क्षेत्र में चर्चा है कि वर्ष 2017 से 2022 के बीच सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों का मामला तेजी से बढ़ा। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि पूर्व विधायक के कुछ करीबी कम समय में आर्थिक रूप से कैसे मजबूत हो गए। लोगों का कहना है कि कई ऐसे लोग हैं जो कुछ साल पहले साधारण जीवन जीते थे और अब करोड़ों की संपत्ति के मालिक बन गए हैं।

ग्रामीणों की मांग है कि यदि जांच हो तो पूर्व विधायक के कार्यकाल में हुए सरकारी जमीन के सौदों और संबंधित लोगों की संपत्तियों की भी निष्पक्ष जांच कराई जाए।

कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कृषि भूमि पर बिना स्वीकृत लेआउट के प्रॉपर्टी डीलिंग के जरिए अवैध कॉलोनियां विकसित की गईं। उनका कहना है कि कई लोगों ने सरकारी जमीनों के कथित सौदों से संपत्ति अर्जित कर लग्जरी गाड़ियां और महंगे मकान खड़े कर लिए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि सरकार 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर काम कर रही है तो तालाब, चारागाह और बंजर जमीनों पर कब्जे करने वालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

हाल ही में एसडीएम के साथ पूर्व विधायक की कथित बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें अवैध निर्माण और नई दीवार गिराने की बात कही जा रही थी। हालांकि ग्रामीणों का दावा है कि मौके पर ऐसा कोई नया निर्माण या दीवार नहीं दिखी। इसे लेकर भी कई तरह के सवाल उठ रहे हैं।

ग्राम प्रधान आदर्श श्रीवास्तव की राजनीतिक निष्ठा को लेकर भी क्षेत्र में चर्चा तेज है। सोशल मीडिया पर लोग सवाल उठा रहे हैं कि विभिन्न चुनावों के दौरान उनकी राजनीतिक सक्रियता को लेकर स्पष्ट तस्वीर सामने क्यों नहीं आई।

पूर्व विधायक ने 6 तारीख को तहसील परिसर में डेरा डालने का एलान किया है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच होती है तो वे पूरे क्षेत्र की सरकारी जमीनों और कथित अवैध कब्जों से जुड़े साक्ष्य प्रशासन के सामने रखेंगे।

अब नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है।

## डंपर व ट्रेलर से डीजल-हेडलाइट चोरी का खुलासा, तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** थाना तारुन क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े डंपर और ट्रेलर से डीजल, हेडलाइट व झालर चोरी की घटना का पुलिस ने कुछ ही घंटों में पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद किया है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर गन्ने के खेत से चोरी का माल बरामस्द किया गया। बरामद सामान में तीन हेडलाइट, तीन गजरा झालर दो प्लास्टिक के फूल, तीन पिपिया में लगभग 60 लीटर डीजल तथा एक अपाचे मोटरसाइकिल शामिल है।बताया गया कि थाना तारुन क्षेत्र में रोड के किनारे खड़े डंपर से डीजल, हेडलाइट और झालर चोरी कर ली गई थी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई और त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में घटना का खुलासा कर दिया।

# रिटायर्ड कानूनगो राधेश्याम तिवारी को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बीपत तिवारी के पौत्र और समाजसेवी घनश्याम त्रिपाठी के बड़े भाई, रिटायर्ड कानूनगो राधेश्याम तिवारी को गुरुवार को हजारों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। उनका निधन चंदन हॉस्पिटल में हुई ।उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।इस अवसर पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि राधेश्याम तिवारी का जीवन सादगी, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायक उदाहरण रहा। उन्होंने प्रशासनिक सेवा के दौरान ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य किया तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी हमेशा निर्वहन किया।वक्ताओं ने कहा कि जब उनके छोटे भाई पिछले लगभग दो वर्षों से अस्पताल में जीवन और मृत्यु से संघर्ष कर रहे हैं, तब भी



उन्होंने परिवार की सामाजिक सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अपने आचरण और कर्मों से समाज में मिसाल कायम की। श्रद्धांजलि देने वालों में सांसद अवधेश प्रसाद, विधायक चंद्रभानु पासवान पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, कमलासन पांडे, रामदास वर्मा, शिव पूजन पांडेय, देवेंद्र मणि त्रिपाठी, रामसुंदर सरोज, सूरज यादव, महेंद्र चौरसिया, अशोक तिवारी और भोला सिंह सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## शांतिपूर्ण होली के बाद पुलिसकर्मियों ने खेली रंगों की होली, पुलिस लाइन में दिखा उत्साह



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में होली का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के बाद गुरुवार को पुलिसकर्मियों ने भी पूरे उत्साह के साथ रंगों का त्योहार मनाया। पुलिस लाइन मैदान में अधिकारियों और जवानों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।इस दौरान अधिकारी और जवानों के बीच किसी प्रकार का भेदभाव नजर नहीं आया। सभी ने एक-दूसरे पर रंग डालते हुए फगुआ और होली गीतों की धुन पर जमकर ठुमके लगाए और खुशियां साझा कीं।कार्यक्रम में डीआईजी सोमेन वर्मा,एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर, एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसपी सुरक्षा सहित ,सीओ सिटी श्रेयस त्रिपाठी ,सीओ अयोध्या, सीओ सदर, सीओ लाइन, प्रतिसार निरीक्षक और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। वहीं महिला थाना परिसर में भी महिला पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक होली मनाई। महिला थानाध्यक्ष आशा शुक्ला के नेतृत्व में महिला उपनिरीक्षक सोनी, चेतना और श्वेता राठौड़ सहित सभी महिला पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।इसी तरह जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भी पुलिसकर्मियों ने रंगों के साथ होली मनाई और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 7 व 8 मार्च को



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी महानगर व जिला इकाई के मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 7 व 8 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर महानगर पार्टी कार्यालय सहादतगंज में बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रशिक्षण कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा कार्यकर्ताओं की भागीदारी को लेकर विस्तार से चर्चा की। विधानसभा स्तर पर मंडलवार कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, सरकार की उपलब्धियों और आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जाएगी, ताकि वे आमजन तक पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी का प्रशिक्षण कार्यक्रम संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं को समय-समय पर प्रशिक्षण देकर उन्हें संगठनात्मक कार्यों के प्रति दक्ष बनाया जाता है। बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे और विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने बताया 7 व आठ मार्च को दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत मंडल प्रशिक्षण वर्ग गोसाईगंज विधानसभा का गोसाईगंज में, रुदौली विधानसभा का रुदौली नगर में मिल्कीपुर विधानसभा का अमानीगंज में आयोजित किया जाएगा। बैठक में शैलेन्द्र कोरी, रवि सोनकर, हरभजन गौड, रवि शर्मा, सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बाबा ऑटो सेल्स पर हुआ होली मिलन समारोह, व्यापारियों व समाजसेवियों ने दी एकता का संदेश




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** होली पर्व की खुशियों के बीच बाबा ऑटो सेल्स पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व व्यापारी नेता रंजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यापारी, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। समारोह में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे तथा सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान होली गीतों की प्रस्तुति भी हुई, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर होली की खुशियां साझा कीं।इस मौके पर हनुमानगढ़ी के संत कल्लू दास विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का प्रतीक पर्व है। उन्होंने लोगों से आपसी मतभेद भुलाकर समाज में भाईचारा बनाए रखने की अपील की।कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अजय श्रीवास्तव 'अज्जू', पत्रकार बृजेश कुमार सिंह, व्यापारी संदीप सिंह, सतीश कुमार सिंह, पूर्व सभासद रमाकांत विश्वकर्मा और सुनील तिवारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता को मजबूत करने वाला कार्यक्रम बताया।समारोह में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। अंत में आयोजक रंजीत सिंह ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी को सुरक्षित और खुशहाल होली मनाने की शुभकामनाएं भी दीं।

## पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे 'पवन' के अंगूरीबाग आवास पर होली मिलन, संत-महंतों व कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** होली के पावन पर्व पर समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय'पवन' के अंगूरीबाग स्थित आवास पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अयोध्या के संत-महंतों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, नेताओं तथा अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों ने पहुंचकर पूर्व मंत्री को होली की शुभकामनाएं और बधाई दी। कार्यक्रम में आए सभी लोगों का स्वागत करते हुए पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे 'पवन' ने मिठाई खिलाकर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार आपसी मेल-मिलाप और भाईचारे का प्रतीक है। इस पर्व पर लोग सभी भेदभाव भूलकर एक-दूसरे से गले मिलते हैं और खुशियां साझा करते हैं। प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कि होली की बधाई देने वालों में निवर्तमान महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, निवर्तमान महासचिव हामीद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष चौधरी श्रीचंद यादव, विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव, प्रवीण राठौर, महंत जनमेजय शरण जी, महंत बाल योगी रामदास, मोहम्मद हलीम पप्पू, बलराम मौर्य, मोहम्मद राशिद, शक्ति जायसवाल, वीरेंद्र गौतम, विजय यादव, अपर्णा जायसवाल, नूर बाबू, आकिब खान, रामनाथ, औरंगजेब खान, विशाल पाल, अमृत राजपाल, राम भवन यादव, राम अजोर यादव, जगत नारायण यादव, विजय नारायण यादव, राशिद सलीम, कृष्ण गोपाल यादव, बृजेश चौहान, अजय यादव, एडवोकेट गणेश पांडे, शाहबाज लकी, अनस खान, अमन, राजू यादव, केशव राम कोरी, गौरव गुप्ता, शिवांग सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## रंगों से सराबोर रहा पस्ता माफ़ी, धूमधाम से मनाई गई होली

**रूदौली -अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** रुदौली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा पस्ता माफ़ी मे होली पर्व को बहुत हि धूम धाम से मनाया गया आप को बता दे कि अयोध्या जनपद मे स्तिथ पस्ता माफ़ी गांव मे रंगों का त्यौहार होली का पर्व धूम धाम के साथ मनाया गया जहाँ पूरा गांव रंग मे सराबोर रहा हर तरफ उल्लास और उमंग की गूँज सुनाई दे रही थी! कई पकवानो की महक से घर और आँगन महक रहे थे वही प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर प्रदेश वासिओ को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी!

## होली पर बच्चों में बांटे रंग और पिचकारी, चेहरे पर खिली मुस्कान

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** होली के पावन अवसर पर हर वर्ष की तरह इस बार भी आशीष फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंद बच्चों के बीच खुशियां बांटी गईं। संस्था की ओर से सहादतगंज के आसपास, डिफेंस कॉलोनी करम अली का पुरवा, दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने वाली गली तथा राठ हवेली क्षेत्र में रह रहे बच्चों को रंग, पिचकारी, गुलाल, गुब्बारे और मास्क वितरित किए गए।सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी और उन्होंने उत्साह के साथ होली की तैयारी शुरू कर दी। संस्था के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी संस्था का उद्देश्य त्योहार की खुशियां उन बच्चों तक पहुंचाना है, जो संसाधनों के अभाव में त्योहार का आनंद नहीं ले पाते।संस्था ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से ही हर त्योहार पर बच्चों तक पहुंच पाना संभव हो पाता है और उन्हें खुशियां देने का अवसर मिलता है।

# रंग, ढोल और फिल्मी गानों पर झूमे बरेली के अफसरः SSP अनुराग आर्य का 'चुम्मा-चुम्मा' डांस, IPS अंशिका का 'लंदन ठुमका' बना आकर्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** रंगों के त्योहार होली ने इस बार बरेली में प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों को भी पूरी तरह मस्ती के रंग में रंग दिया। शहर में आयोजित होली मिलन कार्यक्रमों में अफसरों का एक अलग ही अंदाज देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों, डीजे और फिल्मी गीतों की धुन पर अधिकारी न सिर्फ रंग-गुलाल उड़ाते नजर आए बल्कि डांस फ्लोर पर उतरकर जमकर ठुमके भी लगाए।

सबसे ज्यादा चर्चा तब हुई जब एसएसपी अनुराग आर्य लोकप्रिय फिल्मी गीत ÷चुम्मा-चुम्मा दे दे÷ पर झूमते नजर आए। वहीं आईपीएस अंशिका वर्मा ने काला चश्मा लगाकर ÷लंदन ठुमका÷ पर ऐसा धमाकेदार डांस किया कि पूरा माहौल तालियों और उत्साह से गूंज उठा। डीएम आवास से शुरू हुआ होली मिलन का सिलसिला होली की सुबह सबसे पहले जिलाधिकारी अविनाश सिंह के आवास पर अधिकारियों का जमावड़ा लगा। यहां पुलिस और प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। हंसी-मजाक, रंग और गुलाल के बीच यहीं से अधिकारियों की होली का रंगीन सफर शुरू हुआ।

डीएम आवास से निकलने के बाद अधिकारियों का काफिला डीआईजी अजय कुमार साहनी के आवास पहुंचा। यहां भी होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां अधिकारियों ने एक-दूसरे को रंग लगाया और उत्सव का आनंद लिया। इसके बाद सभी अधिकारी कमिश्नर आवास पहुंचे, जहां देर तक होली की खुशियों का सिलसिला चलता रहा।

ADG आवास पर मचा मस्ती का रंगीन धमाल दिन का सबसे रंगीन और उत्साहपूर्ण कार्यक्रम एडीजी रमित शर्मा के आवास पर आयोजित हुआ। यहां पुलिसकर्मियों और अधिकारियों के लिए विशेष होली मिलन कार्यक्रम रखा गया था। डीजे की धुन, ढोल की थाप और रंग-गुलाल के बीच पूरा परिसर उत्सव स्थल में बदल गया। पुलिस अधिकारी और कर्मचारी एक-दूसरे को रंग लगाकर नाचते-गाते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान जैसे ही फिल्मी गानों की धुन गूंजने लगी, एसएसपी अनुराग आर्य खुद को रोक नहीं सके और डांस फ्लोर पर उतर आए। उन्होंने चुम्मा-चुम्मा दे दे गीत पर भांगड़ा और फिल्मी स्टेप्स के साथ ऐसा डांस किया कि वहां मौजूद पुलिसकर्मी और अधिकारी भी तालियां बजाने लगे। कुछ ही देर में पूरा माहौल उत्साह और मस्ती से भर गया। इस बीच आईपीएस अंशिका वर्मा ने काला चश्मा लगाकर लंदन ठुमका गीत पर जबरदस्त डांस किया। उनके स्टाइल और आत्मविश्वास ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उनके डांस को देखकर वहां मौजूद पुलिसकर्मी भी झूम उठे और कई लोग डांस फ्लोर पर शामिल हो गए। बताया जाता है कि जब अधिकारी एडीजी रमित शर्मा के आवास पहुंचे तो वह शुरुआत में बाहर नहीं आए। इस पर एसएसपी अनुराग आर्य ने मजाकिया अंदाज में गाना गाकर उन्हें बाहर आने का न्योता दिया। इसके बाद डीआईजी अजय साहनी ने माइक संभालते हुए कहा कि आपने होली खेलने का वादा किया था, अब बाहर आइए। थोड़ी देर बाद एडीजी बाहर आए और फिर रंग-गुलाल के साथ जश्न शुरू हो गया। कार्यक्रम में डीएसपी संदीप ने सिर पर गिलास रखकर मजेदार अंदाज में 'एनिमल डांस' किया। यह दृश्य देखकर अधिकारी और पुलिसकर्मी ठहाके लगाने लगे।

ढोल और डीजे की धुन पर कई पुलिसकर्मी भी जमकर थिरके और पूरा परिसर रंगों और खुशियों से भर गया। यूपी के अन्य शहरों में भी अनोखे अंदाज में मनाई गई होली प्रदेश के कई जिलों में पुलिसकर्मियों ने अलग-अलग अंदाज में होली मनाई। लखनऊ में पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सिंह सेंगर शाही अंदाज में बग्घी पर सवार होकर निकले, जबकि झांसी में एसएसपी को पुलिसकर्मियों ने कंधों पर उठाकर डांस कराया। आगरा, सहारनपुर और झांसी में कहीं कपड़ा फाड़ होली खेली गई तो कहीं फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से रंग और पानी की बारिश कराई गई।

## कहानी का दर्दनाक अंत, प्रेमी की खुदकुशी के दो दिन बाद युवती ने भी तोड़ा दम

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** भमोरा थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेम संबंध की एक दर्दनाक कहानी का अंत हो गया। युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के दो दिन बाद जहर खाने वाली युवती की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि परिवार की ओर से शादी की सहमति न मिलने के कारण दोनों काफी समय से मानसिक तनाव में थे। जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह गांव के खेत में एक पेड़ से 22 वर्षीय कृष्णपाल का शव रस्सी के सहारे लटका मिला था। सूचना मिलने पर भमोरा थाना प्रभारी सनी चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## रेतिया शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनेगा पॉलिक्लीनिक, आठ प्रकार के विशेषज्ञ चिकित्सक होंगे उपलब्ध

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** शहर के लोगों को एक ही स्थान पर बेहतर और विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अयोध्या के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-रेतिया को पॉलिक्लीनिक के रूप में उच्चीकृत किया जाएगा। इस योजना के तहत विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों को रोस्टर के आधार पर ईम्पैनल किया जाएगा, ताकि मरीजों को एक ही केंद्र पर गुणवत्तापूर्ण परामर्श और उपचार मिल सके। जिन विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा उनमें स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिसियन, बाल रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ तथा मानसिक रोग विशेषज्ञ शामिल हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस व्यवस्था से नागरिकों को अलग-अलग अस्पतालों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और उन्हें एक ही स्थान पर विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी।

इस पहल में भाग लेने के इच्छुक विशेषज्ञ चिकित्सक किसी भी कार्य दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर अपना सहमति पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके अलावा शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यालय के ई-मेल urbanhealthfaizabad@gmail.com पर भी सहमति पत्र भेजा जा सकता है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पॉलिक्लीनिक में सेवा देने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों को प्रति दिवस 5000 रुपये का मानदेय उनके खाते में हस्तांतरित किया जाएगा। इस कदम से क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ गरुण रथ पर निकली नरसिंह शोभायात्रा

*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** स्थानीय नगर के संगठन हिन्दू कल्याण मंच द्वारा होली महापर्व पर धूम धाम से नरसिंह शोभायात्रा निकाली गई 7 मंच द्वारा सर्व प्रथम महंथ शंभु नाथ जी महाराज, संघ के सह विभाग प्रचारक अजीत, जिला प्रचारक विनय व सिसवा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिजेश जयसवाल द्वारा प्रभु श्री राम व भगवान नरसिंह की विधिवत पूजन अर्चना कर आरती के पश्चात सह विभाग प्रचारक अजीत जी द्वारा होली पर्व की महत्ता को बताते हुए बौधिक हुआ 7 उसके बाद पुरे धूम-धाम से गाजे-बाजे के साथ रंग-अबीर उढ़ाते हुए पारंपरिक भगवान नरसिंह शोभायात्रा की शुरुआत की गई 7 नरसिंह शोभायात्रा श्री रामजानकी मन्दिर से निकल कर प्राचीन काली



मंदिर, स्टेट चौक से सब्जीमंडी से श्याम मंदीर से पुरानी पुलिस चौकी से गोपालनगर होकर हनुमानगढ़ी मन्दिर पहुची, उसके बाद शोभायात्रा वापसी मे अमरपुरवा चौक से होते हुए पुनः श्री रामजानकी मन्दिर पर आकर इसका समापन हुआ 7 मंच के अध्यक्ष प्रमोद मद्धेशिया ने हिन्दू कल्याण मंच की तरफ से पुरे हिन्दू जनमानस को होली की शुभकामनाएं दी 7 शोभायात्रा मार्ग में जगह जगह लोग मटकी लगाए थे जिसे रथ यात्रा पहुँचने पर सामूहिक रूप से मटके को फोड़ा गया साथ ही लोगों ने अपने घरों से रथ पर पुष्प वर्षा भी करते नजर आये। शोभा यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कोठीभार पुलिस और सिसवा चौकी का पुलिस बल पूरी तरह सतर्क रहा। थानाप्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने भी पूरे नगर क्षेत्र में विशेष निगरानी रखते हुए यात्रा को संपन्न कराया।

## गोसाईगंज से बस्ती-गोरखपुर रेलवे विस्तार की मांग तेज, राज्य व केंद्र सरकार से पहल की अपील

**गोसाईगंज, अयोध्या।** नगर में रेलवे विस्तार की मांग को लेकर आवाज तेज हो गई है। समाजसेवी हनुमान सोनी ने मीडिया से रूबरू होकर गोसाईगंज से बस्ती-गोरखपुर तक रेलवे लाइन विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गोसाईगंज से बस्ती तक मात्र लगभग 40 किलोमीटर रेलवे लाइन का निर्माण हो जाने से बड़ा रेल नेटवर्क तैयार हो सकता है। इस विस्तार के बाद बस्ती से हावड़ा सहित अन्य प्रमुख मार्गों के लिए सीधा संपर्क स्थापित होगा।

X साथ ही बिहार, उत्तर प्रदेश और बंगाल तक सीधी रेल लाइन जुड़ जाएगी, जिससे यात्रियों, व्यापारियों और आम जनता को भारी लाभ मिलेगा।

हनुमान सोनी ने कहा कि जिस प्रकार 84 कोस परिक्रमा मार्ग का निर्माण हो रहा है, उसी तरह रेलवे विस्तार की भी ठोस पहल होनी चाहिए।

**अदालती नोटिस**

**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.)/एफ.टी.सी./सी.ए.डब्लू. फतेहपुर**

मु. नं. 3266 सन् 2025

एरम कय्यूम पत्नी मो0 आमिर निवासिनी मोहल्ला पनी थाना कोतवाली जिला फतेहपुर

बनाम

1. मो0 आमिर खान पुत्र स्व0 इरशाद खान (पति)
2. अनीस फात्मा पत्नी स्व0 इरशाद खान (सास)

निवासीगण पठान टोलिया अमानीगंज नियर गौसिया मस्जिद शहर व जिला अयोध्या (उ.प्र.)

अन्तर्गत धारा 12 घरेलू हिंसा अधिनियम 2005

थाना कोतवाली जिला फतेहपुर

हरगाह आपके नाम नालिश अदालत में दायर किया है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 07 माह 03 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमे मे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके जिसके साथ कोई और सख्स हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके। हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबदेही का इस्तेमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैरा हाजिरी के आपके खिलाफ होगा बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन् ई0 जारी किया गया ।

**मुन्सरिम**
**न्यायालय सिविल जज (ज.डि.) /**
**एफ.टी.सी./सी.ए.डब्लू. फतेहपुर**

# आयुक्त ने वृद्धाश्रम, वन स्टॉप सेंटर व बाल देखरेख संस्थान में मनाई होली

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** होली के पावन पर्व पर देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने अपनी धर्मपत्नी गरिमा भूषण एवं सुपुत्र के साथ वन स्टॉप सेंटर, वृद्धाश्रम तथा बाल देखरेख संस्थान पहुंचकर वहां रह रहे वृद्धजनों, महिलाओं और बच्चों के साथ होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर आयुक्त ने सभी के साथ रंग-गुलाल खेलकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं और आत्मीयता के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं।

आयुक्त सबसे पहले वृद्धाश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने वहां रह रहे वृद्धजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने अपने हाथों से वृद्धजनों को गुझिया खिलाई और रंग लगाकर होली की बधाई दी। आयुक्त के इस स्नेहपूर्ण व्यवहार से वृद्धजन भावुक हो उठे और उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। इसके बाद आयुक्त बाल देखरेख संस्थान पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों के साथ भी होली का त्योहार मनाया। बच्चों ने आयुक्त और उनके परिवार का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर आयुक्त ने बच्चों को अल्पाहार वितरित किया तथा रंग-गुलाल लगाकर उनके साथ होली की खुशियां बांटी। बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ त्योहार का आनंद लिया और परिसर में उल्लास का माहौल बना रहा। आयुक्त ने वन स्टॉप सेंटर पहुंचकर वहां रह रही महिलाओं से भी मुलाकात की और उनके साथ होली की खुशियां साझा कीं।

उन्होंने महिलाओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। आयुक्त ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व हमें सभी भेदभाव भूलकर एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करने का संदेश देता है। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर प्रेम, सौहार्द और उल्लास के साथ होली का पर्व मनाया।

## गोंडा-लखनऊ हाईवे पर दर्दनाक हादसा : अधेड़ की मौत, अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा

अवधनामा संवाददाता

**कर्नलगंज, गोण्डा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गोंडा-लखनऊ हाईवे पर बुधवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई। अज्ञात चौपहिया वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को परिजन गोंडा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार चौरी चौराहे से मैजापुर के बीच बटौरा शिव शंकर पुरवा नहर के पास एक अज्ञात चौपहिया वाहन ने राहगीर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और परिजनों को सूचना दी गई। बताया जाता है कि एंबुलेंस को सूचना दी गई थी, लेकिन समय पर एंबुलेंस न पहुंचने के कारण परिजन घायल को मोटरसाइकिल से ही तत्काल गोंडा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान परसा गोड़री ग्राम पंचायत के दर्शन तिवारी पुरवा निवासी बृजेश तिवारी उर्फ मुन्नू, पुत्र नकछेद तिवारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक अविवाहित थे और उनके कोई बच्चे नहीं थे। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाली करनैलगंज के प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और वाहन की तलाश की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने गोंडा-लखनऊ हाईवे पर लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को लेकर चिंता जताई है। लोगों का कहना है कि हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# इटवा पुलिस को बड़ी सफलता : 5 चोरी की घटनाओं का खुलासा, शातिर चोर गिरफ्तार

निहाल चौधरी



**इटवा सिद्धार्थनगर।** जनपद में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बीच इटवा पुलिस और जनपदीय एंटी थेफ्ट टीम को बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 5 चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण किया और एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात, अवैध तमंचा, कारतूस, नकदी और चोरी की मोटरसाइकिल समेत कई सामान बरामद किए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश पर, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण में इटवा थाना प्रभारी व एंटी थेफ्ट टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कई चोरी की घटनाओं में शामिल एक चोर मोटरसाइकिल से दोबारा चोरी करने के इरादे से जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने भुतहवा-बहुती मार्ग पर ग्राम भुतहवा तिराहे के पास घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम राकेश लोध (38 वर्ष) पुत्र राजदेव, निवासी कठही थाना जोगिया उदयपुर, जनपद सिद्धार्थनगर बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी तमंचा (12 बोर), दो जिंदा कारतूस, 12,500 रुपये नकद, चोरी की मोटरसाइकिल, सोने-चांदी के जेवरात, डीवीआर और ताला तोड़ने के उपकरण बरामद हुए। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी इटवा समेत आसपास के थाना क्षेत्रों में हुई कई चोरी की घटनाओं में शामिल था। उसकी गिरफ्तारी से इटवा, चिल्हिया, कठेला समय माता और गोरखपुर जनपद के कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र में दर्ज कुल 5 मामलों का खुलासा हुआ है। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ थाना इटवा में मु0अ0सं0 37/2026 धारा 317(2)/318/319/339 व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह, एंटी थेफ्ट टीम प्रभारी उ0नि0 नारायण लाल श्रीवास्तव, निरीक्षक अपराध संतोष कुमार त्रिपाठी सहित इटवा थाना व एंटी थेफ्ट टीम के कई पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

## होली पर साइबर ठगी की कोशिश एक ही दिन में दो बार भेजी संदिग्ध फाइल

**हजपुरा,अम्बेडकरनगर।** होली के दिन साइबर ठगों द्वारा नये तरीके से मोबाइल हैक करने के प्रयास का मामला सामने आया है। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के हजपुरा निवासी एक व्यक्ति ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि 4 मार्च को होली के दिन प्रातः लगभग 10:46 बजे उनके व्हाट्सएप पर एक परिचित नंबर से ÒRTO Challan~~.apkÓ नामक संदिग्ध फाइल भेजी गई।

सतर्कता बरतते हुए उन्होंने फाइल इंस्टॉल नहीं की। संदेह होने पर जब संबंधित नंबर पर सामान्य कॉल किया गया तो 'नंबर उपलब्ध नहीं' बताया गया। इसके बाद पुनः लगभग 11:48 बजे उसी नंबर से दोबारा वही संदिग्ध फाइल भेजी गई, जिससे मामला और अधिक संदिग्ध प्रतीत हुआ। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कर अज्ञात साइबर अपराधी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## गौशाला लापरवाही ग्राम प्रधान की प्रशासनिक व वित्तीय शक्तियां निलंबित जांच के आदेश

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जिले के भीटी विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जैतपुर खास स्थित गौशाला में गोवंश के साथ अमानवीय व्यवहार और मृत गोवंश के उचित निस्तारण में लापरवाही के गंभीर आरोपों के बाद जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कड़ा रुख अपनाया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो और समाचारों के आधार पर शुरू हुई जांच में खामियां सामने आने पर ग्राम प्रधान की प्रशासनिक एवं वित्तीय शक्तियों पर तत्काल रोक लगा दी गई है।जिलाधिकारी के निर्देश पर 29 जनवरी 2026 को सोशल मीडिया पर प्रसारित सामग्री के संदर्भ में जिला विकास अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा संयुक्त जांच कराई गई थी। जांच रिपोर्ट में गौशाला में मृत गोवंश के निपटान में लापरवाही तथा संबंधित सरकारी निर्देशों के पालन में कमी पाई गई। ग्राम प्रधान द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण की जांच के बाद जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा 95(1)(छ) के तहत मामले की अंतिम जांच कराने के आदेश दिए हैं।प्रकरण की अंतिम जांच पूरी होने तक ग्राम प्रधान की सभी प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियां निलंबित कर दी गई हैं। जांच अधिकारी के रूप में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, अम्बेडकरनगर को नामित किया गया है।यह कार्रवाई जिले में गौ-संरक्षण और पशु कल्याण से जुड़े मामलों में प्रशासन की सख्ती का संकेत देती है। ग्रामीणों और पशु प्रेमियों ने इस फैसले का स्वागत किया है, जबकि जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई पर सबकी नजर टिकी हुई है।जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने स्पष्ट किया कि गौशालाओं में गोवंश की उचित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है और किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## साढ़े पांच साल के अरशलान ने रखा रोज़ा परिवार और मोहल्ले में खुशी का माहौल



**अवधनामा संवाददाता, इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा गर पंचायत के वार्ड नंबर 15 राम जानकी नगर में इस बार रमज़ान के दौरान एक खास नज़ारा देखने को मिला। महज़ साढ़े 5 साल के अरशलान इद्दरिशी ने पहली बार रोज़ा रखकर सबका दिल जीत लिया। अरशलान, सलीम इद्दरिशी के पुत्र और क्षेत्र में 'डायमंड ट्रेलर' के नाम से जाने जाने वाले परिवार के पोते हैं। इतनी कम उम्र में रोज़ा रखने की उनकी इच्छा ने पूरे परिवार और मोहल्ले में खुशी का माहौल बना दिया। परिजनों के अनुसार, अरशलान कई दिनों से अपने बड़ों को रोज़ा रखते देख रहा था और खुद भी रोज़ा रखने की जिद कर रहा था। आखिरकार परिवार ने उसकी भावना का सम्मान करते हुए उसे रोज़ा रखने की अनुमति दी। सुबह सहरी के समय अरशलान समय से उठा और पूरे उत्साह के साथ सहरी की। दिनभर उसने धैर्य बनाए रखा और शाम को अज़ान के साथ रोज़ा इफ्तार किया। मोहल्ले के लोगों ने भी अरशलान की हौसला-अफजाई की। किसी ने उसे दुआएं दीं तो किसी ने छोटे रोज़ेदार को मिठाई और तोहफे देकर प्रोत्साहित किया। परिवार के बुजुर्गों का कहना है कि बच्चों में धार्मिक संस्कार और अनुशासन की भावना इसी तरह से विकसित होती है। रमज़ान के पवित्र महीने में अरशलान का यह कदम क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग इसे बच्चों में बढ़ती समझ और पारिवारिक संस्कारों का प्रतीक मान रहे हैं। इटवा में छोटे रोज़ेदार अरशलान की इस पहल ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया है।

# रमजानुल मुबारक का दूसरा अशरा मगफिरत कहलाता है : मौलाना नूरी

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अंबेडकरनगर।** मरकज़े अहले सुन्नत दारुल उलूम निदाये हक जलालपुर के प्रिंसिपल हजरत मौलाना हबीबुर्र रहमान नूरी ने एक बयान में कहा कि रमजान का दूसरा अशरा अशराऐ मगफिरत कहलाता है। ज्यादा सही है कि इन दस दिनों में बार-बार तौबा और इस्तगफार पढ़ा जाए। जब अल्लाह के बंदे अपने रब को खुश करने के लिए दिल से मगफिरत मांगते हैं तो अल्लाह उनके गुनाहों को माफ कर देता है, चाहे वे समंदर के झाग बराबर ही क्यों न हों। इबादत, तिलावत, खैरात, उमराह, हज, जलसा,जुलूस के साथ-साथ हमें अपने लेन-देन, नीयत, नजर, जबान और बोलचाल, आदतें, व्यवहार, नैतिकता और किरदार को भी बेहतर और ऊंचा करने की जरूरत है। रमजान का महीना हमारी जिंदगी का आईना है। हर साल यह मुबारक महीना हमें अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराता है। काश! हम पूरे साल की तरह रमजान के महीने में भी मुसलमान बन जाएं। पवित्र कुरान हमें अपने माता-पिता, रिश्तेदारों, अनाथों और गरीबों पर रहम करने का हुक्म देता है। अच्छी भाषा का इस्तेमाल करें, नमाज़ पढ़ें, ज़कात दें। यही इस्लाम है और यही इस्लाम की भावना है।

रमज़ान के दूसरे अशरे बहुत खास होते हैं। इन दस दिनों में, शब्द और दुआओं को खूब पढ़ना बेहतर है क्योंकि ये सबसे अच्छी यादें हैं। कलमा पढ़ने से माफ़ी मिलती है। दरूद पढ़ने से रसूल और रसूल के परिवार के करीब आते हैं। अगर आप ये दोनों चीज़ें हासिल कर लेते हैं, तो आपको अपना इनाम मिल गया है।

मेरे पैगंबर कहते हैं कि अल्लाह का डर और अच्छे व्यवहार इंसान को जन्नत ले जाते हैं। इन दस दिनों में मोमिन के लिए दो और दुआएँ हैं: रमज़ान की 17 तारीख को बद्र की लड़ाई में जीत और रमज़ान की 20 तारीख को मगरिब से पहले एतिकाफ़ की शुरुआत। अल्लाह तआला खुद पवित्र कुरान में कहते हैं: 'बेशक, अल्लाह सभी गुनाहों को माफ़ कर देता है।' इसलिए, हमें इन दस दिनों में अपने रब से बार-बार माफ़ी मांगनी चाहिए और बार-बार तौबा और माफ़ी मांगने का फ़र्ज़ निभाना चाहिए।

## एसपी गोण्डा द्वारा पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया होली पर्व



अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** होली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उपरान्त आज दिनांक 5.03.2026 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा परिसर में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आयुक्त देवीपाटन मंडल श्री शशि भूषण लाल सुशील, मण्डलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्षा श्रीमती गरिमा भूषण, पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र श्री अमित पाठक, जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन, वामासरथी संघ की अध्यक्षा डॉ0 तन्वी जायसवाल, डीएफओ श्री अनुराग प्रियदर्शी , ढ्ढस्र्स ट्रेनी सुश्री प्रिया अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ0 संतलाल पटेल सहित जनपद के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण समारोह में सम्मिलित हुए। समारोह के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर एवं फूलों की वर्षा कर होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। कार्यक्रम का आयोजन सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें पुलिस परिवार के बीच आपसी भाईचारे, सहयोग एवं समन्वय की भावना देखने को मिली। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय, सहायक पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक दवाच्या, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, जनपद के समस्त थाना प्रभारी व पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** थाना कोतवाली नगर, जनपद गोण्डा पर वादीगण द्वारा एक ही प्रकार की ठगी/धोखाधड़ी की घटना के संबंध में अलग-अलग तहरीरें प्रस्तुत की गयीं, जिनमें मुख्य आरोपी विवेक कुमार पुत्र रामचरन तथा उसके सहयोगियों द्वारा 'मल्टी इंटरनेशनल इमीग्रेशन काउंसिल/काउन्सिलिंग' नाम से कार्यालय संचालित कर लोगों को रूस (मास्को) में नौकरी दिलाने के नाम पर वीजा बनवाने का झांसा देकर धनराशि ठगने का आरोप लगाया गया है। प्रथम प्रकरण में वादी अवधेश कुमार पाण्डेय पुत्र रामपाल पाण्डेय निवासी उपरहितन पुरवा, जानकी नगर थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा द्वारा तहरीर दी गई कि उन्होंने फेसबुक पर उक्त कम्पनी का विज्ञापन देखकर दिनांक 3.09.2025 को विवेक कुमार से संपर्क किया तथा उसके कार्यालय हर्ष टावर प्रथम तल, नवीन सब्जी मण्डी के सामने उतरौला रोड, थाना कोतवाली नगर गोण्डा में जाकर मिले। जहाँ आरोपी द्वारा रूस भेजकर नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया गया। आरोपी के कार्यालय में उसके एजेंट जुल्फिकार उर्फ जुम्मन पुत्र नशीरुद्दीन निवासी रेतवा गाढ़ा पश्चिम पुरवा थाना धानेपुर जनपद गोण्डा, मनीषा पुत्री अज्ञात, सारिका पुत्री अज्ञात, आर्यन कुमार राज पुत्र अजय राज निवासी राजगढ़ जनपद झांसी तथा दीपक पुत्र अज्ञात मौजूद थे, जिन्होंने आरोपी की बातों का समर्थन किया। वादी के अनुसार उसने दिनांक 29.12.2025 को ?30,000/- ऑनलाइन तथा लगभग 06 दिन बाद ?1,00,000/- नगद आरोपी को दिए। इसके बाद आरोपी द्वारा फर्जी वीजा एग्रीमेंट व ऑफर लेटर देकर दिनांक 24.02.2026 को दिल्ली एयरपोर्ट बुलाया गया, जहाँ लगभग 200 अन्य लोग भी मौजूद थे। बाद में आरोपी द्वारा सभी के पासपोर्ट व सी.वी. लेकर संपर्क बंद कर दिया गया, जिससे वादी को ठगी का एहसास हुआ। वादी के अनुसार कुल लगभग डेढ़ करोड़ रुपये विभिन्न व्यक्तियों से ठगे गए हैं।

द्वितीय प्रकरण में वादी मस्तराम निषाद पुत्र करिया निषाद निवासी ग्राम बरदिया लोहार, पोस्ट सूदीपुर थाना दुबौलिया तहसील हरैया जनपद बस्ती द्वारा तहरीर दी गयी कि आरोपी विवेक कुमार द्वारा उसे रूस में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया गया, जिस पर विश्वास कर उसने आरोपी को ?1,25,000/- तथा अपना पासपोर्ट दे दिया और उसे 25.02.2026 को दिल्ली बुलाया गया। दिनांक 24.02.2026 को दिल्ली पहुँचने पर पता चला कि आरोपी द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर लोगों को रूस भेजने का झांसा दिया जा रहा था। दस्तावेज नकली होने के कारण वादी तथा अन्य लोग विदेश नहीं जा सके। पैसे वापस मांगने पर आरोपी द्वारा जान-माल की धमकी दी गयी। तृतीय प्रकरण में वादी कृष्ण कुमार गोंड पुत्र हंसनाथ गोंड निवासी ग्राम सामपुर खास थाना महुआडीह जनपद देवरिया द्वारा तहरीर दी गयी कि फेसबुक पर विज्ञापन देखने के बाद उसने आरोपी विवेक कुमार से मोबाइल नंबर 9936683294 पर संपर्क किया। आरोपी द्वारा उसे अपने कार्यालय हर्ष टावर गोण्डा बुलाकर रूस भेजने के नाम पर वीजा बनवाने का झांसा दिया गया। वादी के अनुसार दिनांक 15.11.2025 को उसने ?50,000/- नगद आरोपी को दिए तथा बाद में ?40,000/-, ?50,000/- और ?30,000/- ऑनलाइन ट्रांसफर कराए। इस प्रकार कुल ?1,70,000/- आरोपी को दिए गए। आरोपी द्वारा फर्जी वीजा अनुबंध व ऑफर लेटर देकर 24.02.2026 को लखनऊ एयरपोर्ट बुलाया गया, किन्तु वहाँ पहुँचने पर आरोपी ने टिकट नहीं भेजा तथा फोन बंद कर लिया, जिससे वादी को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। वादीगण की लिखित तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ।

## कृषि यंत्रों हेतु ई-लाटरी के माध्यम से कृषकों का चयन 6 मार्च को

**सिद्धार्थनगर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन- सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्डयू एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना अंतर्गत चौथी बार कृषि यंत्रों की बुकिंग जनपद के कृषकों द्वारा 25 फरवरी से 4 मार्च तक कृषि विभाग के पोर्टल पर की गई है। जिस कृषि यंत्र की बुकिंग लक्ष्य की सीमा से अधिक होगी उन समस्त कृषि यंत्रों हेतु कृषकों का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष 6 मार्च 2026 को अपराह्न 2 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार सिद्धार्थनगर में ई-लाटरी के माध्यम से किया जाएगा। जनपद के सभी कृषकों को सूचित किया जाता है कि जिस कृषक द्वारा उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत अनुदान पर क्रय करने हेतु ऑनलाइन आवेदन कृषि विभाग के पोर्टल पर किया है वह 6 मार्च को अपराह्न 2 बजे कलेक्ट्रेट सभागार सिद्धार्थनगर में कृषि यंत्रों की ई -लॉटरी में उपस्थित हो जो कृषक किसी कारण बस उक्त तिथि को ई- लॉटरी में उपस्थित नहीं होंगे उन्हें ई-लाटरी में उपस्थित किसान भाइयों एवं समिति द्वारा किए गए ई - लॉटरी की चयन प्रक्रिया से सहमत माना जाएगा एवं उन्हें कोई आपत्ति नहीं है ऐसा मानकर ई-लॉटरी की प्रक्रिया पूर्ण कर लिया जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थिति में 28 वर्षीय व्यक्ति ने अपने ही घर में लगाई फांसी

**लोटन सिद्धार्थनगर।**कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत कौलपुरग्रान्ट टोला निबिहवा में मोहन राजभर पुत्र बिक्रम राजभर उम्र 28 वर्ष का अपने घर फसरी लगा कर जान देने का मामला प्रकाश में आया है। घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है। परिजनों ने बताया कि मृतक मोहन की शादी पांच साल पहले जिले के बासी कोतवाली के ग्राम गुलरिहा के खुशबू के साथ हुई थी। लेकिन मृतक के शराब पीने को लेकर पति पत्नी में बराबर नोक झोंक होता रहता था । जिसको लेकर पत्नी कुछ माह पहले नाराज होकर मैके चली गयी तभी से वह अपने ससुराल नहीं आयी। होली के त्योहार को देखते हुए मृतक मोहन ने सोमवार शाम को फोन द्वारा अपने पत्नी से बात किया ।उसी दौरान किसी बात को लेकर घर से गया और शराब के नशे में घर आया और अपने कमरे के कुंडी में एक फसरी लगा लिया। अलग रह रहे भाई ने कमरे में झांका तो कुंडी से शव लटक रहा था। जब तक लाश उतारने की लोगों ने प्रयास किया तब तक प्राण निकल चुका था। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। घटना के सम्बंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज का कहना है कि घटना हुई है। शव को पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

## होली मिलन समारोह को हुआ आयोजन



**अवधनामा संवाददाता, भवानीगंज सिद्धार्थनगर।** आज होली के पर्व पर भानपुर रानी के हसीनाबाद चौराहे पर काफी संख्या में लोगों ने अबीर गुलाल के साथ एक दूसरे के साथ होली खेली और गले मिलकर एक दूसरे की होली की बधाई दी। इस मौके पर डॉ. राम कृपाल यादव, राम प्रताप चौरसिया, मायाराम, अकलेश अग्रहरि, राहुल अग्रहरि, शिवा गौतम इत्यादि लोगों की मौजूदगी रही।

# अबीर गुलाल में सराबोर हुआ नगर मन्दिरों व मिलन समारोह में दिखी भाईचारे की मिसाल

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** रंगों का पर्व होली बुधवार को जलालपुर नगर में पूरे उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोग अबीर-गुलाल में सराबोर हो गए और पूरा वातावरण होली के गीतों व रंगों से भक्तिमय हो उठा।

पर्व की शुरुआत विधिवत होलिका दहन के साथ हुई, जिसके बाद बुधवार को रंगों की धूम मची। नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों श्री शीतला मठिया मंदिर और चक्र सुदर्शन मंदिर में विशेष आयोजन किए गए। इस दौरान नीरज जलालपुरी, दिशांत गुप्ता, अभिषेक सोनकर, सौरभ सैनी, ऋतिक अग्रवाल, शुभम गुप्ता, आशीष जैन, सोनू सोनकर और शुभम बरनवाल सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं और भक्तों ने फूलों की होली खेली और मंदिर में विराजमान प्रतिमाओं का भव्य श्रृंगार किया।

धार्मिक आयोजनों के अलावा नगर के विभिन्न स्थानों पर होली मिलन समारोहों का दौर भी चलता रहा। नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि और सुरेन्द्र सोनी के नेतृत्व में आयोजित विशाल होली मिलन समारोह में जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने एक-दूसरे को गले लगाकर और रंग लगाकर पर्व की बधाई दी। इस मौके पर वरिष्ठ नेता राम प्रकाश यादव, संजीव मिश्र, मानिक चंद सोनी, रामदौर मिश्र, सोनू गौड, सोनू गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, राकेश गुप्ता और विकास निषाद सहित सैकड़ों लोगों ने शिरकत की और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

वहीं, जिला उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध गायक पंचम परदेशी और सीएन संवारे की प्रस्तुति रही, जिन्होंने अपनी गायकी से समां बांध दिया। कार्यक्रम में व्यापारी नेता आनंद जायसवाल, देवेश मिश्र, आदित्य गोयल, सीताराम अग्रहरि, आशीष सोनी, बबलू गौड, गप्पू गौड, मोनू गौड, दुर्गेश अग्रहरि और आकाश अग्रहरि सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि होली ने आपसी भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करने का काम किया है।

## अकबरपुर रेलवे स्टेशन के शौचालय में गंदगी का साम्राज्य

**अवधनामा संवाददाता, अम्बेडकरनगर।** केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान के तहत रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में स्वच्छता को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन अकबरपुर रेलवे स्टेशन का सार्वजनिक शौचालय इन दावों की हकीकत बयां करता नजर आ रहा है। स्टेशन के शौचालय में फैली गंदगी और बदहाल स्थिति यात्रियों को भारी परेशानी में डाल रही है। स्टेशन परिसर में स्थित टॉयलेट की हालत इतनी खराब है कि वहां जाना भी मुश्किल हो रहा है। शौचालय के फर्श और सीट के आसपास गंदगी जमा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है। साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी तरह से लचर दिखाई दे रही है। होली पर्व के बाद बड़ी संख्या में लोग अपने-अपने गंतव्य की ओर यात्रा कर रहे हैं। ऐसे में स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को इस गंदे शौचालय का उपयोग करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

## हर जनपद में बनेगा नरेंद्र मोदी विचार मंच का मजबूत महिला नेटवर्क

अवधनामा संवाददाता

**अरूणा के प्रदेश अध्यक्ष बनने से जनपद के समर्थकों, कार्यकर्ताओं में खुशी**

**सिद्धार्थनगर।** जल्द ही प्रदेश कार्यकारिणी का गठन कर मंडल, जिला और ब्लॉक स्तर तक संगठन का विस्तार किया जाएगा। प्रत्येक जिले में महिला पदाधिकारियों की नियुक्ति कर नियमित बैठकें, प्रशिक्षण शिविर और जनसंपर्क अभियान चलाए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वरोजगार प्रशिक्षण, सिलाई-कढ़ाई, लघु उद्योग, डिजिटल साक्षरता और सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के कार्यक्रम चलाए जाएंगे। शहरी क्षेत्रों में युवा महिलाओं के लिए नेतृत्व विकास कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। ये बातें नरेंद्र मोदी विचार मंच (महिला शाखा) उत्तर प्रदेश की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अरुणा मिश्रा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही। नरेंद्र मोदी विचार मंच (महिला शाखा) उत्तर प्रदेश की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अरुणा मिश्रा ने कहा कि यह दायित्व उनके लिए केवल पद नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के प्रति सेवा का अवसर है। उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस पर वह पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में महिला शाखा को सशक्त, सक्रिय और संगठित करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। बताया कि आगामी महीनों में महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता पर जोर देते हुए स्पष्ट किया कि संगठन महिला शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान के मुद्दों पर विशेष ध्यान देगा। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, नशा मुक्ति अभियान, दहेज प्रथा व सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मिशन नव भारत के लक्ष्य को साकार करने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब महिलाएं संगठित और सशक्त होंगी, तभी समाज और राष्ट्र मजबूत होगा।

## परमाणु रिसाव हुआ तो...

ईरान युद्ध में परमाणु रिसाव के खतरे बढ़ते जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) का मानना है कि अमरीका और इजरायल जिस तरह बमबारी कर रहे हैं, मिसाइल-ड्रोन से हमले किए जा रहे हैं, उनसे परमाणु केंद्रों पर चिंताजनक स्थितियां बनती जा रही हैं। हालांकि अभी आईएईए ने किसी भी तरह के परमाणु विकिरण की पुष्टि नहीं की है और न ही ऐसे संकेत हैं, लेकिन परमाणु रिसाव की संभावनाओं से इंकार भी नहीं किया है। आईएईए ने आपात बैठक भी की है, क्योंकि ईरान के राजनयिक रेजा नजाफी ने दावा किया था कि अमरीकी-इजरायली लड़ाकू विमानों ने ईरान के परमाणु संयंत्रों पर हमला किया है, जबकि उन केंद्रों में शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा पर काम किया जा रहा है। अब बमबारी के बाद परमाणु रिसाव का खतरा पैदा हो गया है। आईएईए ने ईरान सरकार के संबद्ध अधिकारियों से बात की और इस निष्कर्ष पर पहुंची कि परमाणु विकिरण फैल सकता है। यदि परमाणु रिएक्टर 'मेल्टडाउन' हुआ, तो 10 करीबी देशों में भी परमाणु खतरा पैदा हो जाएगा। फारस की खाड़ी में भी विकिरण पहुंचेगा और बड़े स्तर पर पानी जहरीला और जानलेवा हो सकता है। जलीय जीव तो मरेंगे ही, उनके अलावा मनुष्य में कैंसर जैसी लाइलाज बीमारियों का ज्यादा विस्तार होगा। यदि ईरान के परमाणु केंद्रों से रिसाव शुरू हुआ, तो सभी खाड़ी देश उसके दायरे में होंगे। कई अरब देशों के परमाणु रिएक्टर खतरनाक स्थितियों में हैं। ईरान ही नहीं, इराक, सीरिया, बहरीन, कुवैत आदि देशों में भी परमाणु साइट्स हैं। क्या वे परमाणु कार्यक्रम उन देशों के अपने और घोषित, वैध कार्यक्रम हैं अथवा अमरीका के परमाणु उपनिवेश हैं? यह दायित्व आईएईए का है। अमरीका ने इन देशों के परमाणु केंद्रों पर आपत्ति दर्ज नहीं की और न ही किसी हमले की धमकियां दीं! क्या ये 'संहारी संयंत्र' नहीं हैं? अलबत्ता आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रोसी ने कहा है कि हमारे पास ऐसे किसी हमले की जानकारी नहीं है। फिर आपात बैठक में क्या विमर्श किया गया? फिर अंतरराष्ट्रीय एजेंसी ने चिंताजनक स्थितियां किस आधार पर आंकी थीं? अमरीका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने फिर दोहराया है कि ईरान परमाणु बम बनाने में जुटा है। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों का बयान भी सामने आया है कि हम परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ाएंगे। फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी के नेताओं के बयान आए थे कि वे यूक्रेन को परमाणु हथियार मुहैया कराने पर विचार कर रहे हैं।

## वाभिमानी खामेनेई का सैद्धान्तिक बलिदान


मुहम्मद कमर खाँ

ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई का गत 01 मार्च, 2026 को 86 वर्ष की आयु में अमरीका-इजराईल हमले के दौरान, निधन हो गया। उनके इस बलिदान को उनके समर्थको में देश की संप्रभुता हेतु उनका बलिदान माना जा रहा है। ईरानी सरकारी मीडिया एवं अन्तर्राट्रीय समाचार आउटलेटस ने पुष्टि इस मौत की पुष्टि कर दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार खामेनेई की मौत, तेहरान स्थित उनके कार्यालय पर हुये, अमरीकी इजराईली हमलों में हुयी उनकी ऐसी मौत को ''स्वाभामानी बलिदान'' माना जा रहा है। उनकी मौत के पश्चात ईरान में चालीस दिनों का राष्ट्रीय शोक घाषित कर दिया गया है, साथ ही इस सन्दर्भ में 7 दिनों के सार्वजनिक अवकाश की घोषणा भी की गयी है। ख़ामेनेई के पश्चात उनके सुपुत्र मुस्तबा खामेनेई को उनका उत्तराधिकारी बना दिया गया है। अपने निधन से पूर्व ख़ामेनेई ने अमेरिका पर हमला करते हुए कहा था कि ईरानी संस्कृति तथा इतिहास से प्रभावित लोग, कभी भी भ्रष्ट नेताओं के आगे नही झुकेगे। उन्होनें यह भी कहा था, ''मेरी जिन्दगी की कोई कीमत नही है...मैं सब कुछ कुर्बान करने को तैयार हूँ'' अपनी बेकाकी के सन्दर्भ मे उन्होनें तानाशाहों के आगे न झुकने का संकल्प लिया था, और मर कर भी, उसे पूरा किया उनका निधन, तेहरान स्थित उनके निवास पर हुये, ईरान आक्रमण के फ्लस्वरूप हुआ। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने उनकी शहदत पर संवेदना व्यक्त की है जबकि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पेशीन गोई करने वाले कुछ लोग, इसे मध्य पूर्व में बड़ी उथल पुथल के संकेत के तौर पर देख रहे हैं। ईरान में इसे मौलवी शासन के मजबूत होने तथा ईरान के स्वाभिमान की रक्षा के रूप में पेश देखा जा रहा है। गत 01 मार्च को खामेनेई ने अपने जीवन के अन्तिम क्षणों तक 86 वर्ष की आयु में भी एक निर्भीक योद्धा की ही भाँति अमेरिका के सामने घुटने ने टेकते हुये अपने प्राणों का बलिदान दिया। तथा अपने अनुनायियों हेतु, इस कुर्बानी को व्यर्थ न जाने देने का आहवान किया। ख़ामेनेई ने सरेन्डर करने के बजाय जंग को चुना, तथा अमेरिका के आगे न झुकने का संकल्प लिया। जबकि ईरानी मीडिया और सरकार ने इसे शहादत क़रार दिया है, जो कर्बला में इमाम हुसैन की शहादत से प्रेरित है। उन्होनें अली के व्यक्तित्व पर आधारित जीवन व्यतीत किया, और हुसैन के अनदाज में मौत को गले लगाया



अपनी प्राण रक्षा हेतु वह बंकर में जाकर नही छिपे। कायरता का परिचय न देते हुये, उन्होनें अपना देश नही छोड़ा और न ही किसी अन्य देश से कोई सहायता माँगी। अपने देश की जनता के साथ उन्होनें विश्वासघात नही किया। वह महाशक्तियों के समक्ष डट कर खड़े, रहे और महाशक्तियों से लड़ते हुये, अपना बलिदान दे दिया। खामेनेई की यह शहादत, इतिहास सैदव याद रखेगा। कुछ लोग पद के कारण नही बल्कि अपने स्वाभिमान तथा राष्ट्रभक्ति के कारण हमेशा याद किये जाते हे। खामेनेई ऐसे ही प्रखर स्वाभिमानी राष्ट्रध्यक्ष थे।

इजराईल और अमेरिका ने विश्व में संयुक्त गुटबन्दी की जो मुहिम छेड़ दी है, वह इन्सानियत के लिये घातक है। जो लोग इस संयुक्त गुटबन्दी का विरोध करते हैं, और संघर्ष करते है उन पर अनचाही जंग थोपकर, वहाँ के सुप्रीम लीडर को परिवार सहित मार दिया जाता है। ईरान में भी ऐसा ही कुछ हुआ, ईरान पर दबाव था कि वह अपना परमाणु हथियार विकास कार्यक्रम बन्द कर दे, इसके लिये अमेरिका और इज़राईल दबाव बना रहे थे। हमले के दौरान क्रूरता तथा अमानवीयता की हद यह रही, कि दक्षिण ईरान में होर्मोजयान प्रान्त में लड़कियों के एक स्कूल पर इजराइल ने बम गिराया, जिससें सौ से अधिक मासूम बच्चों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। इस संदर्भ मे इससे पूर्व इज़राइल ने 'गाजा' क्षेत्र में भी इसी प्रकार बम गिराकर फ्लिस्तीन के लोगो के वशं से शत्रुता निभायी। इस प्रकार जारी इस अकारण अंहिसा के फ्लस्वरूप, बड़ी संख्या में लोग बेवजह हताहत हो रहे हैं।

ख़ामेनेई की मौत को शहादत मानकर एक जुट हो रहो ईरान देश में यह शोक लामबन्दी बनता जा रहा है। शहीदों का खून इंसाफ माँग रहा है। तेहरान, जनता के इस ग़म को 'खून का एक कर्ज' बनाने का प्रयास कर रहा है। ईरान इस हत्या को एक पवित्र बलिदान मानते हुये अमेरिकी दादागिरी के विरूद्ध, अपने संघर्ष को रचनात्मक युद्ध की ओर बढ़ाने में लग गया है। अपनी मृत्यु से पहले खामेनेई ने इमाम इुसैन का संदर्भ देते हुये कहा था, कि ईरान के देशवासी, यजीद की प्रवृत्ति वाले भ्रष्ट नेताओं के आगे कभी नही झुकेंगे। ख़ामेनेई को एक ऐसे सिद्धान्तवादी योद्धा के रूप में सदैव याद किया जाता रहेगा। जिन्होनें अमेरिका की दबाव में आत्म समपर्ण करने के बजाय, अपने प्राणों का बलिदान देना उचित समझा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**विपक्ष का आरोप है कि विधानसभा चुनाव में जनता ने नीतिश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए वोट दिया था और पाँच वर्षों के जनादेश के बीच में मुख्यमंत्री पद छोड़ना जनता के विश्वास के साथ न्याय नहीं है। विपक्षी दलों का यह भी कहना है कि यह निर्णय राजनीतिक समीकरणों का परिणाम है और इसमें जनता की भावना को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसे जनादेश के साथ खिलवाड़ और राजनीतिक समझौते की राजनीति करार दिया है। उनका तर्क है कि यदि मुख्यमंत्री बदलना ही था तो जनता के पास फिर से जाने का रास्ता अपनाया जाना चाहिए था।**

# बिहार की राजनीति में सत्ता परिवर्तन से जुड़े सवाल


ललित गर्ग

बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक मोड़ उस समय सामने आया जब राज्य के लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतिश कुमार ने मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जाने का निर्णय स्वीकार किया और इसके लिए नामांकन भी दाखिल कर दिया। उनके नामांकन के अवसर पर देश के गृह मंत्री अमित शाह का पटना पहुँचना भी इस राजनीतिक घटनाक्रम को और अधिक महत्वपूर्ण बना देता है। लगभग दो दशकों तक बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे नीतीश कुमार का यह निर्णय केवल एक व्यक्तिगत राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि बिहार की सत्ता और राजनीति के स्वरूप में आने वाले बड़े परिवर्तन का संकेत भी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब बिहार की राजनीति पहले से ही गठबंधनों, समीकरणों और सत्ता-संतुलन के दौर से गुजर रही है। इस निर्णय के साथ यह स्पष्ट हो गया कि बिहार की राजनीति एक नए दौर में प्रवेश करने जा रही है। यह परिवर्तन जहां एक ओर नई संभावनाओं का संकेत देता है, वहीं दूसरी ओर कई सवाल भी खड़े करता है, क्या यह जनादेश का सम्मान है या उससे विचलन? क्या यह बिहार के लिए नई दिशा का मार्ग है या राजनीतिक रणनीति का एक नया अध्याय? नीतिश कुमार को लंबे समय से सुशासन पुरुष के रूप में जाना जाता रहा है। उन्होंने बिहार को लंबे समय तक स्थिर राजनीतिक नेतृत्व दिया और शासन व्यवस्था को कई स्तरों पर व्यवस्थित करने का प्रयास किया। सड़कों, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पंचायत सशक्तिकरण और प्रशासनिक सुधार जैसे अनेक क्षेत्रों में उनके कार्यों की चर्चा होती रही है। उनके शासनकाल में बिहार ने अराजकता और अपराध की छवि से बाहर निकलकर विकास और स्थिरता की ओर कदम बढ़ाने का प्रयास किया, इसलिए उनका मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा की ओर जाना केवल एक पद परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक भूमिका के पुनर्निर्धारण के रूप में भी देखा जा रहा है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को अधिक व्यापक बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है, जबकि कुछ इसे बिहार की सत्ता में नई पीढ़ी और नए नेतृत्व को अवसर देने की रणनीति के रूप में भी देखते हैं। बिहार में अपेक्षित संभावनाएं पूरी तरह आकार नहीं ले पायी, इसलिये भी भाजपा खुद का मुख्यमंत्री लाकर बिहार को विकास से जोड़ना चाहती है।



नीतिश कुमार के इस निर्णय के बाद विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विपक्ष का आरोप है कि विधानसभा चुनाव में जनता ने नीतिश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए वोट दिया था और पाँच वर्षों के जनादेश के बीच में मुख्यमंत्री पद छोड़ना जनता के विश्वास के साथ न्याय नहीं है। विपक्षी दलों का यह भी कहना है कि यह निर्णय राजनीतिक समीकरणों का परिणाम है और इसमें जनता की भावना को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसे जनादेश के साथ खिलवाड़ और राजनीतिक समझौते की राजनीति करार दिया है। उनका तर्क है कि यदि मुख्यमंत्री बदलना ही था तो जनता के पास फिर से जाने का रास्ता अपनाया जाना चाहिए था। इस प्रकार यह बहस केवल सत्ता परिवर्तन की नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक नैतिकता की भी बन गई है।

दूसरी ओर, इस पूरे घटनाक्रम को भाजपा की दीर्घकालिक रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा बिहार में अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान को और अधिक मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। यदि राज्य में भाजपा का मुख्यमंत्री आता है, तो यह बिहार की राजनीति के लिए एक नया अध्याय हो सकता है। भाजपा लंबे समय से यह दावा करती रही है कि वह राज्य में विकास, सुशासन और अपराध-मुक्त प्रशासन को और अधिक प्रभावी रूप में लागू करना चाहती है। पार्टी के नेताओं का कहना है कि बिहार में विकास की गति को और तेज करने, निवेश को बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नई नेतृत्व संरचना की आवश्यकता है।

किसी भी लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन एक सामान्य और आवश्यक प्रक्रिया होती है। यह परिवर्तन यदि लोकतांत्रिक ढंग से और राजनीतिक सहमति के साथ होता है, तो यह व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाता है। बिहार में पिछले दो दशकों में राजनीतिक स्थिरता अपेक्षाकृत बनी रही है और इसका एक बड़ा श्रेय नीतिश कुमार के नेतृत्व को दिया जाता है। अब जब वह सक्रिय प्रशासनिक भूमिका से हटकर संसदीय राजनीति की ओर जा रहे हैं, तो यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नया नेतृत्व उस स्थिरता को किस प्रकार बनाए रखता है। सत्ता परिवर्तन का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि इससे शासन व्यवस्था में नए विचार, नई ऊर्जा और नई प्राथमिकताएँ सामने आती हैं। इस घटनाक्रम के साथ बिहार की राजनीति में नई पीढ़ी के प्रवेश और नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा भी तेज हो गई है। कई राजनीतिक पर्यवेक्षक यह मानते हैं कि यह परिवर्तन केवल एक व्यक्ति या दल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले समय में राज्य की राजनीति के पूरे स्वरूप को प्रभावित करेगा। यदि नई नेतृत्व संरचना बिहार के विकास, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक समरसता के मुद्दों पर प्रभावी ढंग से काम करती है, तो यह परिवर्तन राज्य के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकता है। यदि सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार इन अपेक्षाओं पर खरी उतरती है, तो यह निर्णय बिहार के लिए सकारात्मक परिणाम ला सकता है। बिहार में प्रस्तावित सत्ता परिवर्तन को भाजपा एक व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक अवसर के रूप में देख रही है। पार्टी का मानना है कि लंबे समय से विकास, सुशासन, भ्रष्टावार-मुक्ति और सुरक्षा के जिन मुद्दों पर बिहार पिछड़ता रहा है, उन्हें एक निर्णायक नेतृत्व और कठोर प्रशासनिक इच्छाशक्ति के माध्यम से बदला जा सकता है। इस संदर्भ में कई लोग उत्तर प्रदेश का उदाहरण भी देते हैं, जहाँ योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद अपराध और माफिया पर कठोर कार्रवाई, प्रशासनिक अनुशासन और विकास योजनाओं के विस्तार ने राज्य की छवि और जनजीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन लाने का प्रयास किया। इसी दृष्टि से बिहार में भी यह उम्मीद व्यक्त की जा रही है कि यदि भाजपा को स्पष्ट नेतृत्व का अवसर मिलता है, तो वह अपराध नियंत्रण, भ्रष्टाचार-मुक्ति, प्रशासनिक पारदर्शिता और विकास के नए मानक स्थापित करने की दिशा में काम कर सकती है। आज भी यह व्यापक धारणा व्यक्त की जाती है कि बिहार में शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अपेक्षित गति से विकास नहीं हो पाया है।

# ईरान पर अमेरिका- इजरायल के संयुक्त हमले

**यदि ईरान में सत्ता- संतुलन अस्थिर होता है या प्रतिशोधी हमलों की श्रृंखला शुरू होती है,तो खाड़ी के तेल-गैस प्रतिष्ठान, समुद्री मार्ग और ड्रोन, मिसाइल हमलों के खतरे में आ सकते हैं। 2019 में सऊदी तेल प्रतिष्ठानों पर हमलों की स्मृति अभी ताज़ा है; इसलिए खाड़ी देश खुली प्रतिक्रिया देने के बजाय बैक-चैनल कूटनीति को प्राथमिकता देंगे। इस्लामी जगत की व्यापक प्रतिक्रिया भी बहुस्तरीय होगी। इस्लामी सहयोग संगठन के सदस्य देशों के बीच ईरान को लेकर मतभेद हैं, कुछ देश उसे शिया नेतृत्व के रूप में देखते हैं,कुछ क्षेत्रीय शक्ति- प्रतिस्पर्धी के रूप में। फिर भी किसी संप्रभु देश के सर्वोच्च नेता की लक्षित हत्या का आरोप अंतरराष्ट्रीय कानून और संप्रभुता के प्रश्न उठाता है।**


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर रविवार 1 मार्च 2026 को मध्य- पूर्व और विश्व राजनीति में जिस खबर ने भू-राजनीतिक हलचल मचा दी, वह थी अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर संयुक्त हवाई हमले, जिन्हें 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' और 'ऑपरेशन रोरिंग लायन' (शेर की दहाड़) नाम दिया गया,उसने वैश्विक शक्ति संतुलन को झकझोर दिया। इन हमलों में ईरान के सैन्य अड्डों और रणनीतिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु की खबर ने पूरे विश्व को स्तब्ध कर दिया। यह परिदृश्य तथ्यात्मक रूप से स्थापित हों गया है,यह केवल एक सैन्य घटना नहीं बल्कि एक युगांतकारी राजनीतिक परिवर्तन होगा।इतिहास कभी-कभी ऐसे मोड़ों पर आकर ठहर जाता है जहाँ घटनाएँ केवल क्षेत्रीय नहीं रहतीं, बल्कि पूरी मानव सभ्यता की दिशा बदलने की क्षमता रखती हैं। आधिकारिक पुष्टि, प्रतिपुष्टि और दावों- प्रतिदावों के बीच यह घटना केवल एक व्यक्ति के निधन का प्रश्न नहीं है;यह पश्चिम एशिया की शक्ति-संतुलन संरचना, इस्लामी जगत की राजनीति,ऊर्जा बाज़ार, समुद्री व्यापार मार्गों, परमाणु प्रसार और वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था पर दूरगामी प्रभाव डालने वाली संभावित भू-राजनीतिक भूकंप रेखा है। ईरान के सर्वोच्च नेता की भूमिका केवल धार्मिक या प्रतीकात्मक नहीं,बल्कि राज्य की सामरिक- राजनीतिक दिशा, क्षेत्रीय नेटवर्क और सुरक्षा सिद्धांत के केंद्र में रही है। इसलिए इस घटना के प्रभावों का आकलन बहु-स्तरीय दृष्टिकोण से करना आवश्यक है।सबसे पहले, पश्चिम एशिया के सामरिक परिदृश्य को समझना होगा। इज़रायल और संयुक्त राज्य अमेरिका लंबे समय से ईरान की क्षेत्रीय नीति,विशेषकर लेबनान, सीरिया, इराक और यमन में उसके प्रभाव को अपनी सुरक्षा के लिए चुनौती मानते रहे हैं। यदि कथित ऑपरेशन वास्तव में हुआ और उसके परिणामस्वरूप ईरान के सर्वोच्च नेता की मृत्यु हुई, तो यह केवल टारगेटेड स्ट्राइक नहीं बल्कि प्रतिरोध-धुरी के वैचारिक और संगठनात्मक केंद्र पर सीधा प्रहार माना जाएगा। इसका तत्काल प्रभाव ईरान के भीतर राजनीतिक स्थिरता और सत्ता-हस्तांतरण प्रक्रिया पर पड़ेगा। ईरान की संवैधानिक व्यवस्था के तहत विशेषज्ञों की परिषद नए सर्वोच्च नेता का चयन करती है, परंतु संक्रमण काल में अस्थिरता शक्ति-संघर्ष और सुरक्षा बलों की भूमिका निर्णायक हो सकती है।



साथियों बात अगर हम अरब देशों और खाड़ी क्षेत्र की प्रतिक्रिया को समझने की करें तो स्वाभाविक रूप से सतर्क और संतुलित रही है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और क़तर जैसे देश पिछले कुछ वर्षों में ईरान के साथ संवाद और तनाव-प्रबंधन की दिशा में कदम बढ़ा रहे थे। वे प्रत्यक्ष युद्ध या व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष से बचना चाहते हैं क्योंकि उनकी अर्थव्यवस्था ऊर्जा निर्यात, वैश्विक निवेश और स्थिरता पर निर्भर है। यदि ईरान में सत्ता- संतुलन अस्थिर होता है या प्रतिशोधी हमलों की श्रृंखला शुरू होती है,तो खाड़ी के तेल-गैस प्रतिष्ठान, समुद्री मार्ग और ड्रोन/मिसाइल हमलों के खतरे में आ सकते हैं। 2019 में सऊदी तेल प्रतिष्ठानों पर हमलों की स्मृति अभी ताज़ा है; इसलिए खाड़ी देश खुली प्रतिक्रिया देने के बजाय बैक-चैनल कूटनीति को प्राथमिकता देंगे। इस्लामी जगत की व्यापक प्रतिक्रिया भी बहुस्तरीय होगी। इस्लामी सहयोग संगठन के सदस्य देशों के बीच ईरान को लेकर मतभेद हैं,कुछ देश उसे शिया नेतृत्व के रूप में देखते हैं,कुछ क्षेत्रीय शक्ति- प्रतिस्पर्धी के रूप में। फिर भी किसी संप्रभु देश के सर्वोच्च नेता की लक्षित हत्या का आरोप अंतरराष्ट्रीय कानून और संप्रभुता के प्रश्न उठाता है। ओआईसी के मंच पर कड़ी शब्दावली के प्रस्ताव आ सकते हैं,परंतु सामूहिक सैन्यप्रतिक्रिया की संभावना कम है। अधिक संभावना यह है कि सदस्य देश शांति-आह्वान, संयम और संयुक्त राष्ट्र में बहस की दिशा में आगे बढ़ें। साथियों बात अगर हम भारत के लिए इस स्थिति को समझने की करें तो, यह संकट केवलआर्थिक नहीं बल्कि रणनीतिक और मानवीय आयाम भी रखता है। खाड़ी देशों में लाखों भारतीय काम करते हैं।संयुक्त अरब अमीरात, कतर, ओमान और सऊदी अरब में बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी रहते हैं।यही कारण है कि भारत सरकार ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर सतर्कता बरतने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। यह कदम बताता है कि स्थिति केवल सैन्य नहीं बल्कि नागरिक सुरक्षा का भी प्रश्न बन चुकी है। यदि संघर्ष बढ़ता है, तो भारत को ऑपरेशन राहत जैसे निकासी अभियानों क़ी पुनरावृत्ति करनी पड़ सकती है।

तो वहीं शिक्षा क्षेत्र पर भी इस संकट का प्रभाव दिखाई दे रहा है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) द्वारा मध्य पूर्व के कई देशों में 10वीं और 12वीं की परीक्षाएँ स्थगित करने का निर्णय इस बात का संकेत है कि क्षेत्रीय अस्थिरता अब नागरिक जीवन के मूल ढांचे को प्रभावित कर रही है। यूएई, कतर और ओमान में हजारों भारतीय छात्र सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में पढ़ते हैं। परीक्षा स्थगन केवल शैक्षणिक निर्णय नहीं, बल्कि सुरक्षा प्राथमिकता का संकेत है। यह बताता है कि संघर्ष का प्रभाव सीमाओं से परेसामाजिक ताने-बाने तक पहुँच चुका है। यह ऊर्जा-आयातक भी हैं और पश्चिम एशिया में बड़े प्रवासी समुदाय रखते हैं, संतुलित कूटनीति आवश्यक होगी। भारत पारंपरिक रूप से सभी पक्षों के साथ संवाद बनाए रखने की नीति अपनाता रहा है। तेल- आपूर्ति, समुद्री मार्गों की सुरक्षा और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा प्राथमिकता होगी। एशियाई शक्तियाँ व्यापक युद्ध से बचाव चाहेंगी क्योंकि उनकी आर्थिक वृद्धि वैश्विक स्थिरता पर निर्भर है।

साथियों बात अगर हम वैश्विक स्तरपर प्रश्न उठने को समझने की करें तो क्या यह घटना राज्य-प्रायोजित लक्षित हत्या की नई मिसाल बनेगी? यदि यह सिद्ध होता है कि अमेरिका-इज़रायल ने संयुक्त अभियान में ऐसा किया, तो अंतरराष्ट्रीय मानदंडों, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और क्षेत्रीय स्थिरता के सिद्धांतों पर व्यापक बहस होगी। यूरोपीय शक्तियाँ जैसे फ्रांस,जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम संयम और कूटनीतिक समाधान पर ज़ोर देंगी। रूस और चीन इस घटना को अमेरिकी-पश्चिमी हस्तक्षेप वाद के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं और ईरान के साथ सामरिक-आर्थिक सहयोग बढ़ाने का अवसर देख सकते हैं। इससे वैश्विक शक्ति-ध्रुवीकरण और तेज हो सकता है। साथियों बात अगर हम ऊर्जा बाज़ार पर प्रभाव अत्यंत महत्वपूर्ण होगा इसको समझने की करें तो, ईरान होर्मुज़ जलडमरूमध्य के निकट स्थित है, जहाँ से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है।

# बंद होते हवाई अड्डे: हवा होती हवाई चप्पल वालों की यात्रा

**15 नॉन-ऑपरेशनल एयरपोर्ट्स के रखरखाव और सिक्योरिटी पर पिछले 8 वर्षों में लगभग 878-900 करोड़ रूपये ख़र्च किये जा चुके हुए हैं जबकि कुल उड़ान एयरपोर्ट्स के विकास पर 4,600 करोड़ से भी अधिक ख़र्च होने का अनुमान है। परन्तु सरकार को इससे कोई लाभ नहीं हुआ।**


निर्मल रानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में सूरत में पहली बार कहा था कि सरकार का लक्ष्य है कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा करे। मोदी ने अक्टूबर 2025 में नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट उद्घाटन पर भी यही दोहराया कि 2014 से उनका सपना था कि हवाई चप्पल वाला भी हवाई सफ़र करे। बेशक प्रधानमंत्री का यह वक्तव्य ग़रीबों को हवाई यात्रा मुहैया कराने की सोच को दर्शाता है। इसी मक़सद से उड़ान योजना की शुरुआत की गयी थी। उड़ान अर्थात उड़े देश का आम नागरिक। इस योजना का उद्देश्य छोटे शहरों, टियर-2 और टियर-3 इलाक़ों को हवाई संपर्क से जोड़ना और हवाई यात्रा को सस्ता बनाना था। आंकड़ों के मुताबिक़ 2014 में भारत में लगभग 74 सक्रिय हवाई अड्डे थे जिनकी संख्या 2026 के प्रारंभ तक बढ़कर 160-162 तक हो गयी। इनमें से उड़ान योजना के अंतर्गत एयरपोर्ट, हेलीपोर्ट और वॉटर एयरोड्रोम सहित 93 हवाई अड्डे या तो नए विकसित किये गये या फिर उन्हें पुनर्जीवित किया गया। इनमें से अधिकांश नए या अपग्रेडेड हवाई अड्डे देश के अनेक छोटे शहरों में हैं। गोया कुल मिलाकर गत 10-12 वर्षों में 90 से अधिक नए अथवा सक्रिय हवाई अड्डे जोड़े गए हैं। बताया जा रहा है कि सरकार का लक्ष्य 2047 तक देश भर में 400 से अधिक हवाई अड्डे बनाना है ताकि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा कर सके अर्थात ग़रीबों का सस्ती हवाई यात्रा का सपना साकार किया जा सके।




परंतु पिछले दिनों देश के केवल एक ही राज्य उत्तर प्रदेश से प्राप्त ख़बरों के अनुसार 2021 के बाद उड़ान योजना के अंतर्गत शुरू किये गये 7 नए हवाई अड्डों में से 6 पर नियमित कामर्शियल उड़ानें बंद हो चुकी हैं। धार्मिक पर्यटन के चलते इस समय केवल अयोध्या स्थित महर्षि बाल्मीकि अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा ही सक्रिय है। हालाँकि अयोध्या का यह हवाई अड्डा भी आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा तो ज़रूर घोषित किया गया है परन्तु अंतर्राष्ट्रीय शब्द केवल नाम तक ही सीमित है। वास्तव में अयोध्या का यह महर्षि बाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा वर्तमान में केवल भारत के भीतर सीमित घरेलू उड़ानें ही संचालित करता है और अभी तक किसी दूसरे देश के लिए यहाँ से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू नहीं हुई हैं। अलबत्ता यहाँ से संचालित कुछ स्वदेशी मार्गों जैसे कोलकाता, पटना आदि की उड़ानें भी अस्थायी रूप से बंद ज़रूर हो चुकी हैं। केवल उत्तर प्रदेश देश में जिन हवाई अड्डों से उड़ानों का संचालन फ़िलहाल बंद हो चुका है उनमें कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, आज़मगढ़ एयरपोर्ट, चित्रकूट एयरपोर्ट, श्रावस्ती एयरपोर्ट, मुरादाबाद एयरपोर्ट तथा अलीगढ़ एयरपोर्ट के नाम उल्लेखनीय हैं। इसी तरह पंजाब में पठानकोट व लुधियाना, सिक्किम में पेक्यांग, गुजरात के भावनगर, छत्तीसगढ़ का अंबिकापुर, ओड़ीसा का राउरकेला, मध्य प्रदेश का दतिया, कर्नाटक का कलबुर्गी व हिमाचल के शिमला के हवाई अड्डों के बंद होने की ख़बरें हैं। सैकड़ों करोड़ की लागत से बनाये गये यह हवाई अड्डे कहीं कम पैसेंजर ट्रैफ़िक के कारण अर्थात यात्रियों की कमी के चलते बंद करने पड़े तो कहीं ख़राब दृश्यता , इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम की कमी या एयरलाइंस कंपनियों की संचालन में रुचि न होने के कारण बंद करने पड़े। कहीं पास के बड़े हवाई अड्डों के कारण यात्री न मिलने की वजह से बंद कर दिये गए तो कुछ तकनीकी व इंफ़्रास्ट्रक्चर समस्याओं जैसे छोटे एयरपोर्ट पर हैंगर, फ़्यूल , स्टाफ़ की कमी के कारण भी बंद हुये।

एक अनुमान के अनुसार उड़ान के अंतर्गत बिना किसी उड़ान के ही इन 15 नॉन-ऑपरेशनल एयरपोर्ट्स के रखरखाव और सिक्योरिटी पर पिछले 8 वर्षों में लगभग 878-900 करोड़ रूपये ख़र्च किये जा चुके हुए हैं जबकि कुल उड़ान एयरपोर्ट्स के विकास पर 4,600 करोड़ से भी अधिक ख़र्च होने का अनुमान है। परन्तु सरकार को इससे कोई लाभ नहीं हुआ। इसी तरह एयर पोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इण्डिया (एएआई) के 81 एयरपोर्ट्स पर पिछले 10 वर्षों में 10,853 करोड़ के कुल घाटे का अनुमान है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इससे योजना की सफलता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। ऐसे में यह सवाल उठना लाज़िमी है कि क्या बंद होने वाले हवाई अड्डों या घाटे में चलने वाले हवाई अड्डों को शुरू करते समय या इनकी योजना बनाते वक़्त क्या इस बात का सही आंकलन नहीं किया गया कि यह हवाई अड्डे भविष्य में सुचारु रूप से संचालित हो सकेंगे या नहीं? क्या वजह है कि कल की यह लोकलुभावन योजनायें आज मात्र सफ़ेद हाथी बनकर रह गयी हैं? एक सवाल यह भी है कि हवाई चप्पल वाले हवाई यात्रा करें जैसी लोकलुभावन बातें कर इस तरह की योजनायें केवल चुनावी लाभ लेने के कारण बनाई गयी थीं? साथ ही एक सवाल यह भी कि जिस देश में रेल व बस जैसी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं में सुधार की भारी ज़रूरत हो,जहां अभी तक ट्रेन में यात्रियों को समय पर आरक्षित सीटें उपलब्ध न हो पाती हों,हद तो यह है कि अनेक दूरगामी ट्रेन्स में पैर रखने, खड़े होने यहाँ तक कि यात्रियों के डिब्बों में घुस पाने तक की जगह न मिल पाती हो,जहां आज भी यात्री ट्रेन्स में लटककर और अपनी जान को ज़ोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हों वहां इस तरह की शर्मसार कर देने वाली सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं में सुधार करने व इन्हें व्यवस्थित करने के बजाये ऐसे नये हवाई अड्डे बनाना जोकि शीघ्र ही बंद भी करने पड़ जायें,क्या ऐसा क़दम जनता के पैसों की बर्बादी नहीं है? इन सबके अतिरिक्त यह भी माना जा रहा है कि बिना ज़रुरत के नये हवाई अड्डे शुरू करने के पीछे का एक मक़सद इनके संचालन से सत्ता के नज़दीकी समझे जाने वाले उद्योगपतियों व कार्पोरेट्स को आर्थिक लाभ पहुंचाना भी है।

बहरहाल देश में लगातार बंद होते जा रहे नव सांचालित हवाई अड्डे इस निष्कर्ष पर तो पहुँचने के लिये काफ़ी हैं कि हवाई चप्पल वालों को हवाई यात्रा करने का जो लोकलुभावन ढिंढोरा पीटा जा रहा था वह फ़िलहाल हवा हवाई साबित होता जा रहा है।

# हुरियारिनों ने प्रेम पगे कोड़ों से किए गोपों पर प्रहार

अवधनामा संवाददाता



**बलदेव (मथुरा)।** श्री दाऊजी महाराज का विश्व प्रसिद्ध हुरंगा देखने के लिए गुरुवार को भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती रही। नंगे बदन पर तड़ातड़ कोड़ों की मार देखने के लिए हजारों देशी-विदेशी श्रद्धालु पहुंचे। हुरंगा के नायक शेषावतार श्री दाऊजी महाराज रहे। जहां योगिराज भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई की नगरी बलदेव में आज गुरुवार को विश्व प्रसिद्ध हुरंगा का आयोजन श्री दाऊजी महाराज मंदिर के विशाल प्रागंण में हुआ। दाऊजी के मंदिर में टेसू के फूलों से बना प्राकृतिक रंग एक ही परिवार के लगभग 3 हजार गोपी ग्वालों ने यह अनूठी और अद्वितीय होली खेली।

हुरंगा में पुरुषों के गोप समूह पर महिलाओं ने गोपिका स्वरूप में प्रेम से कोड़ों की मार की। गोपों के नंगे बदन पर कपड़े फाड़कर तड़ातड़ प्रहार किए

■ दाऊजी महाराज का मंदिर गुलाल की छा गई सतरंगी घटाएं

गए, ऊपर से रंग बिरंगे गुलाल और उस उमस से बचाने हेतु फब्बारों से सुगन्धित जल प्रवाहित होता रहता है । उड़ते हुए गुलाल की सतरंगी छठा में इन्द्रधनुष का नजारा प्रतीत हो रहा है। उड़त गुलाल लाल भय बदरा की कहावत भी चरितार्थ दिखाई दे रही है। हुरंगा में गोस्वामी श्री कल्याण देव जी के वंशज सेवायत पांडेय समाज के लोग ही भाग लेते हैं। समाज गायन में होली आई रे श्याम, सुध लीजो÷ जैसे भक्ति गीतों की स्वर लहरियां गूंजती रहीं। महिलाएं नंद के तोते गोरी जब खेलूं, मेरी पोहची में नग जड़वाय जैसे पारंपरिक गीत गाती नजर आईं।

महिलाएं पअपने देवरों के बदन से कपड़े फाड़कर उन्हें टेसू के रंग में भिगोकर कोड़ा बनाकर अपने देवरों पर प्रेम से तड़ातड़ कोड़ों का प्रहार करतीं रहीं, जबकि देवर प्रेम भरे कोड़ों की मार खाते हुए नाचते-गाते दिखाई दिए। मंदिर और आसपास की छतों से गुलाल और फूलों की पंखुड़ियां उड़ती रहीं, जिससे पूरा वातावरण लाल गुलाल से भरे बादलों जैसा प्रतीत हो रहा था।

# तीर्थ नगरी गोवर्धन में सनसनी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भगवान गिरिराज की पावन नगरी गोवर्धन में उस समय सनसनी फैल गई जब जतीपुरा क्षेत्र की एक धर्मशाला के मैनेजर पर गुजरात से आई युवती के साथ अभद्रता और छेड़खानी का गंभीर आरोप लगा। देर रात हुई इस घटना से तीर्थ क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। पीड़ित युवतियों की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार गुजरात के पंचमहल जिले (गोधरा) की रहने वाली दो सहेलियां 2 मार्च को गिरिराज जी के दर्शन करने गोवर्धन पहुंची थीं। दोनों जतीपुरा स्थित मुखारबिंद के पास सौरभी नीलायम धर्मशाला के कमरा नंबर 2 में ठहरी हुई थीं।

शिकायतकर्ता जाह्नवी राठौर के मुताबिक 3 मार्च की रात करीब 10:30 बजे वह दर्शन करने गई हुई थी, जबकि उसकी सहेली कमरे में अकेली थी। इसी दौरान धर्मशाला का मैनेजर हितेश कथित रूप से शराब

■ धर्मशाला के मैनेजर पर श्रद्धालु युवती से छेड़खानी का आरोप




के नशे में वहां पहुंच गया। आरोप है कि मैनेजर ने प्रसाद देने के बहाने दरवाजा खुलवाया और मौका मिलते ही जबरन कमरे के अंदर घुस गया। इसके बाद उसने युवती के साथ छेड़खानी की और अश्लील बातें करने लगा। युवती द्वारा विरोध और शोर मचाने पर आरोपी मैनेजर मौके से फरार हो गया। घटना से घबराई युवतियों ने तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद 4 मार्च को गोवर्धन थाने में लिखित शिकायत देकर आरोपी मैनेजर के खिलाफ पुलिस का कहना है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी गई है और तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रंगों में सराबोर रहा फतेहपुर, मटकी फोड़ के साथ मनी होली

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** जिले में होली का पर्व इस वर्ष पूरे उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। 2 मार्च को होलिका दहन के बाद 4 और 5 मार्च को जिले भर में रंगों की होली खेली गई। सुबह से ही बच्चे, युवा और बुजुर्ग रंग-गुलाल के साथ सड़कों और मोहल्लों में नजर आए। जगह-जगह फिल्मी और पारंपरिक होली गीतों पर लोग थिरकते दिखे और एक-दूसरे को रंग लगाकर बधाइयां दीं।

ग्रामीण क्षेत्रों में होली की अलग ही रौनक देखने को मिली। युवाओं ने ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ टोलियां बनाई और गांव-गांव घूमकर एक-दूसरे को रंग लगाते हुए होली के गीत गाए। कई स्थानों पर फाग और चौताल की पारंपरिक प्रस्तुतियां भी हुई, जिससे ग्रामीण इलाकों में होली का माहौल और भी जीवंत हो गया। फतेहपुर शहर के पटेल नगर, वर्मा चौराहा, पत्थर कटा चौराहा, मुराइन टोला, चौक चौराहा



■ 2 मार्च को होलिका दहन के बाद 4 और 5 मार्च को खेली गई रंगों की होली

और आबू नगर समेत कई स्थानों पर युवाओं द्वारा मटकी फोड़ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और उत्साह के साथ कार्यक्रमों का आनंद लिया। होली मना रहे रंगनी द्विवेदी, अतुल, मनीषा और उर्मिला ने बताया कि इस बार 2 मार्च को होलिका दहन हुआ था, लेकिन ग्रहण के कारण 4 और 5 मार्च को रंग खेला जा रहा है। इससे लोगों को दो दिन तक होली की मस्ती करने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि अधिकतर लोग हर्बल रंगों और गुलाल का प्रयोग कर रहे हैं, ताकि किसी को त्वचा संबंधी परेशानी न हो। पारंपरिक रूप से कई घरों में होली के अवसर पर गुझिया, दही बड़े, मालपुआ और अन्य मिठाइयां बनाई गई और लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं।

उधर, होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिले में व्यापक पुलिस व्यवस्था भी की गई थी। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा और प्रमुख चौराहों पर लगातार निगरानी रखी गई, जिससे कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और लोग सुरक्षित माहौल में त्योहार का आनंद लेते रहे।

# तेज रफ्तार एसयूवी ने बाइक में मारी टक्कर, ससुर-दामाद की मौत



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित बुद्धू खेड़ा में किसान पथ पर बृहस्पतिवार दोपहर तेज रफ्तार एसयूवी ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में घायल महिला समेत बाइक सवार तीन लोगों को गंभीर हालत में पीजीआई स्थित ट्रामा टू में भर्ती कराया। जहां सास ससुर की मौत हो गई। जबकि महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने रोड जाम कर दिया। प्रदर्शन करने लगे। एसीपी गोसाईगंज ऋषभ यादव, इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अफसर परिजनों को समझाने में जुटे हैं। मोहनलालगंज के गोपाल खेड़ा निवासी सुशील कुमार (46) पत्नी और ससुर मुन्नी लाल (60) के साथ बाइक से रिश्तेदार के घर हा रहे थे। तभी रास्ते में किसान पथ पर एसयूवी ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सुशील और उनके ससुर मुन्नी लाल की मौत हो गई, जबकि सुशील की पत्नी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# पुलिस पर हमला करने वाले 13 आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** राहगीरों से अभद्रता का विरोध करने पर ग्रामीणों ने बिन्दकी पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस दौरान सरकंडी चौकी इंचार्ज की वर्दी फाड़ दी गई और पुलिस बल पर पथराव व मारपीट की गई। हमले में वरिष्ठ उप निरीक्षक, चौकी इंचार्ज तथा दो सिपाही समेत कुल चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। सभी का मेडिकल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में कराया गया।

घटना बुधवार शाम की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार छोटेलालपुर गांव के कुछ लोग गांव के समीप फरीदपुर-मंडराव मार्ग पर राहगीरों से अभद्रता कर रहे थे। सूचना मिलने पर सरकंडी चौकी इंचार्ज प्रमोद सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को ऐसा करने से मना किया। इस पर ग्रामीण उनसे उलझ गए और झगड़ा करते हुए उनकी वर्दी फाड़ दी। चौकी इंचार्ज ने मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को दी।

# रिफाइनरी के मुख्यद्वार पर मजदूरों का धरना

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी के संविदा श्रमिकों का गुस्सा गुरुवार को सीधे मुख्यद्वार पर फूट पड़ा। पेट्रोलियम वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर बड़ी संख्या में श्रमिकों ने कार्य बहिष्कार कर रिफाइनरी गेट पर धरना दे दिया। सुबह करीब 5 बजे से ही मजदूरों का जुटान शुरू हो गया, जिसके चलते रिफाइनरी का कामकाज भी प्रभावित रहा। धरने में शामिल श्रमिकों का कहना था कि लंबे समय से भेदभाव, उत्पीड़न और नौकरी की असुरक्षा से वे जूझ रहे हैं। उनकी मुख्य मांग सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने की थी। जैसे-जैसे भीड़ बढ़ती गई, प्रबंधन पर दबाव भी बढ़ता गया और आखिरकार दोपहर तक प्रबंधन को वार्ता की मेज पर आना पड़ा। प्रबंधन और यूनियन के बीच करीब दो घंटे चली बातचीत के बाद कुछ अहम बिंदुओं पर



■ सेवा सुरक्षा पर झुका प्रबंधन

सहमति बनी। तय हुआ कि मौजूदा ठेकों में श्रमिकों की मनमानी भर्ती और निष्कासन रोकने के लिए नए उपबंध जोड़े जाएंगे, जिससे श्रमिकों को तत्काल राहत मिल सके।

नॉन-स्टेटिक श्रमिकों की सेवा सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों पर दोनों पक्षों के सुझाव लेकर आगे भी चर्चा जारी रखने का फैसला हुआ। वार्ता में यूनियन की ओर से अध्यक्ष मधुवन दत्त चतुर्वेदी एडवोकेट, सचिव जनक सिंह, कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मण लवानिया और स्टेटिक श्रमिकों की ओर से किशन आर्य शामिल रहे। वहीं प्रबंधन की ओर से सीजीएम (एचआर) अनिल कुमार, जीएम (एचआर) के. गोपीनाथ और मैनेजर (एचआर) डॉ. नीरज जायसवाल मौजूद रहे। यूनियन ने साफ कहा कि सेवा सुरक्षा के बिना श्रमिकों का उत्पीड़न रुकने वाला नहीं है, इसलिए यह मुद्दा उनके आंदोलन की प्राथमिकता रहेगा। सेवा सुरक्षा के मुद्दे पर 6 मार्च को झांसी में एएलसी (सेंट्रल) की मध्यस्थता में यूनियन और प्रबंधन के बीच फिर बैठक होगी।

# होली के दिन विवाद में चली गोली, महिला गंभीर रूप से घायल

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र के शिकरी गांव में गुरुवार को होली के दिन विवाद के दौरान चली गोली से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने घायल महिला को पहले अमौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे कानपुर रेफर कर दिया। घटना के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी लालजी कोरी की बेटी रोशनी और उसके पति गजेंद्र के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो रहा था। आरोप है कि गजेंद्र अपनी पत्नी रोशनी की पिटाई कर रहा था। इसी दौरान गांव का ही 35 वर्षीय सोनू उर्फ भीम यादव पुत्र हरीलाल नशे की हालत में वहां पहुंच गया और उसने इस विवाद में हस्तक्षेप

■ दामाद-पत्नी के झगड़े में हस्तक्षेप के दौरान फायरिंग, घायल महिला कानपुर रेफर



करते हुए महिला की पिटाई का विरोध किया। बताया जाता है कि गजेंद्र ने सोनू से वहां से चले जाने को कहा, जिस पर वह उत्तेजित हो गया और तमंचे से गोली चला दी। गोली गजेंद्र को नहीं लगी, बल्कि उसके पीछे खड़ी उसकी सास सिया दुलारी के गाल और कनपटी के बीच जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने सोनू उर्फ भीम यादव को पकड़कर एक कमरे में बंद कर दिया था, लेकिन वह दरवाजा तोड़कर वहां से फरार हो गया।

# जोगिजी वाह... जोगिजी., धीरे धीरे...

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** फाल्गुन के रसधार मे डुबी लहुरी कांशी के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रो में बुधवार के दिन होली की धूम चौराहो व सड़को के साथ चटटी चौहरो पर धूमधाम से मनायी गयी, बच्चे, बुढ़े, नवजवान सभी एक होली की रंग में सराबोर रहे। पौराणिक परम्पराओ के अनुसार राधा कृष्ण व गोपियो की होली के लिए बृदाबन, बरसाना, मथुरा की लठमार होली व काशी विश्वनाथ में महाश्मशान की होली के साथ साली, सरहज, सढुवाई व ननद, भौजाई को इस होली के दिन का बड़ी बेसबरी से इंतजार रहता है तो बच्चे, बुढ़े भी इस होली के रंग मे सराबोर नजर आये। एक तरफ इस होली मे मंगलवार को देर रात्रि में होलिका दहन के पश्चात चन्द्रग्रहण लगने के कारण दिनभर ड्राई डे के साथ बाजारो मे खरीदारी की गयी और अगले दिन बुधवार को प्रातः रंगो व गुलालो की सुगन्ध से बाजार और चौराहे भर गये। नगर क्षेत्र में संघ कार्यालय माधव कुटी भवन से नवयुवको का जत्था



कलेक्टरघाट स्थित विश्व हिन्दू परिषद कार्यालय पहुचा जहा पर काशी प्रान्त के सेवा प्रमुख दिनेश चन्द्र मुन्ना ने होली गीत गाकर सभी का अभिनन्दन किया और होली की गीत, भजन व फाग गीत पर युवा जम कर नाचे और ठंड़ई का आनन्द लिया। इसके पश्चात सभी फाल्गुन के मदमस्ती में झुमते हुए पूराने हनुमान मंदिर किलाकोहना कोट में पहुंचकर भजन किर्तन का आयोजन किया गया। इसी क्रम में बुढेनाथ महादेव मंदिर पहुंच कर भजन किर्तन कर बुढ़े महादेव को रंग गुलाल चढ़ा कर वर्ष भर के लिए शुभकामनाओ की इच्छा जतायी गयी और विश्वकल्याण की कामना की गयी। होली गीत जोगिजी वाह....जोगिजी धीरे धीरे दशको पुरानी गीतो की भरमार रही। युवाओ व तरूण, प्रौढ़ो का जत्था वहा से गायत्रीनगर, फाटक, नखास, होते हुए टाउनहाल, बैजनाथ चौक, लालदरवाजा पर आकर संघ कार्यालय पर होली गीत गाया गया और होली की गुझिया व पापड़ के साथ दिन भर होली मनाया गया। ग्रामीण क्षेत्रो में फाग मण्डली ने घर घर जाकर संगीतमय भजन किर्तन व होली गीत गाकर मनायी गयी जिसमें रेवतीपुर, धारानगर, बैजलपुर, तिवारीपुर, भांवरकोल, कासिमाबाद, मरदरह, बिरनो, जमानियां, भदौरा, जंगीपुर, सुखदेवपुर चौराहा पर ढोल मजीरा, झाल के साथ जमकर होली गीत व फाग गाकर होली मनाया गया।

# 11 वर्षीय अरहान ज़की का पहला रोज़ा

अवधनामा संवाददाता

**नई दिल्ली।** रमज़ान का महीना मुसलमानों के लिए बेहद मुक़द्दस माना जाता है, जिसमें अल्लाह तआला की रज़ा और खुश्नूदी के लिए पूरे महीने रोज़े रखे जाते हैं और इबादत का खास एहतमाम किया जाता है। इस बरकत वाले महीने में बड़े-बुज़ुर्गों के साथ-साथ बच्चे भी बढ़-चढ़कर रोज़ा और इबादत में हिस्सा लेते हैं।

इसी कड़ी में डॉक्टर फ़ैसल ज़की के 11 वर्षीय बेटे अरहान ज़की ने अपना पहला रोज़ा रखा। इस खुशी के मौके पर घर में खुशगवार और रूहानी माहौल देखने को मिला। अरहान ज़की के पहले रोज़े पर परिवार के लोगों ने खुशी का इज़हार किया। दादा अता-उर-रहमान, चाचा हबीब-उर-रहमान, वासिफ़-उर-रहमान, भाई अदनान और अमान ज़की सहित अन्य क़रीबी रिश्तेदारों ने बच्चे को दुआओं से नवाज़ा और उसका हौसला बढ़ाया। इस मुबारक मौके पर



डॉक्टर फ़ैसल ज़की के क़रीबी दोस्तों में डॉक्टर मोहम्मद अकमल, नियाज़ अहमद सज्जाद नदवी, डॉक्टर जलीस अहमद, डॉक्टर अफीफ़ा और फ़रीदा ने भी अरहान को मुबारकबाद दी और नेक तमन्नाओं का इज़हार किया। मेहमानों ने कहा कि कम उम्र में बच्चों का अल्लाह की रज़ा के लिए इबादत की तरफ़ रुझान होना बेहद खुशी की बात है। उन्होंने अरहान के लिए अच्छी सेहत, कामयाबी और दीन पर क़ायम रहने की दुआ की। इस मौके पर परिवार ने अल्लाह तआला का शुक्र अदा करते हुए दुआ की कि अरहान आगे भी इसी शौक और जज़्बे के साथ रोज़े रखता रहे।

# सूचना विभाग में फर्जीवाड़े का आरोपी 'कम्प्यूटर ऑपरेटर' गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला सूचना विभाग में आउटसोर्सिंग पर तैनात एक कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर कर सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला उजागर होने के बाद पुलिस ने उसे आखिरकार दबोच लिया। कई दिनों से पुलिस को चकमा दे रहा था आखिर पुलिस ने आरोपी को गुरुवार सुबह इटावा से गिरफ्तार कर लिया गया।

थाना सदर बाजार पुलिस ने बताया कि आरोपी नारायन सिंह (27) पुत्र स्व. भीम सिंह निवासी चौमुहा मनीथोक थाना जैत, मथुरा जिला सूचना विभाग में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कम्प्यूटर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत था। आरोप है कि उसने जिला सूचना अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर कर गलत तरीके से बिल तैयार किए और सरकारी धन के दुरुपयोग का प्रयास किया। इस संबंध में जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी

■ इटावा से दबोचा गया आरोपी



की तहरीर पर थाना सदर बाजार में मुकदमा अपराध संख्या 37/26 दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था और लगातार अपनी लोकेशन बदलकर पुलिस से बचने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सदर बाजार थाना पुलिस की टीम ने इटावा जनपद के एकदिल थाना क्षेत्र स्थित शांति विहार कॉलोनी में दबिश दी और गुरुवार 4:45 बजे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के

**अब उठ रहे कई बड़े सवाल**

सूचना विभाग में सामने आए इस फर्जीवाड़े ने कई सवाल भी खड़े कर दिए हैं। आखिर एक आउटसोर्सिंग कर्मी को इतनी पहुंच कैसे मिल गई कि वह अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर तक कर सके? क्या विभागीय स्तर पर निगरानी की व्यवस्था कमजोर थी और क्या इस पूरे खेल में कोई और भी शामिल है? मामले की गहन जांच कराई जाए तो इस फर्जीवाड़े के पीछे छिपे कई और चेहरे भी बेनकाब हो सकते हैं। पकड़ने के बाद पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और उम्मीद है कि पूछताछ में इस 'फर्जीवाड़े की फाइल' के कई और पन्ने खुल सकते हैं।

खिलाफ पहले से भी एक अन्य मामला थाना जमुनापार में आईटी एक्ट और बीएनएस की धाराओं में दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ईरान पर हमले के खिलाफ वामपंथी मोर्चा का प्रदर्शन




अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमला करने के विरोध में वामपंथी मोर्चा ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए हमले तत्काल बंद करने की मांग की है। उन्होंने विश्व में शांति बनाए रखने के आह्वान के साथ महामहिम को मांगपत्र भेजा है। गुरुवार दोपहर वामपंथी मोर्चा के सदस्य कलेक्ट्रेट पर पहुंचे और अमेरिका व इजराइल के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अमेरिका और इजराइल दुनिया को जंग की तरफ धकेल रहे हैं। दोनों देश अपने व्यापारिकों हितों के कारण दुनिया में संकट पैदा कर रहे हैं। उन्होंने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई समेत पचास नेताओं और स्कूली छात्राओं की हत्या करने को निंदनीय कृत्य बताया है। उन्होंने अमेरिका और इजराइल के हमलों के अंतर्राष्ट्रीय कानून के साथ मानवता के खिलाफ बताया है। अमेरिका और इजराइल दुनिया में दादागिरी कर रहे हैं जिससे दुनिया हैरान है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के इजराइल दौरे के तुरंत बाद ईरान पर हमले से देश की विदेश नीति पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से आग्रह किया है कि अली खामनेई की मौत पर देश के पीएम द्वारा निंदा करने के साथ केंद्र सरकार को विश्व शांति के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।

# गिलट व्यवसाय समिति का होली मिलन समारोह संपन्न

**मथुरा।** गिलट आभूषण व्यवसायी समिति के तत्वावधान में होली मिलन समारोह चित्रकूट मसानी पर हुआ। सर्वप्रथम गिरराज महाराज की छवि पर पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग व समिति के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल सादाबाद वालों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समिति के समस्त सदस्य होली के रंग में नजर आ रहे थे श्री कृष्णा संकीर्तन मंडल के द्वारा होली के भजनो की प्रस्तुति दी गई। होली रे रसीया मन झोरी रे रसिया आज विरज में होली रे रसीया के गानों पर समस्त माहौल रंग नुमा हो गया समिति के सदस्य उनके साथ झूमने नाचने लगे और कार्यक्रम के अंत में फूलों की होली हुई। उपस्थित सभी लोगों ने सर्वप्रथम ठंडाई का आनंद लिया ठंडाई के साथ पानी की टिकिया, पाव भाजी, भलले,चाट मिष्ठान का आनंद सभी सदस्यों ने भरपूर लिया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल सादाबाद वाले, मुख्य संयोजक प्रेमचंद महावर, महामंत्री शंकर अग्रवाल, सह मंत्री सुरेंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष अनिल गर्ग, उपाध्यक्ष गुड्डू आदि सदस्य गण मौजूद थे।

# रमजान में रंगों की बौछार से और खिले सद्भाव के फूल

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** इबादत और अल्लाह का राजी करने के महीने रमजान में आई होली पर रंग-अबीर उड़ा तो मुहब्बत के फूल और खिलने लगे। एकता और सद्भाव का संदेश देते हुए होली खेलने वालों का रोजेदारों ने दिल खोल कर इस्तकबाल किया। जिले में शांत माहौल में खुशियों और उल्लास के साथ होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया है।

चंद्रग्रहण के कारण बुधवार को महानगर में होली का पर्व मनाया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न इलाकों में आधी रात को होलिका दहन हुआ और दिन निकलने पर होली खेलने वालों ने गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर किसरोल हिंदू मंडल व्यापार मंडल के अध्यक्ष अरविंद कुमार जॉनी, अतुल कुमार सोती व सुपरीत खन्ना आदि के द्वारा



■ मुरादाबाद में होली पर दिखा जोश-ओ-खरोशा व उल्लास

टौरासी घंटा मंदिर से होली का जुलूस निकाला गया। जुलूस में महापौर विनोदल अग्रवाल, एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने शिरकत की और सभी को गले मिलकर बधाई दी। जुलूस के साथ एडीएम सिटी ज्योति सिंह, सीओ सिटी सुनीता, सिटी मजिस्ट्रेट. अपर नगर आयुक्त के साथ नागफनी, कोतवाली व मुगलपुरा थानों की पुलिस मौजूद रही। जुलूस में हैंडीक्राफ्टस डेवलपमेंट सोसाइटी के सदर नोमान मंसूरी, रालोद नेता अनवार मलिक अपने समर्थकों के साथ रहे। कारखानेदार एसोसिएशन ने जुलूस में शामिल हुरियारों को गुलाल लगाकर व गले मिलकर बधाई दी। इस मौके पर नोमान मंसूरी ने कहा है कि मुहब्बत बांटने से बढ़ती और समाज में सोहार्द का माहौल मजबूत होता है। उन्होंने सभी से होली की तरह ईद भी मिलजुल कर मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अपने शहर के माहौल को हमें मिलकर बेहतर बनाना है।

# सिंधी उत्सव चेटीचंड महोत्सव की तैयारी शुरू

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सिन्धी जनरल पंचायत ने लगातार 15 दिन चलने वाले सिंधी उत्सव की तैयारी शुरू कर दी है। बहादुर पुरा स्थित स्वामी लीलाशाह धर्मशाला में आयोजित बैठक में सिंधी उत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लेकर सभी कार्यक्रमों की घोषणा की गई।

मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी ने बताया कि चेटीचंड का पर्व सिंधी समुदाय का एक प्रमुख त्योहार है। सिंधी समाज के लोग चेटीचंड के मौके पर अपने आराध्य देवता भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, भगवान झूलेलाल जल के देवता वरुण देव हैं। इस मौके पर सिंधी समाज के लोग जीवन में सुख-समृद्धि, वैभव और संपन्नता की कामना के लिए वरुण देवता की पूजा करते हैं। सिंधी उत्सव के अंतर्गत संकीर्तन यात्रा, सत्संग, संगोष्ठी, रक्तदान तथा शोभायात्रा

■ लगातार एक पखवाड़े रहेगी सिंधी उत्सव की धूम

के कार्यक्रम लगातार एक पखवाड़े शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चलते रहेंगे।

बैठक में शामिल सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष नारायणदास लखवानी, मुख्य संयोजक रामचंद्र खत्री, महामंत्री बसंतलाल मंगलानी, तुलसीदास गंगवानी, जीवतराम चन्दानी, डा. प्रदीप उकरानी, कन्हैयालाल भाईजी, गुरुमुखदास गंगवानी, सुरेशचन्द मेठवानी, भगवान दास मंगवानी बेबूभाई, रमेश नाथानी, जितेन्द्र भाटिया, पीताम्बरदास रोहेरा, जितेन्द्र लालवानी, झामनदास नाथानी, चन्दनलाल आडवानी, किशोर इसरानी, सुदामालाल खत्री, सुन्दरलाल खत्री, हरीश चावला, अशोक अंदानी, गिरधारीलाल नायानी, महेश घावरी, दौलतराम खत्री कन्हैयालाल खत्री एडवोकेट, सुरेश, विष्णु हेमानी, अनिल , मिर्चुमल, तरुण आदि ने सभी विषयों पर चर्चा की।

# होली पर्व पर ईओ ने नलकूप का गहनता से निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

■ **वार्ड भ्रमण कर सभासदों से स्वच्छता व्यवस्था की जानकारी ली**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** होली पर्व के मद्देनज़र नगर में स्वच्छता एवं पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने प्रातः कालीन नगर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नलकूपों की स्थिति, पेयजल आपूर्ति और साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने नगर के प्रमुख नलकूपों का निरीक्षण कर उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि होली के दौरान किसी भी वार्ड में पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। यदि कहीं कोई तकनीकी समस्या आती है तो उसे तुरंत ठीक कराया जाए। इसके अलावा अधिशासी अधिकारी ने नगर के वार्डों में चल रहे स्वच्छता अभियान का भी निरीक्षण करते हुये सभासदों से संबाद किया। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिए कि होली के पर्व को देखते हुए प्रमुख बाजारों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाए ताकि नगरवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान नगर की साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था बनाए रखना पालिका की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी कर्मचारी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के कर्मचारी और पालिका के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# देश की पहचान ही आपसी सौहार्द और गंगा-जमुनी संस्कृति है

■ **चेयरमैन को हिंदू समाज के व्यक्ति ने दी रोजा इफ्तार की दावत**

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जनपद के कस्वा तालग्राम में आपसी भाईचारे और सौहार्द की मिसाल उस समय देखने को मिली जब हिंदू समाज के रामनिवास शर्मा ने रोजा इफ्तार के अवसर पर चेयरमैन मोहसिन खान जानू को अपने आवास पर दावत देकर गंगा-जमुनी तहजीब का एहसास कराया। इस अवसर पर दोनों समुदायों के लोगों ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया।

बीतीशाम रोजा इफ्तार के दौरान तालग्राम नगर पंचायत चेयरमैन मोहसिन खान जानू ने कहा कि भारत की पहचान ही आपसी सौहार्द और गंगा-जमुनी संस्कृति से है, जहां सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे के पर्वों में शामिल होकर खुशियां साझा करते हैं। उन्होनें आमंत्रण के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान करना और एक-दूसरे के त्योहारों में शामिल होना हमारी परंपरा रही है। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को होली पर्व एवं माहे रमजान की मुबारकबाद दी और देश में अमन-चैन तथा खुशहाली की दुआ की। इस मौके पर कस्वे के कई गणमान्य लोग और दोनों समुदायों के नागरिक मौजूद रहे।

# ईरान-इज़राइल संघर्ष पर ऑल इंडिया पसमांदा महाज़ की शांति की अपील

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** रमज़ान के पवित्र महीने के अवसर पर ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने देश के मुसलमानों, विशेषकर पसमांदा समाज से अपील की है कि अंतरराष्ट्रीय घटनाओं को लेकर भावनाओं में बहने के बजाय संयम, समझदारी और संतुलन का परिचय दें। संगठन ने ईरान पर इज़राइल और अमेरिका द्वारा किए गए हमलों में वहां के सुप्रीम लीडर और निर्दोष नागरिकों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति की जान जाना अत्यंत दुखद और निंदनीय है तथा यह पूरी मानवता के लिए चिंता का विषय है।

संगठन ने स्पष्ट किया कि यह एक अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक और सामरिक संघर्ष है, जिसका भारत की आंतरिक शांति और सामाजिक सद्भाव से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। ऐसे में देश के भीतर किसी भी प्रकार की उग्र प्रतिक्रिया, धरना-प्रदर्शन या कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियां समाज और राष्ट्रहित के अनुकूल नहीं हैं। भावनात्मक आवेश में लिया गया कोई भी निर्णय समाज के लिए दीर्घकालिक नुकसान का कारण बन सकता है।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने कहा कि आज के दौर में ÷सूचना युद्ध÷ भी वास्तविक युद्ध जितना ही प्रभावी हो गया है। सोशल मीडिया पर वीडियो गेम के क्लिप, एआई-जनरेटेड तस्वीरें, पुराने युद्धों के वीडियो और भ्रामक सामग्री को वास्तविक बताकर साझा किया जा रहा है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है और किसी भी अपुष्ट या संदिग्ध जानकारी को साझा करने से बचना चाहिए। संगठन ने लोगों से अपील की कि अफवाहों से दूर रहें और एक जिम्मेदार नागरिक की तरह व्यवहार करें।

संगठन ने यह भी कहा कि कुछ लोग भावनात्मक आवेश में आकर हज और उमरा के बहिष्कार की अपील कर रहे हैं, जो पूरी तरह अनुचित और इस्लाम की बुनियादी समझ के खिलाफ है। हज इस्लाम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और इसका किसी भी समकालीन राजनीतिक संघर्ष से कोई संबंध नहीं है। धार्मिक कर्तव्यों को राजनीतिक प्रतिक्रियाओं से जोड़ना उचित नहीं है।

अंत में ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने कहा कि संगठन हमेशा शांति, भाईचारे, संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के पक्ष में खड़ा रहा है। वर्तमान समय में आवश्यकता है कि लोग संयम से काम लें, अफवाहों से बचें और देश की कानून-व्यवस्था तथा सामाजिक सौहार्द को प्राथमिकता दें। संगठन ने विश्वास जताया कि जिम्मेदार और जागरूक नागरिक के रूप में मुसलमान समाज शांति और सद्भाव बनाए रखने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएगा।

# ब्लॉक प्रमुख के पति ने राज्य मंत्री पर लगाए गंभीर आरोप

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** लार ब्लॉक की राजनीति उस समय गरमा गई जब ब्लॉक प्रमुख के पति और ब्लॉक प्रमुख संघ के उपाध्यक्ष अमित कुमार सिंह बबलू ने प्रदेश की एक राज्यमंत्री पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ब्लॉक में कराए गए विकास कार्यों की जांच स्वयं राज्यमंत्री की ओर से आईजीआरएस के माध्यम से कराई गई थी, लेकिन जांच में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई।

अमित कुमार सिंह बबलू का आरोप है कि जांच में खामियां न मिलने के बावजूद उन्हें लगातार अलग-अलग माध्यमों से मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उनका कहना है कि बार-बार अनावश्यक दबाव और कार्रवाई की कोशिशों के जरिए उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

ब्लॉक में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी बात सार्वजनिक करते हुए न्याय की मांग की। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को लेकर किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं है, फिर भी उन्हें परेशान किया जा रहा है।

गौरतलब है कि अमित कुमार सिंह बबलू की पत्नी अनुभवा सिंह लार ब्लॉक की निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख हैं। साथ ही अमित कुमार सिंह बबलू ब्लॉक प्रमुख संघ के उपाध्यक्ष भी हैं। इस मामले को लेकर क्षेत्रीय राजनीति में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। हालांकि इस संबंध में जब राज्यमंत्री से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने इस मामले पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

# शराब पिलाने के बाद पीट- पीटकर युवक की हत्या

**अवधनामा संवाददाता**

■ **फिर शव दफनाया, तीन गिरफ्तार**

**प्रयागराज।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में जमीन में दफन शव मिलने के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। युवक की बेरहमी से हत्या की गई थी। उसे पहले शराब पिलाकर पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा गया और फिर उसका शव जमीन में दफना दिया गया। कत्ल की वजह यह थी कि मारा गया युवक मुख्य आरोपी की बेटी से बात करता था। इस मामले में मुख्य आरोपी समेत तीन को हिरासत में लिया गया है।

ज्ञात हो कि शंकरगढ़ में 24 फरवरी की सुबह कल्याणपुर गांव में नाले के पास टंडन वन गांव के रहने वाले कृष्णा आदिवासी (27) की लाश जमीन में दफन मिली थी। वह सात दिन से लापता था। 17 फरवरी की सुबह वह मजदूरी पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद वह नहीं लौटा। रात होने पर घरवाले खोजबीन में जुटे। आसपास के साथ ही रिश्तेदारों से भी पूछा लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला।

उसका शव दो टुकड़ों में मिला था। परिवारवालों ने हत्या की आशंका जताते हुए यह भी दावा किया था कि उसके दोनों हाथ भी कलाई से कटे हुए थे। शंकरगढ़ पुलिस इस मामले को हादसा बताती रही। दरअसल शव तब बरामद हुआ जब नाले के पास की जमीन की खुदाई हो रही थी। शव दो टुकड़ों में मिलने के बाबत स्थानीय पुलिस यह कहती रही कि जेसीबी की चपेट में आने से शव कट गया।

उधर परिवारवाले लगातार हत्या की आशंका जताते रहे। उनका यह भी कहना था कि कृष्णा का फोन गायब है और उसे आखिरी बार किसी ने फोन कर बुलाया था। भाई राकेश ने बताया था कि रोज वह मजदूरी पर जाता था और घर से निकलने से पहले उसने शटरिंग के काम के लिए जाने की बात बताई थी। हालांकि फोन आने पर उसे बालू ढुलाई के लिए बुलाया गया था। उसने संदेह जताया था कि रोज जब वह मकान निर्माण के काम में मजदूरी के लिए जाता था तो आखिर उस दिन उसे कोई बालू ढुलाई के लिए क्यों ले गया।

पुलिस के अनुसार उसके मोबाइल की सीडीआर निकलवाने पर कुछ अहम क्लू मिले। पता चला कि आखिरी बार उसकी किन लोगों से और कितनी देर बात हुई। इसी आधार पर कुछ संदिग्धों को उठाया गया। इन्हीं में से एक शंकरगढ़ का ही रहने वाला कोल बिरादरी का एक व्यक्ति भी था। पहले तो वह कृष्णा से मिलने की बात से ही इंकार करता रहा लेकिन उसकी कई बातों में विरोधाभास था और इस वजह से वह मुख्य संदिग्ध बन गया।

सख्ती से पूछताछ किए जाने पर उसने जो खुलासा किया, उसे सुनकर पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। उसने बताया, कृष्णा मेरे ही साथ उठता बैठता था लेकिन उसकी नीयत सही नहीं थी। उस पर मैंने भरोसा किया, घर में बैठाया। लेकिन उसने मेरे ही साथ दगा किया। मेरी ही बेटी पर बुरी नजर रखने लगा। मुझसे छिपकर उससे बातें करता था। जब मुझे पता चला, मेरा खून खौल उठा। इसके बाद ही मैंने ठान लिया कि उसे सबक सिखाकर रहूंगा।

पुलिस के अनुसार तय योजना के मुताबिक उसने अपने दो दोस्तों को भी तैयार किया। 17 फरवरी को कृष्णा को बुलाया और फिर तीनों ने साथ में शराब पी। कृष्णा को शराब पिलाकर धुत कर दिया और फिर मौका पाकर उसे दबोच लिया। इसके बाद उसे रॉड से पीट-पीटकर मार डाला। फिर लाश को जमीन में दफना कर भाग निकले। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जांच पड़ताल में पता चला कि आरोपी पहले भी मां-बेटी की हत्या में जेल जा चुका है। उससे पूछताछ के बाद घटना में शामिल दो अन्य लोगों को भी हिरासत में ले लिया गया।

डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव ने बताया, तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा।

# होली पर्व पर हुई सडक दुघर्टनाओं में चार युवक हुये घायल

**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** होली पर्व पर अनियंत्रित गति से बाईक चलानें के दौरान हुई अलग अलग दुघर्टनाओं में चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हे पुलिस व परिजनों द्वारा ईलाज के लिये नगर सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां दो लोगों की हालत चिंताजनक होने के कारण जिला अस्पताल से लेकर कानपुर में भर्ती कराया गया। बीते दिन समय करीब 10:15 बजे नगर के जीटी रोड रामेश्वर कॉम्प्लेक्स के सामने बाइक के फिसलने से उस पर बैठे सुमित पुत्र ओमप्रकाश व आर्यन पुत्र प्रदीप निवासीगण बल्लुपुरवा गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हें पुलिस द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी में भेजा गया। जहां से डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद आर्यन को जिला अस्पताल रिफर किया गया। जबकि नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी नीरज उर्फ रंगा मार्ग दुघर्टना में गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिये कानपुर स्थित निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया। उधर मोहल्ला रामगंज में एवी गर्ल्स कॉलेज के सामनें बाईक के निकट खडे ग्राम खाडेदेवर निवासी अशोक बाथम के अनियंत्रित गति से आ रही बुलेट बाईक सवार ने बाईक सहित उसके जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# नॉर्दन फुटबॉल अकादमी चैंपियन

**प्रयागराज/अवधनामा संवाददाता।** राजीव गांधी नेशनल एविएशन विश्विद्यालय, राय बरेली, उत्तर प्रदेश में प्रारम्भ हुए उड़ान- स्पोर्ट्स फेस्ट फुटबॉल प्रतियोगिता के फ़ाइनल मुकाबले में नॉर्दन फुटबॉल अकादमी की टीम ने नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ फैशन टेक्नोलॉजी रायबरेली को 1-0 से हराकर चैंपियन बनी।

अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष के अनुसार मैच का प्रथम हाफ गोल रहित रहा जबकि नॉर्दन फुटबॉल अकादमी की ओर से अलोक प्रजापति ने कप्तान हर्षित ओझा के पास पर मैच के दूसरे हाफ में गोल किया द्घ पूरे प्रतियोगिता में नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मैच जीते।

नॉर्दन फुटबॉल अकादमी की इस उपलब्धि पर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के निदेशक अभिषेक तिवारी एवं प्रधानचार्य दिनेश कुमार श्रीवास्तव एवं प्रशिक्षकगण ने बधाई एवं शुभकामनाये दी। विजेता नॉर्दन फुटबॉल अकादमी की टीम को मुख्य अतिथि अशोक विश्वकर्मा (ग्रुप मैनेजिंग निदेशक एम वी एम ग्रुप) एवं प्रो डॉ0 भृगु नाथ सिंह कुलपति, राजीव गाँधी राष्ट्रीय एविएशन विश्वविद्यालय रायबरेली ने पुरस्कृत करते हुए विजेता टॉफी, सर्टिफिकेट प्रदान किये।

नॉर्दन फुटबॉल अकादमी की विजेता टीम में हर्षित ओझा (कप्तान), अनिकेत मौर्या, श्लोक सिंह, वेदांत त्रिपाठी, अलोक प्रजापति (उप कप्तान), जयनाथ मिश्रा, रोहित पांडेय, रोहित (गोलकीपर), पियूष कुमार, दीपक, विशाल धर्मवाल, भाविसया शामिल हैं। टीम के मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष , सहायक प्रशिक्षक राहुल वर्मा और मैनेजर राज कुमार रहे।

## अदिति यादव की आपत्ति जनक टिप्पणी करने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** सपा प्रमुख एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के सुपुत्री सुश्री अदिति यादव की एआई जनरेटेड फोटो लगाकर सोसल मिडिया इंस्टाग्राम पर आपत्ति जनक टिप्पणी करने पर सपाई आक्रोषित हैं। सपा एमएलसी डॉ मानसिंह यादव ने इंस्टाग्राम यूजर shekhar 93653 के खिलाफ प्रयागराज साइबर क्राइम पुलिस थाने में सोमवार की देर रात मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धारा 336(4), सूचना एवं प्रद्योगिकी संसोधन अधिनियम 2008की धारा 66,66डी, 67,74 के तहत प्राथिमिकी दर्ज कर ली गई है। एमएलसी डॉ यादव ने इंस्टाग्राम यूजर shekhar 93653 कीअसली पहचान सुनिश्चित करके उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी आई डी को तत्काल बंद कराने की मांग की है। एमएलसी डॉ मानसिंह यादव ने कहा है कि सोशल मीडिया पर किये गए इस कृत्य से सपा नेता अखिलेश यादव सहित पार्टी के समर्थकों की छवि धूमिल करने की सुनियोजित साजिश की गई है।

# चंद्र ग्रहण के कारण बड़े हनुमान मंदिर सहित कई मंदिरों के कपाट बंद

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज के सुप्रसिद्ध और करोड़ों भक्तों की आस्था के केंद्र संगम तट पर स्थित श्री बड़े हनुमान जी मंदिर के कपाट आज चंद्र ग्रहण के चलते श्रद्धालुओं के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं। यह निर्णय ग्रहण के सूतक काल की धार्मिक मान्यताओं का पालन करते हुए लिया गया है। इसके साथ ही कई अन्य मंदिरों के कपाट भी बंद कर दिए गए। आज मंगलवार का विशेष दिन होने के कारण, कपाट बंद होने से पहले भोर में ही मंदिर परिसर भक्तों की जयकारों से गूंज उठा। सूतक काल प्रभावी होने से पहले आयोजित मंगला आरती में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। हजारों भक्तों ने बजरंगबली के लेटे हुए विग्रह के दिव्य दर्शन किए और अपने परिवार की सुख-समृद्धि व आरोग्य की कामना की। जैसे ही सूतक काल का समय निकट आया, परंपराओं का निर्वहन करते हुए मंदिर के पट बंद कर दिए गए।

धार्मिक गणनाओं के अनुसार, चंद्र ग्रहण का सूतक काल शुरू होने के साथ ही सुबह की आरती के तुरंत बाद मंदिर के गर्भगृह के कपाट बंद किए गए। सनातन धर्म की मान्यताओं के अनुसार, ग्रहण काल के दौरान मंदिरों में मूर्तियों का स्पर्श और दर्शन वर्जित होता है। इसी मर्यादा का पालन करते हुए श्री बाघम्बरी पीठाधीश्वर महन्त श्री बलवीर गिरी जी महाराज के निर्देशानुसार दर्शन की व्यवस्था में यह बदलाव किया गया है। भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर प्रशासन ने विशेष समय-सारणी जारी की है जिसमें ग्रहण की समाप्ति और शुद्धि के पश्चात भगवान का विशेष श्रृंगार प्रारंभ होगा। शुद्धिकरण के बाद प्रभु का भव्य श्रृंगार और आरती संपन्न की जाएगी। आम श्रद्धालुओं के लिए कपाट पुनः खोल दिए जाएंगे, जिससे भक्त हनुमान जी के दर्शन कर सकें।

# जनपद पुलिस ने हर्षोल्लास के साथ खेली होली रंगों में सराबोर हुए अधिकारी व कर्मचारी

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जनपद में होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उपरांत पुलिस लाइन आजमगढ़ में पारंपरिक रूप से हर्षोल्लास के साथ होली उत्सव मनाया गया। पुलिस उप-महानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र श्री सुनील कुमार सिंह, जिलाधिकारी आजमगढ़ श्री रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ होली उत्सव में सहभागिता की गयी। इस अवसर पर अधिकारी एवं कर्मचारी रंग, अबीर एवं गुलाल में सराबोर होकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ देते हुए आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द्र का संदेश देते हुए उत्सव में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान संगीत, लोकगीत एवं नृत्य का आकर्षक संगम देखने को मिला, जिसमें पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ द्वारा होली पर्व के दौरान जनपद मे कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की गई।

उन्होंने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक पर्व है, जो समाज में आपसी सद्भाव और एकता को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। सभी पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई द्य कार्यक्रम के दौरान संगीत, लोकगीत एवं नृत्य का आकर्षक आयोजन भी किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया।

# होली प्रेम, भाईचारे व सौहार्द का प्रतीक है : साक्षी पांडेय




**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** होली के पावन अवसर पर सुदीक्षा नई राह फाउंडेशन द्वारा एक भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डेढ़ सौ (150) से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जबकि संस्था के पचास से अधिक सदस्य भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ होली पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किया गया। संस्था की सचिव साक्षी पांडेय ने बच्चों को होली के सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे, सौहार्द और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित एवं प्राकृतिक रंगों से होली खेलने का संदेश भी दिया।इसके पश्चात बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। बच्चों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर अत्यंत आनंद के साथ होली का पर्व मनाया।कार्यक्रम के अंत में बच्चों के बीच दूधिया (मिठाई) का वितरण किया गया, जिसका सभी ने आनंदपूर्वक सेवन किया। बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता और उत्साह स्पष्ट रूप से झलक रहा था।इस अवसर पर संस्था के सदस्य हर्ष जायसवाल , शेषन गुप्ता, आदित्य, श्रीया, स्वेता, श्री सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया द्य सभी ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

# युवक ने फांसी के फंदे पर लटककर दे दी जान

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** फूलपुर थाना क्षेत्र के बीर काजी निवासी 26 वर्षीय शिवाकांत मिश्रा ने मंगलवार सुबह करीब 10 बजे अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना इफको पुलिस चौकी के सामने उनके घर में हुई।

शिवाकांत की मां आरती देवी ने बताया कि सुबह चाय बनाने के बाद जब वह बेटे के कमरे में आई, तो दरवाजा अंदर से बंद था। कई बार आवाज देने पर भी कोई जवाब नहीं मिला, जिसके बाद उन्होंने पड़ोसियों को बुलाया। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया, तो शिवाकांत को फांसी पर लटका पाया गया। बेटे को इस अवस्था में देखकर मां आरती देवी बेहोश हो गईं।

तत्काल पड़ोसियों ने शिवाकांत को फंदे से उतारा और पास के फूलपुर अस्पताल ले गए। हालांकि, वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही फूलपुर थाना की इफको पुलिस चौकी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिजनों ने बताया कि शिवाकांत एमएससी की पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था और इफको कॉलोनी में बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाता था। वह अपनी पांच बहनों में इकलौता भाई था, जिनकी शादी हो चुकी है। उसके पिता अरविंद कुमार मिश्रा दिल्ली में रहते हैं।

# देर रात हुआ होलिका दहन, उड़े गुलाल

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** पूर्णिमा तिथि पर सोमवार को संगम नगरी में श्रद्धा और उत्साह के साथ होलिका दहन किया गया। लोगों ने दिनभर व्रत रखा और शुभ मुहूर्त में आधी रात के बाद विभिन्न मोहल्लों में होलिका जलाई। कुछ स्थानों पर मंगलवार को भी होलिका दहन किया गया। कई स्थानों पर होलिका में लकड़ियों के साथ गोबर के कंडे भी लगाए गए। पुरोहितों के अलग-अलग मत के चलते कई जगह देर रात तक होलिका दहन का सिलसिला जारी रहा।

इस संबंध में श्री बाघम्बरी पीठाधीश्वर महंत बलवीर गिरी महाराज ने बताया कि दो मार्च सायं 5־18 बजे से पूर्णिमा तिथि प्रारंभ हो रही है और सायं 5־19 बजे से रात्रि 4־56 बजे तक भद्रा का प्रभाव रहेगा।

भद्रा काल में होलिका दहन शास्त्र सम्मत नहीं माना जाता, इसलिए मंगलवार प्रातः 4־57 बजे से 6־13 बजे तक सूर्योदय से पूर्व का समय होलिका दहन के लिए श्रेष्ठ रहेगा। इसके बाद चंद्रग्रहण का सूतक मान्य हो जाएगा। इसलिए श्रद्धालुओं ने निर्धारित मुहूर्त में ही विधि-विधान से होलिका दहन किया। होलिका दहन के बाद लोगों ने मंगल कामना के साथ पूजन-अर्चन किया और परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान लाउडस्पीकरों पर होली के गीत गूंजते रहे। कई जगह लोगों ने अबीर-गुलाल उड़ाकर जश्न मनाया और एक-दूसरे को बधाई दी।

होलिका दहन के साथ ही रंगों के पर्व होली की शुरुआत हो गई। शहर के बाजारों में भी देर रात तक रौनक बनी रही और लोग उत्साह के साथ पर्व का आनंद लेते नजर आए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**प्रयागराज।** औद्योगिक क्षेत्र में सेंट जॉन्स एकेडमी के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार भूपेंद्र प्रताप सिंह की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कमलेश कुमार पटेल और सीसी टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और राहगीरों की मदद से घायल भूपेंद्र प्रताप सिंह को तुरंत सीएससी करछना भेजा गया। हालांकि, वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक भूपेंद्र प्रताप सिंह रामनगर मेजा क्षेत्र के केसिया का पूरा गांव के निवासी थे। थाना प्रभारी कमलेश पटेल ने बताया कि घायल को तत्काल इलाज के लिए भेजा गया था, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अवधनामा
लखनऊ, शुक्रवार 6 मार्च 2026


# भारत के लक्ष्य सेन ने जीत से की शुरुआत, पहले दौर में गत चैंपियन को किया चित



**बर्मिंघम।** भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप की जीत से शुरुआत की है। लक्ष्य सेन ने मंगलवार को गत चैंपियन चीन के शी युकी को हराया। लक्ष्य ने 23-21, 19-21, 21-17 से मुकाबला अपने नाम किया जो बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ उनकी पहली व्यक्तिगत जीत है। लक्ष्य ने 2023 में एशियाई खेलों की टीम चैंपियनशिप में चीन के इस खिलाड़ी को हराया था। लक्ष्य ने तेज शुरुआत की और ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। उन्होंने इसे 17-12 लेकिन शी युकी जोरदार वापसी करते हुए तीन गेम प्वाइंट बचाए और 20-20 पर बराबरी हासिल कर ली। लक्ष्य ने चौथा गेम प्वाइंट भी गंवाया। चीन के खिलाड़ी ने हालांकि बैकहैंड शॉट नेट पर उलझाकर लक्ष्य को पांचवां गेम प्वाइंट दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद क्रॉस कोर्ट स्मैश के साथ गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन शी युकी ने इसे 21-19 से जीतकर मुकाबले को तीसरे और निर्णायक गेम में खींचा। निर्णायक गेम में 6-6 के स्कोर के बाद शी युकी ने कुछ देर के लिए बढ़त बनाई लेकिन लक्ष्य ब्रेक तक 11-9 की बढ़त हासिल करने में सफल रहे। लक्ष्य ने इस बढ़त को 16-11 किया और फिर स्मैश के साथ 18-14 से आगे हो गए। लक्ष्य ने शानदार विनर के साथ 19-16 की बढ़त बनाई और फिर चार मैच प्वाइंट हासिल किए। शी युकी ने एक मैच प्वाइंट बचाया लेकिन इसके बाद शॉट बाहर मारकर मैच को भारतीय खिलाड़ी की झोली में डाल दिया। महिला एकल में भारत की मालविका बंसोड को चीन की चेन यू फेई के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 11-21, 6-21 से हार झेलनी पड़ी। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी ने हू पेंग रोन और चेंग सू यिन की मलेशिया की जोड़ी को 21-17, 21-19 से हराया।

# प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज में विश्व चैंपियन गुकेश को मिली हार, अरविंद चिदंबरम ने हराया

**प्रयोग**

**अरविंद ने काले मोहरों से खेलते हुए फिलिडोर डिफेंस का प्रयोग बुरी तरह विफल होने के बाद सिसिलियन डिफेंस अपनाया।**




**नई दिल्ली।** अरविंद ड्रॉ से खुश हो जाते लेकिन गुकेश ने 40वीं चाल में गलती की। अरविंद ने इसका फायदा उठाकर 48 चाल में जीत हासिल कर दी। अरविंद चिदंबरम ने प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के छठे दौर में सटीक रणनीति अपना अपनाकर हमवतन डी गुकेश को हराया जिससे मौजूदा फिडे विश्व चैंपियन अंतिम स्थान पर खिसक गया। अरविंद की जीत का मतलब है कि गुकेश अब लाइव रेटिंग सूची में 20वें स्थान पर खिसक गए हैं। किसी प्रतियोगिता में नहीं खेलने के कारण विश्वनाथन आनंद इस सूची में शामिल नहीं हैं। दिसंबर 2024 में खिताब जीतने के बाद से गुकेश को विश्व चैंपियन का अपना रुतबा बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। जनवरी 2025 में टाटा स्टील मास्टर्स टूर्नामेंट एकमात्र अपवाद था, जब पहले स्थान के लिए खेले गए टाईब्रेकर में वह हमवतन आर प्रज्ञानंद से हार गए थे। अरविंद ने काले मोहरों से खेलते हुए फिलिडोर डिफेंस का प्रयोग बुरी तरह विफल होने के बाद सिसिलियन डिफेंस अपनाया। गुकेश के लिए मुश्किलें खड़ी करना आसान था क्योंकि मिडिल गेम के शुरू में उन्होंने अपना एक प्यादा कुर्बान कर दिया था। अरविंद ड्रॉ से खुश हो जाते लेकिन गुकेश ने 40वीं चाल में गलती की। अरविंद ने इसका फायदा उठाकर 48 चाल में जीत हासिल कर दी। दिन के अन्य मैच ड्रॉ रहे। इस तरह से जोर्डन वैन फोरेस्ट 4.5 अंकों के साथ एकल बढ़त बनाए हुए हैं। उन्होंने स्थानीय स्टार डेविड नवारा के साथ अंक बांटे। नवारो चार अंक लेकर उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

ईरान के परहम मगसूदलू के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद डेविड एंटोन गुइजारोव 3.5 अंक के साथ अगले स्थान पर हैं। उनके बाद अरविंद, जर्मनी के विन्सेंट कीमर और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव का नंबर आता है। नीमन 1.5 अंकों के साथ गुकेश से ठीक ऊपर हैं। चैलेंजर्स वर्ग में विश्व महिला कप विजेता दिव्या देशमुख ने नीदरलैंड के थॉमस बीर्डसेन के साथ ड्रॉ खेला, जबकि सूर्य शेखर गांगुली ने स्पेन के डैनियल युफ्फा के साथ अंक साझा किया।

# बाबा आमिर की नई भविष्यवाणी : बड़बोलेपन का नया उदाहरण पेश किया, गलत साबित होने के बाद भी नहीं सुधर रही हरकत



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ इंग्लैंड को फेवरेट बताया है। उन्होंने भारतीय बल्लेबाजी पर सवाल उठाते हुए कहा कि टीम में सिर्फ एक-दो खिलाड़ी ही लगातार प्रदर्शन कर पा रहे हैं। हालांकि इससे पहले उनकी भविष्यवाणी गलत साबित हो चुकी है, इसलिए अब देखना दिलचस्प होगा कि सेमीफाइनल में असली नतीजा क्या निकलता है। टी20 विश्व कप 2026 में पाकिस्तानी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले जमकर बवाल किया, फिर उनकी टीम को भारत से हार का सामना करना पड़ा और फिर पाकिस्तान टीम सुपर-8 से बाहर हो गई। इसके बावजूद पाकिस्तान के कुछ पूर्व क्रिकेटर अपनी टीम के भविष्य का नहीं सोच रहे हैं, लेकिन उन्हें टीम इंडिया को लेकर भविष्यवाणी जरूर करनी है। इसी कड़ी में आज इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने एक बार फिर भारत की हार की भविष्यवाणी कर दी है। दिलचस्प बात यह है कि इससे पहले भी भारत को लेकर उनकी भविष्यवाणी गलत साबित हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने इस बार इंग्लैंड को भारत पर भारी बताया है और बड़बोलेपन का नया उदाहरण पेश किया है। भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल मुकाबला मुंबई के ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाना है। आमिर का मानना है कि यह मैच हाई-स्कोरिंग हो सकता है और अगर इंग्लैंड दूसरी पारी में बल्लेबाजी करता है तो उसके जीतने की संभावना ज्यादा होगी। भविष्यवाणी के लिए आमिर को बाबा का टैग भी दिया गया था। पाकिस्तानी शो हारना मना है%के दौरान अपनी राय रखते हुए आमिर ने कहा कि मुंबई की पिच बल्लेबाजों के लिए काफी मददगार होती है। उन्होंने कहा, यह मैच अच्छी विकेट पर होगा। अगर इंग्लैंड दूसरी पारी में बल्लेबाजी करता है तो उसके जीतने के ज्यादा चांस होंगे, क्योंकि मुंबई में आम तौर पर हाई-स्कोरिंग मैच होते हैं। उनका मानना है कि इस परिस्थिति में इंग्लैंड के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए ज्यादा खतरनाक साबित हो सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इंग्लैंड के लिए इस पूरे टूर्नामेंट में अब तक फिल सॉल्ट और जोस बटलर ने कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया है। अगर उनका बल्ला चला तो यह इंग्लैंड के लिए बोनस होगा। आमिर का मानना है कि इंग्लैंड के गेंदबाज भी अच्छे फॉर्म में हैं और इंग्लैंड के गेंदबाज भी अच्छी बल्लेबाजी कर लेते हैं। आमिर ने भारतीय टीम की बल्लेबाजी को लेकर भी सवाल उठाए। उनके अनुसार भारत की टीम में सिर्फ एक-दो बल्लेबाज ही अच्छा प्रदर्शन कर पा रहे हैं, जबकि बाकी खिलाड़ी अपेक्षा के मुताबिक योगदान नहीं दे रहे। उन्होंने कहा, अगर भारत की बात करें तो सिर्फ एक या दो बल्लेबाज ही प्रदर्शन कर रहे हैं। वही खिलाड़ी टीम को अंत तक ले जाते हैं, लेकिन बाकी बल्लेबाज फॉर्म में नहीं दिख रहे। आमिर ने आगे कहा, ईशान किशन ने हमारे खिलाफ अच्छा खेला था। अभिषेक शर्मा फॉर्म में नहीं हैं।

# भारत के सामने होगी इंग्लैंड की चुनौती

**मुंबई।** भारत और इंग्लैंड की टीमें गुरुवार को सेमीफाइनल में एक बार फिर आमने-सामने होंगी। यह लगातार तीसरा मौका है जब दोनों टीमें टी20 विश्व कप के अंतिम चार में एक दूसरे का सामना करेंगी। आइए जानते हैं इस मैच के लिए लाइव स्ट्रीमिंग से जुड़ी जानकारी...




सेमीफाइनल के सफर तक बीच में लडखड़ाने वाली भारतीय टीम के सामने अब इंग्लैंड की चुनौती होगी। भारत को अब गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले टी20 विश्व कप के अंतिम चार के मुकाबले में इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाजों की चुनौती का सामना करना होगा जिसमें दोनों टीम एक दूसरे पर अपनी श्रेष्ठ साबित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत में प्रबल दावेदार मानी जा रही भारतीय टीम प्रतियोगिता में मजबूत टीमों के खिलाफ एक भी मैच में शानदार प्रदर्शन नहीं कर पाई। भले ही उसने ग्रुप चरण के अपने सभी मैच जीते लेकिन सुपर आठ में दक्षिण अफ्रीका से मिली करारी हार से उसकी कमजोरियां भी सामने आ गई। इसके बाद हालांकि भारतीय टीम ने लचीला दृष्टिकोण अपनाया जिससे वह सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही। भारत और इंग्लैंड लगातार तीसरी बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में एक-दूसरे का सामना करेंगे। इंग्लैंड ने 2022 में भारत को करारी शिकस्त दी थी। भारत ने 2024 में गुयाना में इसका बदला चुकता कर दिया था। इंग्लैंड को वर्तमान टूर्नामेंट में हैरी ब्रूक और विल जैक्स ने मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाला है, जबकि ऑलराउंडर सैम करन ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। दोनों टीम एक दूसरे के खेल से अच्छी तरह परिचित हैं और ऐसा नहीं कहा जा सकता कि किसी टीम को कुछ विशेष फायदा मिलेगा। सेमीफाइनल जिस पिच पर खेला जाएगा, उस पर अभी तक दो मैच खेले गए हैं। इनमें वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ 196 रन का बचाव किया और इटली ने नेपाल को 123 रन पर आउट करने के बाद 10 विकेट से आसान जीत हासिल की थी।

# सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की शादी में शामिल हुए शाहरुख खान और आमिर, गौरी और बेटी सुहाना



**मुंबई।** सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंदोक की शादी में कई सितारें लगातार शामिल हो रहे हैं। शाहरुख खान अपनी पत्नी गौरी खान और बेटी सुहाना खान के साथ पहुंचे, जबकि आमिर खान चमकीली शेरवानी में अकेले नजर आए।

सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने आज 5 मार्च 2026 को मुंबई में सानिया चंदोक से शादी कर ली है। यह शादी साल की सबसे बड़ी और चर्चित शादियों में से एक है। इस शादी में बॉलीवुड, क्रिकेट और बिजनेस जगत की कई बड़ी हस्तियां शामिल हुईं। शाहरुख खान अपनी पत्नी गौरी खान और बेटी सुहाना खान के साथ शादी में पहुंचे। वे सभी पारंपरिक कपड़ों में बहुत अच्छे लग रहे हैं। गौरी सुनहरी साड़ी में शानदार दिखीं, जबकि सुहाना ने हल्के सुनहरे लहंगे में सबका ध्यान खींचा। शाहरुख ने आने पर अपने मशहूर अंदाज में सबको सलाम किया। अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंदोक की शादी शादी में अमिताभ बच्चन, अभिषेक बच्चन, ऐश्वर्या राय बच्चन, फरहान अख्तर और गायिका आशा भोसले भी नजर आए। क्रिकेट जगत से एमएस धोनी, सुरेश रैना, श्रेयस अय्यर, पृथ्वी शॉ, इरफान पठान, हरभजन सिंह जैसे कई स्टार खिलाड़ी आए। इसके अलावा आईसीसी के जय शाह और कई बड़े बिजनेसमैन भी शामिल हुए। अर्जुन और सानिया की सगाई अगस्त 2025 में प्राइवेट तरीके से हुई थी। शादी की रस्में 3 मार्च से शुरू हुईं, जिसमें मेहंदी और संगीत जैसे पारंपरिक कार्यक्रम हुए। मुख्य शादी 5 मार्च को मुंबई में भव्य तरीके से हुई।

सानिया मुंबई के एक बड़े बिजनेस परिवार से हैं। वह उद्योगपति रवि घई की पोती हैं। यह शादी क्रिकेट, फिल्म और बिजनेस की दुनिया को एक साथ लाने वाला खास मौका बना। यह एक यादगार और भव्य शादी रही, जिसमें शामिल हुए सभी सितारों, क्रिकेटर्स और बाकी मेहमानों ने नवविवाहित जोड़े को ढेर सारा प्यार और आशीर्वाद दिया।

# अनुराग डोभाल ने परिवार पर लगाए संगीन आरोप

**उत्पीड़न**

**मशहूर यूट्यूबर अनुराग डोभाल एक वीडियो को लेकर सुर्खियों में हैं। यह वीडियो उन्होंने खुद शेयर किया है। वीडियो में उन्होंने अपने परिवार पर यातना और उत्पीड़न का आरोप लगाया है।**



**मुंबई।** मशहूर यूट्यूबर अनुराग डोभाल का एक वीडियो वायरल हो रहा जो काफी परेशान करने वाला है। इस वीडियो में उन्होंने अपने माता-पिता पर संगीन इल्जाम लगाए हैं।

मशहूर यूट्यूबर अनुराग डोभाल एक वीडियो को लेकर सुर्खियों में हैं। यह वीडियो उन्होंने खुद शेयर किया है। वीडियो में उन्होंने अपने परिवार पर यातना और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जब से उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड रितिका से इंटर-कास्ट शादी की है, तब से ऐसी हालत है।

रियलिटी शो बिग बॉस 17 के लिए मशहूर अनुराग डोभाल ने अपने यूट्यूब वीडियो का स्क्रीनशॉट शेयर किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है आखिरी संदेश।

दो घंटे के वीडियो में, अनुराग को रोते हुए और यह कहते हुए सुना जा सकता है पिछले कुछ महीनों में, मेरी जिंदगी में इतना बड़ा बदलाव हुआ है कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि जिंदगी ऐसे पटक के छोड़ देगी।

**आत्महत्या के बारे में सोच रहे अनुराग**

यूट्यूबर ने दावा किया कि उसकी पत्नी रितिका उसे छोड़कर चली गई है। वह सुसाइड करने के बारे में भी सोच रहा है। उसने आगे कहा मेरी मौत के जिम्मेदार मम्मी, पापा, कलम (भाई) और श्रेया हैं। मेरे पास करने के लिए कुछ नहीं बचा है। मैं बहुत परेशान हूं। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि यह भावना कैसे खत्म करूं। इस वीडियो के बाद शायद मैं गायब हो जाऊंगा। मैं बस सोना चाहता हूं। पांच दिन से कुछ खाया नहीं है, दिमाग एकदम खत्म हो गया है।

**क्या है परेशान होने की वजह?**

अनुराग ने आरोप लगाया कि उनके माता-पिता ने रितिका के साथ उनकी शादी को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और उन्हें घर में घुसने नहीं दिया। इसकी वजह थी कि वह दूसरी बिरादरी की थी। यूट्यूबर का दावा है कि उसके माता-पिता ने उसे शादी से ठीक छह दिन पहले %अकेले% अपनी शादी मैनेज करने के लिए कहा था।

**कब हुई शादी?**

अनुराग ने दावा किया कि रितिका ने उसे सोशल मीडिया पर 2-3 साल तक लगातार मैसेज किए। इसके बाद उन्होंने जवाब दिया। दोनों ने शादी करने का फैसला किया। हालांकि अनुराग के परिवार ने शादी की मंजूरी नहीं दी। इसके बावजूद कपल ने पिछले साल मई में शादी कर ली थी। उन्होंने सितंबर में अपनी पहली प्रेग्नेंसी अनाउंस की।

## भारी तनाव के बाद प्रीति जिंटा ने परिवार के साथ मनाई होली

**मुंबई।** प्रीति जिंटा ने बताया कि विदेश से लौटते समय उनका सफर काफी तनावभरा रहा, खासकर मौजूदा पश्चिम एशिया के संघर्ष के बीच। हालांकि मुंबई सुरक्षित लौटने के बाद उन्होंने राहत महसूस की और अपने परिवार और दोस्तों के साथ होली का त्योहार मनाया। प्रीति जिंटा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए अपनी होली सेलिब्रेशन की कई तस्वीरें भी पोस्ट कीं। तस्वीरों में वह अपने करीबियों के साथ रंगों के बीच खुश नजर आ रही हैं। लंबे और थकाने वाले सफर के बाद घर लौटकर त्योहार मनाते हुए उनके चेहरे पर सुकून और खुशी साफ दिखाई दे रही थी। अपने पोस्ट के कैप्शन में प्रीति ने लिखा कि वह दुनिया के दूसरे छोर से एक बहुत तनावभरी यात्रा के बाद मुंबई सुरक्षित लौटने के लिए बेहद आभारी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानती हैं कि वह सुरक्षित घर पहुंचकर अपनों के साथ होली मना सकीं।

# ‘भूत बंगला’ के सेट पर नामी क्रिकेटर संग अक्षय कुमार ने खेला क्रिकेट, क्या फैंस को भायी बैटिंग



इन दिनों अक्षय कुमार फिल्म ‘भूत बंगला’ की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म के शूटिंग सेट से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें अक्षय एक नामी क्रिकेटर के साथ क्रिकेट खेल रहे हैं। इस वीडियो पर यूजर्स ने जमकर रिएक्शन दिए हैं। अक्षय कुमार एक्टिंग के अलावा मार्शल आर्ट में भी एक्सपर्ट हैं, यह बात उनके फैंस जानते हैं। लेकिन क्या वह क्रिकेट खेलने में भी महारथ रखते हैं। इस बात का पता फैंस को नहीं है। हाल ही में खिलाड़ी कुमार को एक नामी क्रिकेटर के साथ ‘भूत बंगला’ के सेट पर क्रिकेट खेलते हुए देखा गया। इस मैच में क्या अक्षय उस क्रिकेटर पर भारी पड़े या फिर उनकी एक नहीं चली। देखें, अक्षय कुमार का क्रिकेट खेलते हुए वायरल वीडियो। फिल्म भूत बंगला के सेट पर अक्षय कुमार ने शिखर धवन के साथ क्रिकेट मैच खेला। अक्षय ने शिखर के गेंदों का सामना किया, अच्छे शॉट्स लगाए। इसके बाद शिखर ने भी खिलाड़ी कुमार की गेंदबाजी पर बैटिंग की और खूब शॉट्स लगाए। फैंस अक्षय कुमार की बैटिंग देखकर काफी इंप्रेस नजर आए। कई यूजर्स ने लिखा, अक्षय पाजी हमेशा कमाल करते हैं।

**कब रिलीज होगी फिल्म भूत बंगला?**

अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी ‘भूत बंगला’ से 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। हाल ही में इस फिल्म का पहला गाना ‘राम जी आके भला करेंगे’ रिलीज हुआ है। जिसे फैंस ने काफी पसंद किया। अक्षय कुमार की यह फिल्म इसी साल रिलीज होगी। ‘भूत बंगला’ में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव सरीखे स्टार्स प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। ‘भूत बंगला’ 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**इन फिल्मों में भी नजर आएंगे अक्षय कुमार**

भूत बंगला के अलावा अक्षय कुमार एक फिल्म ‘हैवान’ भी कर रहे हैं। इसमें हीरोइन सैयामी खेर हैं। डायरेक्शन प्रियदर्शन कर रहे हैं। फिल्म इसी साल रिलीज हो सकती है। इसके अलावा वह वेलकम टू द जंगल नाम की एक कॉमेडी फिल्म भी कर रहे हैं।

## सोनू सूद फिर बने ‘रियल लाइफ हीरो’ की मिसाल

**मुंबई।** सोनू सूद अक्सर लोगों की मदद के लिए आगे आते हैं। हाल ही में उन्होंने राजपाल यादव की भी मदद की थी। ये पहले एक्टर थे, जिन्होंने राजपाल की मदद के लिए पहल शुरू की थी और इंडस्ट्री के लोगों को मदद के लिए आगे आने को कहा था। अब पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के बीच एक बार फिर सोनू सूद ने इंसानियत की मिसाल दी है।

गुरुवार को सोनू सूद ने ऐलान किया कि दुबई में फंसे लोगों के लिए वे फ्री में रहने की व्यवस्था कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए कहा कि जो लोग इस संकट की वजह से दुबई में फंस गए हैं और उनके पास रहने की जगह नहीं है, वे उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ऐसे लोगों को बिल्कुल मुफ्त ठहरने की सुविधा दी जाएगी। वीडियो में सोनू ने कहा, ‘अगर कोई भी व्यक्ति इस समय के संकट में दुबई में फंसा हुआ है, तो हम बस इतना कहना चाहते हैं कि आपके पास रहने की जगह है।

# नाना पाटेकर की ‘तिरंगा’ में नजर आईं अभिनेत्री ठगी का शिकार

**मुंबई।** वर्षा उसगांवकर हिंदी और मराठी फिल्मों का जाना-माना नाम हैं। हाल ही में मुंबई पुलिस ने जानकारी साझा की कि कई लोगों समेत अभिनेत्री वर्षा उसगांवकर भी ठगी और धोखाधड़ी का शिकार हुईं। एक्ट्रेस के अलावा कई लोगों से लगभग 47 लाख रुपये ठगे गए हैं। जानिए, क्या है ये पूरा मामला।



मुंबई पुलिस के मुताबिक मराठी एक्ट्रेस वर्षा उसगांवकर के अलावा कई लोगों ने एक व्यक्ति ने लाखों रुपये की ठगी की है। एक बिल्डर और प्रोड्यूसर बनकर इस व्यक्ति ने करीब 47 लाख रुपये ठगे हैं। यह मामला मराठी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा है।

मुंबई पुलिस के मुताबिक अविनाश जाधव के खिलाफ शिकायत मराठी थिएटर और फिल्म एक्ट्रेस मृणालिनी सुभाष जांभाले ने की है। वह अविनाश को प्रोफेशनल जानती थीं। इस व्यक्ति ने खुद को बिल्डर और प्रोड्यूसर बताया। एक कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट में इंवेस्ट करने पर ज्यादा रिटर्न का वादा किया। नवंबर 2019 और फरवरी 2020 के बीच, मृणालिनी जांभाले, वर्षा उसगांवकर और तीन अन्य लोगों ने आरोपी को 47 लाख रुपये ट्रांसफर किए।

इस व्यक्ति ने रिटर्न के तौर पर कुछ पैसा लौटाया। फिर बाद में पेमेंट करना बंद कर दिया। बार-बार कॉन्टैक्ट करने के बाद मोबाइल बंद कर दिया। साथ ही पैसा मांगने वाली एक्ट्रेस को धमकी भी दी। पुलिस अभी जांच कर रही हैं कि आरोपी ने अब तक कितने और लोंगो को फंसाया है।

## राज्यसभा चुनाव-महाराष्ट्र से शरद पवार समेत 7 प्रत्याशियों का नामांकन

# टीएमसी के 4 उम्मीदवारों ने पर्चा भरा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने का गुरुवार को आखिरी दिन है। महाराष्ट्र की सात सीटों के लिए महायुति के छह उम्मीदवारों और महा विकास अघाड़ी के शरद पवार ने नामांकन दाखिल किया।

बिहार में भाजपा के दो प्रत्याशी पार्टी के नेशनल प्रेसिडेंट नितिन नवीन और शिवेश कुमार ने नॉमिनेशन किया। वहीं बिहार के सीएम नीतीश कुमार अब राज्यसभा जा रहे हैं, उन्होंने भी पर्चा भरा।

अब बिहार को नया सीएम मिलेगा। नितिन और नीतीश के नामांकन में गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहे।

इधर, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के 4 उम्मीदवारों कोएल मल्लिक, मेनका गुरस्वामी, राजीव कुमार और बाबुल सुप्रियो ने आज अपना नामांकन दाखिल किया।



आज सुबह ही कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए 6 उम्मीदवारों का ऐलान किया। तेलंगाना से अभिषेक मनु सिंघवी और छत्तीसगढ़ से फूलो देवी नेताम को दोबारा उम्मीदवार बनाया है। दोनों वर्तमान में राज्यसभा सांसद हैं।

पार्टी ने हरियाणा से करमवीर सिंह बौद्ध और हिमाचल प्रदेश से अनुराग शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। वे कांगड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हैं। उन्हें हिमाचल सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू का करीबी माना जाता है।

तेलंगाना की दूसरी सीट के लिए कांग्रेस ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के करीबी माने जाने वाले वेम नरेंद्र रेड्डी को मैदान में उतारा है। तमिलनाडु में स्टालिन की पार्टी छ्रस्ब्ख ने कांग्रेस को एक राज्यसभा सीट दी है।

कांग्रेस ने यहां से एम. क्रिस्टोफर तिलक को उम्मीदवार बनाया है। इधर, भाजपा भी दो बार में 13 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर चुकी है।

राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 4 प्रत्याशियों के नाम वाली दूसरी लिस्ट जारी की। इसमें केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और माया चिंतामन इवनाते और रामराव वडकुते के नाम हैं।

एक दिन पहले भाजपा ने राज्यसभा के लिए पार्टी उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। इसमें 6 राज्यों से 9 नाम शामिल थे। अब 7 राज्यों से कुल 13 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान हो चुका है।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी बिहार से राज्यसभा भेजे जाएंगे। उनके अलावा बिहार से शिवेश कुमार का भी नाम है। छत्तीसगढ़ से भाजपा ने लक्ष्मी वर्मा को उम्मीदवार बनाया है।

असम से तेराश गोवाला, जोगेन मोहन, हरियाणा से संजय भाटिया, ओडिशा मनमोहन सामल, सुजीत कुमार और पश्चिम बंगाल से राहुल सिन्हा उम्मीदवार हैं।

10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर 16 मार्च को चुनाव कराया जाएगा। 16 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच वोटिंग होगी और उसी दिन शाम 5 बजे वोटों की गिनती की जाएगी।

## लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने दिया इस्तीफा, सियासी हलचल तेज

एजेंसी



**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस अचानक त्यागपत्र से प्रदेश की राजनीति में बड़ी हलचल मच गई है। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब कुछ ही देर पहले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने भी इस्तीफा दिया था।

कविंदर गुप्ता के इस्तीफे की खबर ने राजनीतिक गलियारों में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इस फैसले के पीछे के कारणों को लेकर विभिन्न स्तरों पर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि, उपराज्यपाल के पद छोड़ने का वास्तविक कारण अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। राजनीतिक विश्लेषक इस इस्तीफे को एक महत्वपूर्ण घटना मान रहे हैं। उनका मानना है कि इसका असर लद्दाख के प्रशासनिक और राजनीतिक परिदृश्य पर पड़ सकता है। दो प्रमुख राज्यों के राज्यपालों का लगभग एक साथ इस्तीफा देना केंद्र सरकार के लिए भी विचारणीय विषय बन गया है। इस घटना ने देश की संवैधानिक नियुक्तियों पर भी ध्यान आकर्षित किया है। यह देखना होगा कि केंद्र सरकार इस स्थिति से कैसे निपटती है।

कविंदर गुप्ता के इस्तीफे के बाद लद्दाख में नए उपराज्यपाल की नियुक्ति को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। इस पद पर कौन नियुक्त होगा, यह देखना दिलचस्प होगा। प्रदेश में प्रशासनिक स्थिरता बनाए रखने के लिए जल्द ही नए उपराज्यपाल की घोषणा की जा सकती है। राजनीतिक दल इस घटनाक्रम पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए हैं। वे सरकार के अगले कदम का इंतजार कर रहे हैं।

उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता के इस्तीफे के कारणों पर अभी भी पर्दा पड़ा हुआ है। आधिकारिक सूत्रों ने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी है। राजनीतिक हलकों में व्यक्तिगत कारणों से लेकर प्रशासनिक मतभेदों तक की अटकलें लगाई जा रही हैं।

### क्विक न्यूज

#### मौसम फिर लेगा करवट, पंजाब-हरियाणा समेत इन राज्यों में बरसेंगे बादल

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में मौसम ने करवट ले ली है। दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में ठंड का प्रभाव काफी कम हो गया है। दिन में धूप महसूस की जा रही है। हालांकि पहाड़ी राज्यों में अब भी बारिश और बर्फबारी जारी है। जबकि जम्मू-कश्मीर में चिल्लई ठंड का दौर 19 फरवरी को खत्म होगा जिससे ठंड थोड़ी कम होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश में भी बर्फबारी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने नया अपडेट जारी किया है। दिल्ली के मौसम की अगर बात करें तो दिल्ली में आसमान में आंशिक बादल छाए रहे और सुबह के समय स्मॉग या हल्का कोहरा दर्ज किया गया। साथ ही अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। 19 और 20 फरवरी को दिल्ली में बारिश होने की संभावना जताई गई है।

#### पलनाडु जिले में सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**पलनाडु।** आंध्र प्रदेश में पलनाडु जिले के राजुपालम मंडल में रविवार को एक लॉरी और कार की बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, रविवार सुबह पलनाडु जिले के राजुपालम मंडल के पेडानेमालिपुरी के पास सड़क दुर्घटना हुई। मृतक हैदराबाद से मड्डीपाडु जा रहे थे। मृतकों की पहचान शेख नाजिमा (50), शेख नूरुल्लाह (26) और शेख हबीबुल्लाह (24) के रूप में हुई है। तीनों मृतक एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। इस घटना के कारण हाइवे पर लंबा जाम लग गया, जिसके कारण पुलिस को वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करना पड़ा। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

## एअर इंडिया हादसे की रिपोर्ट पर उठे सवाल

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर चर्चा तेज हो गई है। एक तरफ जहां अंतिम जांच रिपोर्ट के आने तक इंजतार करने की बात कही जा रही है। वहीं दूसरी ओर इस प्रारंभिक रिपोर्ट को लेकर मार्टिन कंसल्टिंग के संस्थापक और सीईओ मार्क डी मार्टिन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के पायलट बेवकूफ नहीं हैं। वे सच्चाई को समझते हैं। कोई भी पायलट जो अपने परिवार की रोजी-रोटी के लिए अपनी जान जोखिम में डालता है, वो इस तरह की रिपोर्ट से गुमराह नहीं होगा। यह कोई विच हंट नहीं है, जिसमें पायलटों को बलि का बकरा बनाया जाए, बल्कि निष्पक्ष और ईमानदार जांच होनी चाहिए। मार्टिन ने रिपोर्ट की तकनीकी खामियों पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जैसे ही विमान ने उड़ान भरी, इंजन फेल हो गया।

## उग्रवादी संगठन उल्फा आई के दावे का भारतीय सेना ने किया खंडन, कहा- हमारे पास ऐसी कोई जानकारी नहीं

एजेंसी

**गुवाहाटी।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन उल्फा (आई) ने दावा किया है कि भारत-म्यांमार सीमा के पास स्थित उनके कैंपों पर भारतीय सेना ने ड्रोन और मिसाइल से हमला किया है। हालांकि, सेना की ओर से इस दावे की पुष्टि नहीं की गई है। उल्फा (आई) ने रविवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि हमले सुबह के समय ड्रोन से किए गए और उनके कई मोबाइल कैंपों को निशाना बनाया गया। संगठन ने कहा कि इस हमले में उनके लोअर काउंसिल के चेयरमैन नयन आसम उर्फ नयन मेधी की मौत हो गई, जबकि लगभग 19 अन्य लोग घायल हुए हैं।

जब इस बारे में भारतीय सेना के प्रवक्ता से संपर्क किया गया, तो उन्होंने ऐसे किसी भी हमले की जानकारी से इनकार किया। लेफ्टिनेंट कर्नल महेन्द्र रावत ने कहा, भारतीय सेना के पास ऐसी किसी कार्रवाई की कोई जानकारी नहीं है।

इसके बाद उल्फा (आई) ने एक और बयान जारी कर दावा किया कि जब मारे गए नेता नयन आसम का अंतिम संस्कार किया जा रहा था, तब उनके कैंप पर फिर से मिसाइलों से हमला किया गया। संगठन के अनुसार इस हमले में उसके दो वरिष्ठ नेता - ब्रिगेडियर गणेश आसम और कर्नल प्रदीप आसम - मारे गए, जबकि कई अन्य सदस्य और कुछ आम लोग घायल हुए।

इस पूरे घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि असम पुलिस या राज्य की ओर से ऐसी किसी भी कार्रवाई में शामिल होने की बात गलत है। उन्होंने कहा, असम पुलिस इसमें शामिल नहीं है और हमारी जमीन से कोई हमला नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर इस तरह की कोई सैन्य कार्रवाई होती, तो सेना की ओर से इसकी जानकारी सार्वजनिक की जाती, लेकिन अब तक ऐसा कुछ नहीं हुआ है।

## नीतीश की राज्यसभा की राह कितनी मुश्किल- 5वें उम्मीदवार को जिताने का क्या गणित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। देशभर में राज्यसभा की कुल 37 सीटों पर चुनाव होने हैं। इनके लिए महाराष्ट्र से लेकर असम और तमिलनाडु से लेकर बंगाल तक की राज्यसभा सीटें हैं। हालांकि, बिहार में हुए एक हालिया घटनाक्रम ने इन चुनावों में लोगों की दिलचस्पी बढ़ा दी है। दरअसल, बिहार के मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संसद के उच्च सदन के चुनाव के लिए नामांकन कर दिया है।



ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर राज्यसभा में चुनाव कैसे होता है? बिहार से कितनी सीटें दांव पर हैं? इन सीटों पर नीतीश कुमार के अलावा कौन-कौन दावेदारी ठोक रहा है? राज्यसभा सीट जीतने के लिए क्या समीकरण है? आइये जानते हैं...

राज्यसभा में किस राज्य से कितने सांसद होंगे यह उस राज्य की जनसंख्या के हिसाब से तय होता है। राज्यसभा के सदस्य का चुनाव उस राज्य की विधानसभा के चुने हुए विधायक करते हैं, जिस राज्य से वह उम्मीदवार है। राज्यसभा चुनाव की प्रक्रिया लोकसभा और विधानसभा चुनाव से काफी अलग है, क्योंकि इस सदन के लिए मतदान सीधे जनता नहीं करती, बल्कि जनता के द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि करते हैं। राज्यसभा के सदस्यों का कार्यकाल छह साल का होता है। राज्यसभा चुनावों के नतीजों के लिए एक फॉर्मूला भी तय किया गया है।

जिस राज्य की राज्यसभा सीट के लिए चुनाव हो रहे हैं, उस राज्य के विधायक इसमें वोट डालते हैं। इन चुनाव में लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तरह वोट नहीं पड़ते। यहां विधायकों को वरीयता के आधार पर वोट डालना होता है।

विधायकों को चुनाव आयोग की ओर से एक विशेष पेन दिया जाता है। उसी पेन से उम्मीदवारों के आगे वोटर को नंबर लिखने होते हैं। एक नंबर उसे सबसे पसंदीदा उम्मीदवार के नाम के आगे डालना होता है। ऐसे दूसरी पसंद वाले उम्मीदवार के आगे दो लिखना होता है। इसी तरह विधायक चाहे तो सभी उम्मीदावारों को वरीयता क्रम दे सकता है। अगर आयोग द्वारा दी गई विशेष पेन का इस्तेमाल नहीं होता तो वह वोट अमान्य हो जाता है। इसके बाद विधानसभा के विधायकों की संख्या और राज्यसभा के लिए खाली सीटों के आधार पर जीत के लिए आवश्यक वोट तय होते हैं।

## पुलिस से लूटे हथियारों को स्नाइपर राइफल में किया अपग्रेड, दूर से हमले की तैयारी कर रहे उग्रवादी समूह

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों से जुड़े उग्रवादी समूह 2023 में पुलिस से लूटे गए कई हथियारों को स्नाइफर राइफल में बदल रहे हैं। विरोधी समुदायों को निशाना बनाने के लिए दूर तक मार करने वाले हथियारों को तैयार किया जा रहा है। पुलिस शस्त्रागार से छह हजार से अधिक हथियार लूटे गए थे, जिनमें .303 राइफल, एके-सीरीज की हमला करने वाली राइफल, आईएनएसएएस राइफल और छोटे आकार की कार्बाइन बंदूकें शामिल थीं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि .303 राइफल आमतौर पर करीब 500 मीटर तक सही निशाना लगा सकती है। लेकिन अगर इसकी बट (जिसे कंधे पर टिकाया जाता है) में बदलाव किया जाय और उस पर विशेष दूरबीन व अन्य उपकरण लगाए जाएं, तो उसी राइफल से निकली गोली अब और दूर और अधिक सटीक तरीके से मार कर सकती है। वहीं, एकके-47 की प्रभावी रेंज करीब 300-400 मीटर तक ही होती है।

इन हथियारों में किए गए बदलाव से यह साफ होता है कि विद्रोही गुट अब दूर से हमला करने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, इससे पहले कि वे सुरक्षा बलों के लिए कोई बड़ी चुनौती बन पाते, पुलिस ने असम राइफल्स और दूसरे अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर इंफाल घाटी और पहाड़ी इलाकों से ये हथियार बरामद कर लिए हैं।

मणिपुर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने जून में इंफाल घाटी के पांच जिलों में 13 और 14 जून की रात को संयुक्त कार्रवाई में 328 हथियार बरामद किए थे। ये हथियार मुख्य रूप से मैतेई बहुल विद्रोही समूहों से जब्त किए गए थे। जुलाई के पहले हफ्ते में चार पहाड़ी जिलों से 203 और हथियार बरामद किए गए थे।

## संसद में भड़का पूर्व सैनिक- ईरान में बमबारी के विरोध पर सांसदों के साथ हाथापाई, पुलिस ने निकाला बाहर

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान को लेकर एक संसदीय सुनवाई के दौरान बड़ा हंगामा हो गया। सुनवाई के बीच विरोध जताने पहुंचे एक पूर्व अमेरिकी मरीन सैनिक पहुंचा। उसको जबरन बाहर निकालते समय उसका हाथ टूट गया।

यह घटना बुधवार को अमेरिकी संसद परिसर में हुई। पूर्व मरीन सार्जेंट ब्रायन मैकगिनेस सशस्त्र सेवाओं की उपसमिति की सुनवाई के दौरान अचानक खड़े होकर विरोध करने लगे। वह ईरान के खिलाफ अमेरिका-इस्राइल के सैन्य अभियान का विरोध कर रहे थे। उन्होंने जोर से कहा कि कोई भी इस्राइल के लिए लड़ना नहीं चाहता। इसके बाद कैपिटल पुलिस और कुछ सांसदों ने उन्हें कमरे से बाहर निकालने की कोशिश की। इसी दौरान धक्का-मुक्की में उनका हाथ दरवाजे में फंस गया और टूट गया।



ब्रायन मैकगिनेस मरीन की वर्दी पहनकर सुनवाई में पहुंचे थे। जैसे ही चर्चा शुरू हुई, उन्होंने खड़े होकर जोर से नारे लगाने शुरू कर दिए। वीडियो में देखा गया कि वह चिल्लाकर कह रहे थे कि अमेरिकी सैनिकों को इस युद्ध में नहीं झोंका जाना चाहिए। पुलिस अधिकारियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और उन्हें कमरे से बाहर ले जाने की कोशिश की। इसी दौरान स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिसकर्मियों ने उन्हें पकड़कर बाहर खींचा। इस दौरान उनका हाथ दरवाजे में फंस गया और जोरदार झटका लगने से टूट गया। एक गवाह ने बताया कि अधिकारियों ने उन्हें जमीन पर गिराकर काबू में किया। घटना बेहद तनावपूर्ण और अचानक हुई। बाद में पुलिस उन्हें सुरक्षा घेरे में लेकर गलियारे में ले गई।

मोंटाना से रिपब्लिकन सीनेटर टिम शीही भी इस दौरान मौके पर पहुंचे। उन्होंने बाद में कहा कि उन्होंने स्थिति को शांत करने और तनाव कम करने के लिए हस्तक्षेप किया था। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मैकगिनेस पर गिरफ्तारी का विरोध करने और पुलिस अधिकारी पर हमला करने के आरोप लगाए गए हैं।

## राजा रघुवंशी हत्याकांड- सोनम को पनाह देने वाले फ्लैट मालिक और गार्ड को बड़ी राहत

एजेंसी

**शिलांग।** इंदौर के चर्चित व्यापारी राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां इस हत्याकांड से जुड़े दो सह-आरोपियों लोकेन्द्र सिंह तोमर और बलबीर अहिरवार को स्थानीय अदालत ने जमानत दे दी है। लोकेन्द्र सिंह तोमर वही व्यक्ति हैं जिनके फ्लैट में सोनम ने हत्या के बाद कुछ समय के लिए शरण ली थी। वहीं बलबीर अहिरवार उस फ्लैट का सुरक्षा गार्ड है।

दोनों पर आरोप था कि इन्होंने मामले में सबूतों से छेड़छाड़ की और जांच में बाधा डाली। लेकिन उनके वकील ने बताया कि दोनों ने पुलिस जांच में पूरा सहयोग किया और उन पर सिर्फ जमानती धाराएं लगी थीं। इसी आधार पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) की अदालत ने शुक्रवार को उन्हें जमानत दे दी।

बीते कुछ दिनों से देशभर में राजा रघुवंशी हत्याकांड का मामला चर्चा में है। कारण है कि इस हत्याकांड मामले ने इंसानियत पर कई सारे सवाल खड़े कर दिए। मामला कुछ ऐसा है कि इंदौर के व्यापारी राजा रघुवंशी की शादी 11 मई 2024 को सोनम से हुई थी। शादी के बाद वे हनीमून पर मेघालय गए थे। लेकिन 23 मई को राजा लापता हो गए। इसके बाद पुलिस को दो जून को मेघालय के सोहरा (चेरापूंजी) क्षेत्र की एक गहरी खाई से उनका क्षत-विक्षत शव मिला।

जांच में सामने आया कि सोनम और उसके कथित प्रेमी राज कुशवाहा ने मिलकर राजा की हत्या की साजिश रची थी। उन्होंने इसके लिए तीन सुपारी किलर आकाश राजपूत, विशाल सिंह चौहान और आनंद कुर्मी को भी साथ मिलाया। हत्या के बाद सोनम और राज कुशवाहा इंदौर लौटे और तोमर के फ्लैट में रुके थे। यहीं पर फ्लैट मालिक लोकेन्द्र और गार्ड बलबीर की भूमिका सामने आई।

## पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई के लिए पीटीआई ने शुरू किया आंदोलन, 20 कार्यकर्ता गिरफ्तार

एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल से रिहाई की मांग को लेकर अनौपचारिक रूप से एक आंदोलन शुरू किया है। इसे इमरान खान को आजाद करो (फ्री इमरान खान मूवमेंट) दिया गया है। पार्टी ने रविवार को बताया कि पुलिस ने प्रदर्शन में शामिल हो रहे कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। पार्टी ने पांच अगस्त तक आंदोलन करने की घोषणा की है।

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री और पीटीआई नेता अली अमीन गांडापुर शनिवार देर रात पार्टी के अन्य नेताओं के साथ लाहौर पहुंचे और उन्होंने इमरान खान को रिहा कराने के लिए आंदोलन शुरू करने की घोषणा की। क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान (72 वर्षीय) अगस्त 2023 से जेल में हैं, जहां उन पर कई मामलों में मुकदमे चल रहे हैं।



पीटीआई पांच अगस्त तक देशभर में एक बड़े आंदोलन करने की तैयारी कर रही है, ताकि शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार और सेना पर इमरान खान को रिहा करने का दबाव बनाया जा सके। गंडापुर और पार्टी के प्रमुख नेता लाहौल के रायवंड इलाके में एक फार्म हाउस में ठहरे हैं और अपने प्रदर्शन की योजना को अंतिम रूप दे रहे हैं। यह फार्म हाउस शरीफ परिवार के आवास के पास ही है।

इस बीच, खबर है कि पुलिस ने लाहौर में विभिन्न जगहों पर अपने नेताओं का स्वागत करने आए 20 पीटीआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। पीटीआई के एक प्रवक्ता ने कहा कि पंजाब पुलिस ने उनके कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिनों से पुलिस पंजाब खासकर लाहौर में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के घरों पर छापेमारी कर रही है, ताकि उन्हें प्रदर्शन में शामिल होने से रोका जा सके। हालांकि, पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने किसी भी कार्यकर्ता की गिरफ्तारी से इनकार किया है। हालांकि, पुलिस सूत्रो ने प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया को बताया कि लाहौर और अन्य जगहों पर 20 कार्यकर्ता गिरफ्तार किए गए हैं।

# इस्राइली हमलों में बच्चों सहित 19 की मौत

## पानी भरने के लिए हुए थे जमा, मृतकों का आंकड़ा 58 हजार पार

एजेंसी

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में रविवार को इस्राइली हमलों में 19 लोग मारे गए, जिनमें छह बच्चें भी शामिल हैं। ये लोग पानी भरने के लिए एक जगह पर जमा हुए थे। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हमले ऐसे समय में हुए हैं, मध्यस्थ संघर्षविराम के प्रयासों में जुटे हुए हैं।

इस्राइल और हमास के बीच 21 महीने से जारी युद्ध को रोकने और कुछ इस्राइली बंधकों को छुड़ाने के लिए जारी बातचीत में अब तक कोई खास प्रगति नहीं हुई है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पिछले हफ्ते वॉशिंगटन में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ इस समझौते पर चर्चा करने पहुंचे थे। हालांकि, बातचीत में एक नई अड़चन सामने आ गई। यह अड़चन संघर्षविराम के दौरान इस्राइली सैनिकों की तैनाती को लेकर है, जिससे नए समझौते की संभावनाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



इस्राइल दक्षिण गाजा के एक महत्वपूर्ण इलाके में अपने सैनिकों की तैनाती बनाए रखना चाहता है। उसका कहना है कि यह इलाका रणनीतिक रूप से जरूरी है। लेकिन हमास का मानना है कि इस इलाके में सैनिकों की मौजूदगी की जिद यह संकेत देती है कि इस्राइल अस्थायी युद्धविराम के बाद दोबारा युद्ध शुरू करने की योजना बना रहा है।

इस्राइल का कहना है कि वह युद्ध तभी खत्म करेगा, जब हमास पूरी तरह से आत्मसमर्पण कर दे, अपने हथियार छोड़ दे और देश से बाहर चला जाए। लेकिन हमास ऐसा करने से इनकार कर रहा है। हमास का कहना है कि वह बचे हुए 50 बंधकों को रिहा करने को तैयार है (जिनमें से आधे से भी कम के जिंदा होने की बात कही जा रही है), लेकिन इसके बदले में वह युद्ध पूरी तरह खत्म करने और इस्राइली सेना की पूरी तरह वापसी की मांग कर रहा है।

गाजा में जारी युद्ध के बीच वेस्ट बैंक (पश्चिमी तट) में भी तेजी से हिंसा बढ़ी है। रविवार को वहां दो फलस्तीनियों के जनाजे निकाले गए, जिनमें एक 20 वर्षीय फलस्तीनी-अमेरिकी युवक सैफुल्लाह मुसलत भी शामिल था। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, उसकी मौत अवैध इस्राइली यहूदी बस्तियों के निवासियों के हमले में हुई थी।

गाजा के अल-अउदा अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि नुसैरत में पानी भरने के एक स्थान पर इस्राइली हमले के बाद उन्हें 10 शव मिले हैं। अस्पताल के अनुसार, इनमें छह बच्चे भी शामिल थे। यहां के निवासी रमजान नासर ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि रविवार की सुबह करीब 20 बच्चे और 14 वयस्क पानी भरने के लिए कतार में लगे थे। जब हमला हुआ, तो सभी भागे और कुछ लोग जमीन पर गिर गए।

उन्होंने कहा कि फलस्तीनी इस इलाके से पानी ले जाने के लिए करीब दो किलोमीटर पैदल चलते हैं। मध्य जावैदा शहर में अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि एक घर पर इस्राइली हमले में नौ लोग मारे गए, जिनमें दो महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं। इस्राइली सेना ने कहा कि उसने पिछले एक दिन में 150 से अधिक लक्ष्यों पर हमला किया है। इस्राइल हमास को नागरिकों के हताहत होने का दोषी ठहराता है, क्योंकि यह चरमपंथी समूह आबादी वाले इलाकों में सक्रिय है।

सात अक्तूबर 2023 को हुए हमले में करीब 1200 लोग मारे गए थे और 251 लोगों को बंधक बना लिया गया था। इनमें इस्राइली और इस्राइली मूल के अमेरिकी लोग शामिल थे।

# जमीनी रंजिश को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट और तोड़फोड़

- 20 से अधिक लोगों ने लाठी-डंडे व धारदार हथियारों से बोला हमला, 8 लोग घायल
- पुलिस पर पहले की शिकायतों को नजरअंदाज करने का आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के पतहना गांव में पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर बुधवार शाम दबंगों ने एक परिवार पर हमला बोल दिया। आरोप है कि करीब 20 से अधिक लोग लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से लैस होकर एकजुट हुए और घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। बता दे कि पीड़ित पक्ष का कहना है कि जमीन से जुड़ा विवाद लंबे समय से चला आ रहा है और यह मामला न्यायालय में लंबित है। इसी रंजिश को लेकर बुधवार शाम करीब तीन बजे पड़ोसी पक्ष के लोग एकजुट होकर उनके घर पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने घर में मौजूद लोगों को बेरहमी से पीटा और घर के बाहर खड़े वाहनों को भी निशाना बनाया। मारपीट की इस घटना में महेंद्र यादव पुत्र अमल यादव, जयप्रकाश यादव, प्रदीप कुमार, संदीप कुमार, सुषमा, प्रीतम, निर्मला और उर्मिला यादव घायल हो गए। हमलावरों का आक्रोश इतना बढ़ गया कि उन्होंने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ डाले। इसके अलावा घर के बाहर खड़े चार पहिया वाहन और मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नहीं, घर के बाहर लगे दरवाजे को भी तोड़ दिया गया, जिससे भारी नुकसान हुआ है। पीड़ितों का आरोप है कि हमलावरों ने घर के सामने बनी बड़ी नालियों को भी तोड़ दिया, जबकि यह मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ित महेंद्र का आरोप है कि मामला भी हाईकोर्ट में लंबित है पुलिस की मिली भगत से विपक्षी आए दिन उनसे मारपीट करते हैं। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।घटना की सूचना मिलने पर सराय ख्वाजा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल उनका उपचार जारी है।

थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, तोड़फोड़ किए गए वाहनों को कब्जे में लेकर सराय ख्वाजा थाने पर भेज दिया गया है, मामले की जांच की जा रही है।

## मारपीट के मामले में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र में के मोकलपुर गांव में मारने पीटने के मामले में पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने पाच लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मोकलपुर गांव निवासी राजबहादुर यादव पुलिस को तहरीर दिया कि पुरानी रंजिश को लेकर आधा दर्जन दबंगों ने उन पर हमला कर दिया था। हमले में लाठी डंडे से लेकर वह लोग आये और राजबहादुर व साथ मे मौजूद समरचंद को मारे पीटे। जिसमें दोनों लोगों को गंभीर चोटे आई थी। घायल पीड़ित ने पुलिस को ताहिर दिया और आरोपियो पर कार्रवाई की मांग की पीड़ित राजबहादुर यादव की तहरीर पर पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। जिसमे आरोपी विपिन यादव, शकुंतला प्रीति, संगीता, इंद्रबहादुर के खिलाफ मामला दर्ज किया और मामले की जांच में जुट गई। पुलिस का कहना है पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव में देर रात तक झूमते रहे खाटू वाले के भक्त

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** श्रीनाथ जी श्याम भक्त मंडल की ओर से श्री अग्रसेन महिला महाविद्यालय में आयोजित तृतीय श्री श्याम रंग रंगीला फाल्गुन महोत्सव में पहुंचे लोग खाटू वाले श्याम सहित अन्य देवी-देवताओं की झांकी का दर्शन कर निहाल हो उठे तो साथ में गायक कलाकारों ने भजन की ऐसी गंगा बहाई कि श्रद्धालु देर रात तक गोते लगाते रहे। कोलकाता से आए गायक कलाकार लव अग्रवाल ने खूब धमाल मचाया। कार्यक्रम का आगाज बाबा की ज्योत जलाकर हुई। कोलकाता से आए गायक कलाकार लव अग्रवाल ने मंच की बागडोर संभाली तो एक के बाद एक भजन खाटू वाले श्याम की चरणों में अर्पित कर उनके भक्तों की ऊर्जा में संचार कर दिया। भजन गंगा में लोग स्नान करने के साथ उसकी धारा में देर रात तक बहते रहे। पूरा पंडाल जयकारों से गूंजता रहा और हर कोई अपने स्थान से उठकर होली के रंग में सराबोर होने को आतुर दिखा। कलाकारों ने भव्य मंदिर सा पंडाल बनाया और उसमें खाटू वाले श्याम प्रभु की नैनाभिराम झांकी के साथ राधा-कृष्ण, सालासर बालाजी की झांकी सजाई। महाविद्यालय के पास बने तोरण द्वार पर श्री श्याम शरणम पढ़ने के साथ लोग अंदर पहुंचकर बाबा के समक्ष शरणागत होते गए। पहुंचने वालों ने दरबार में बाबा की ज्योत जलाई और उसके बाद भजनों का आनंद लिया। लोगों ने बाबा के साथ फूलों की होली खेली और उसके बाद रंगों की फुहार भी बरसने लगी। इस दौरान केसर और चंदन की खुशबू से भी वातावरण सुवासित हो उठा। कार्यक्रम में पुरुष वर्ग सफेद कपड़े और अधिकतर महिलाएं लाल वस्त्र धारण कर पहुंची थीं। अंत में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर हर्षित अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, मुन्ना अग्रवाल, अमित गोयल, अनूप अग्रवाल, परितोष रूंगटा, ओम प्रकाश अग्रवाल, डेविड अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अजय अग्रवाल, शैलेंद्र अग्रवाल, श्रेय अग्रवाल, अमन गर्ग, सुमित अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम ने दिव्यांग बच्चों संग मनाया उत्सव

**प्रयागराज।** सामाजिक दायित्व और मानवीय सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम ने राजकीय ममता विद्यालय, कौड़िहार में 50 विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों के साथ हर्षोल्लास एवं आत्मीयता के साथ होली का पर्व मनाया। यह विद्यालय विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए स्थापित एक राजकीय संस्थान है, जहाँ उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को होली हैम्पर्स वितरित किए गए, जिनमें रंग, पिचकारी, गुब्बारे, गुजिया सहित अन्य होली सामग्री एवं विशेष भोजन के डिब्बे शामिल थे। रोटेरियन्स ने बच्चों के साथ रंग खेलकर, संवाद कर और उपहार वितरित कर प्रेम, सौहार्द एवं अपनत्व का संदेश दिया। बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान और उत्साह ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया।क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रतीक पांडेय ने बताया कि रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम इस विद्यालय का नियमित रूप से भ्रमण करेगा तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा।

# सद्भावना पुल से युवक ने लगाई नदी में छलांग, दूसरे दिन मिला शव

- प्रेम प्रसंग बताया जा रहा कारण

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के सराय पोख्ता चौकी अंतर्गत सद्भावना पुल से एक युवक द्वारा नदी में कूदकर जान देने का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दूसरे दिन गोताखोरों की मदद से युवक का शव नदी से बाहर निकलवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के सिपाह मोहल्ला निवासी संजय यादव का 22 वर्षीय पुत्र लालू यादव बुधवार की रात करीब 10 बजे घर से निकला था। बताया जाता है कि वह सद्भावना पुल पर पहुंचा और वहां से नदी में छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और देर रात तक युवक की तलाश कराई, लेकिन होली के त्योहार के कारण गोताखोर उपलब्ध नहीं हो सके।

गुरुवार सुबह गोताखोरों की मदद से पुल से कुछ दूरी पर नदी से युवक का शव बरामद किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक का एक शादीशुदा महिला से प्रेम संबंध बताया जा रहा है, जिसे लेकर वह मानसिक रूप से परेशान रहता था।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# पारंपरिक होली गीत को बढ़ावा देने में लगे हैं पूर्व ब्लाक प्रमुख

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (नौपेड़वा)** बक्शा विकास खण्ड के सुजियामऊ गांव में बुधवार को पारंपरिक होली गीत का आयोजन किया गया। इस दौरान वाद्य यंत्रों की धुन पर फगुआ गीतों को सुनकर श्रोता मन्त्र-मुग्ध हो गये। होली गीत सुनने के लिए दूर-दराज से पहुँचे सैकड़ों श्रोताओं पर पुष्प वर्षा की गई। कलाकारों ने अवधी, फगुआ, उलारा, चैता, बेलवइया, चहका, धमार आदि गीत की शानदार प्रस्तुति दी। आयोजक पूर्व ब्लाक प्रमुख श्री पति उपाध्याय उर्फ भैवा के आवास पर आयोजित होली मिलन गीत गायन में सबसे पहले 80 वर्षीय वृद्ध रामसकल दूबे ने झूमर गीत के अलावा बागों में बोले कोयलिया गीत गाकर वाहवाही ली। प्रख्यात गायक रामआसरे तिवारी द्वारा चहका गीत ÷झोकवन बहई बयार अटरिया लम्बी छवाई द बालम÷ तथा जहर लागेला रे बिना बलमा फगुनवा जहर लागेला प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रख्यात गायक कैलाश शुक्ला ने ÷होली खेलै मदन गोपाल गोकुल की गलियां÷ व सवतिया से नैन लड़ाय सुना भावविभोर कर दिया। वशिष्ठ नारायण मिश्र की टीम ने फगुआ बालम तोहरी सेज आवत की डर लागे सुना वाहवाही ली। गायिका श्वेता यादव एवं प्रेयाँशी ने होली खेलै रघुबीरा अवध में होली खेलै रघुबीरा सुना श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। चौताल सम्राट सूर्यबली तिवारी ने बिरहिन दिन अगम लखाने चैत निअराने सुना वाहवाही लूटी। जनपद के गायक कलाकार आशीष पाठक ने विराजे अवध में श्रीराम देशवा में होरिया मनत है सुनाकर श्रोताओं की वाहवाही ली। गायक एवं वादन कलाकारों में कृष्णानन्द उपाध्याय, शिवानंद उपाध्याय, अम्बिका उपाध्याय, धर्मदत्त उपाध्याय, विद्यानन्द उपाध्याय, सूरज उपाध्याय, संजय उपाध्याय ने लुप्त हो रही लोकगीतों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। अंत में आयोजक एवं गीतों के संरक्षण में प्रमुख योगदान करने वाले श्रीपति उपाध्याय ने आये हुए लोगो के प्रति आभार व्यक्त करतें हुए नई पीढ़ी के लोगों से लुप्त हो रही विधा को सहेजने की जरूरत बताई। इस दौरान प्रख्यात चिकित्सक आईएमए अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्र, रामकृष्ण त्रिपाठी,डा. ज्ञान प्रकाश मिश्र, डॉ. मनोज मिश्र, रामेश्वर त्रिपाठी, रामदयाल द्विवेदी, ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष रत्नाकर चौबे, डॉ. अजय त्रिपाठी, रामजी तिवारी, श्यामजी महाराज, प्रेमशंकर मिश्र, अशोक शुक्ला, कमला तिवारी, शनि उपाध्याय संजय सिंह, स्वामी अंकुर पाठक, कृष्णकांत मिश्र सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के बुधवार की दोपहर वाराणसी फैजाबाद रेल प्रखंड कोटवार बाजार के पास एक युवती ने ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल में जुट गई। बता दे कि चकवा गांव निवासी बंसराज बिंद की पुत्री अंगिरा बिंद वाराणसी फैजाबाद रेल प्रखंड कोटवार बाजार के पास ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई सूचना पर पुलिस का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल में जुड़ गई जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## होटल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** नगर के वाजिदपुर तिराहे पर स्थित उत्सव मोटल होटल में गुरूवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे शॉर्ट सर्किट से आग लगने से अफरातफरी मच गई। होटल परिसर में धुआं उठता देख कर्मचारियों और आसपास के लोगों में हड़कंप की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझा लेने से बड़ा हादसा टल गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग होटल के एक हिस्से में अचानक लगी, जिससे कुछ देर के लिए भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया है। घटना के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

## रुस्तमपुर में फगुआ-चैता की धूम, लोकगीतों पर देर रात तक झूमे श्रोता



**जौनपुर (खुटहन)/अवधनामा संवाददाता।** होली के अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीकृष्ण पांडेय बड़कऊ के रुस्तमपुर गांव स्थित आवास पर आयोजित फगुआ-चैता गीतों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में लोक गायकों की प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि श्रोता देर रात तक झूमते रहे। गीतों की शुरुआत श्रीकृष्ण पांडेय 'बड़कऊ', तीर्थराज मिश्रा और राम सजीवन मिश्र की तिकड़ी ने मोहि घायल कीन्ह मुरारी, कहत राधा प्यारी प्रस्तुत कर की, जिस पर श्रोता तालियों की गड़गड़ाहट के साथ झूम उठे। इसके बाद रामजी मिश्रा, राजेश मिश्रा, पप्पू पांडेय व डब्बू सिंह ने द्रौपदी रघुनाथ पुकारे समाज मझारे गाकर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। अवधेश तिवारी और दिनेश उपाध्याय ने बसवरिया से कागा उड़ी भागा, मोरा सैंया अभागा न जागा की प्रस्तुति देकर श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी। वहीं अनिल सिंह ने होली खेलें रघुवीरा अवध में गाकर कार्यक्रम में होली के रंग को और गाढ़ा कर दिया। ढोलक पर थाप महेंद्र पांडेय व हरिलाल मनभाया ने दी। इस दौरान ईशानारायण मिश्रा, हरिप्रसाद मिश्रा, पवन शर्मा, संकटा प्रसाद मिश्रा, डॉ. अनिल तिवारी, उमाशंकर तिवारी, अशोक मिश्रा, लल्लन तिवारी, देवतादीन यादव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## कोल्डड्रिंक में जहरीला पदार्थ पिलाकर हत्या करने के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

**आजमगढ़/अवधनामा संवाददाता।** थाना अहिरौला - प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना अहरौला पर मु0अ0सं0 54/2026 धारा 103(1)/123 बी.एन.एस. पंजीकृत किया गया। तहरीर में आरोप लगाया गया कि अभियुक्त द्वारा कोल्डड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिलाने से एक युवती की मृत्यु हो गई। घटना दिनांक 04/05.03.2026 की रात्रि की बताई गई है। थानाध्यक्ष अहरौला श्री अमित कुमार मिश्रा मय हमराह का0 सुखराम यादव व का0 अभिषेक मौर्या के साथ क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त दिलीप कुमार उर्फ डीएम पुत्र जियालाल निवासी ग्राम पारा थाना अहरौला जनपद उम्र लगभग 32 वर्ष को बरामदपुर पुलिया मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## नगर के मारवाड़ी धर्मशाला में होली उत्सव मनाया गया

**आजमगढ़/अवधनामा संवाददाता।**हर वर्ष की भांति आज नगर के मारवाड़ी धर्मशाला में होली उत्सव आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के बंधुओं एवं श्याम प्रेमियों ने श्याम संग होली खेली है। जिसमें श्री श्याम भजन, धमाल, बाबा श्याम संग फूलों की होली, श्याम संग होली में अबीर, गुलाल, पुष्प और इत्र से होली खेलकर अपने भजनों से बावा को रिझाया। सभी में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की बधाई दी। सभी गुजिया, पापड़ी, नमकीन इत्यादि खाद्य पदार्थों का लुत्फ उठाया। शोभित खण्डेलिया, प्रदीप बैरासिया, नीरज गोयनका, हरि शर्मा, अरुण रूंगटा, भोला जालान, अशोक रूंगटा, विष्णु रूंगटा, अजीत रूंगटा, शंभू जालान, दीपक खण्डेलिया, अतुल रूंगटा, जयदीप सर्राफ, अमन अडूकीया, हर्ष अग्रवाल द्य

## पति के वियोग में पत्नी ने भी त्याग दिए प्राण, एक साथ उठी दो अर्थी देख भावुक हुआ गांव

**आजमगढ़/अवधनामा संवाददाता।**हरिहरपुर संगीत घराने के पूर्व प्रधान कमलेश कुमार मिश्र के 85 वर्षीय पिता पंडित दयाराम मिश्र शास्त्रीय संगीत के विख्यात कलाकार की रांची में इलाज के बाद बीते 3 मार्च को निधन हो गया। पूरा परिवार उनके पार्थिव शरीर के अंतिम संस्कार के लिए वहां से पैतृक आवास आजमगढ़ के लिए रवाना हुआ था। पति का वियोग बर्दाश्त न कर सकी उनकी पत्नी निर्मला देवी ने भी 4 घंटे बाद रास्ते में अपने प्राण त्याग दिए। होली के दिन बुधवार को हरिहरपुर घराने से दोनों की एक साथ अर्थी निकाली गई। यह दृश्य देखकर पूरे गांव की आंखें नम हो गई। घराने के लोगो ने इसे संगीत की दुनिया में अपूरणीय क्षति बताया है। जिसके बाद वाराणसी के मनकर्णिका घाट पर कलाकार आदर्श मिश्रा ने अपने दादा दादी का अंतिम संस्कार किया।

# महामूर्ख सम्मेलन में खूब लगे ठहाके




- हास्य व्यंग की फुहारों के बीच लोगों ने जमकर उठाया परम्परा का आनन्द

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** श्री मारवाड़ी धर्मशाला समिति के तत्वधान में विगत वर्षों की भांति इस बार भी पुरानी सब्जी मंडी स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में बुधवार की शाम होली मिलन समारोह एवं महामूर्ख सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें मनोरंजन की दृष्टि से होली की शाम आए सभी मूर्खों की जांच शिविर लगाकर निःशुल्क मूर्खता की जांच की गई। इस रंगारंग कार्यक्रम का नगरवासियों ने हास्य और व्यंग की फुहारों के बीच परम्परा का भरपूर आनन्द उठाया। जिसमें कवियों ने काव्य पाठ के जरिए सामाजिक ताने बाने पर निशाना साधा। जिसमें पूर्व विधानसभा प्रत्याशी भाजपा अखिलेश मिश्रा गुड्डू ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तो वहीं मूर्ख मण्डलीय के लोग भी मौजूद रहे। इस सम्मेलन में नामचीन कवियों में प्रयागराज से हास्य कवि बिहारी लाल अम्बर, बलिया से कवियित्री प्रतिभा यादव और जनपद से भौंकने वाले कवियों में झटपट जी झाड़ से, लाजकुमारी आशीर्वाद, कमलेशी जी अजीपुर से, अजय गुप्ता अज्जू , ताज आज़मी अस्पताल से, नामी जी हाल से तो कब्रिस्तान से आए अन्य कवियों ने मूर्खों के सामने अपनी हास्य व्यंग रचनाओं की ऐसी जोरदार प्रस्तुति दी कि श्रोताओ को ठहाके लगाने पर विवश कर दिया। लापता कवि एवं संचालक भो भो बलमा बरामद नहीं हो सके। कार्यक्रम का संचालन एंकर अभय तिवारी ने किया। इन सभी के मंच पर पहुंचते ही समिति द्वारा पारंपरिक रीति से सब्जियों कि माला से माल्यार्पण और विशिष्ट टोपी पहना कर स्वागत किया गया। जिसके बाद हास्य कवियों ने अपने काव्य पाठ के जरिए लोगों के मूर्खता की जांच की। कार्यक्रम आयोजक श्याम सुंदर डालमिया ने बताया कि प्रख्यात कवि रहे सूंड फैजाबादी द्वारा बुरा न मानो होली है के तर्ज पर इस सम्मेलन की शुरूआत की गई थी, तभी से होली पर्व के मौके पर वर्षों से यह आयोजन मारवाड़ी धर्मशाला समिति द्वारा किया जाता रहा है। इस सम्मेलन में हर वर्ष मूरख-मूरख भाई-भाई शामिल होकर हंसी ठहाके का आनंद लेते हुए पुरानी परम्पराओं के जरिये समाज को जोड़ने का काम करते है। इस दौरान धर्मशाला समिति के अशोक खंडेलिया, संदीप सराफ, राजीव डालमिया एवं अनिल रूंगटा, भोलानाथ जालान, अजित रूंगटा, मनोज खेतान, विष्णु रूंगटा, अविनाश जालान आदि उपस्थित रहे।

# रंगों से रिश्तों तक: होली का सामाजिक संदेश : मोहम्मद जिया सिद्दीकी

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** होली भारत की सांस्कृतिक आत्मा से जुड़ा ऐसा पर्व है, जो रंगों के माध्यम से जीवन में उल्लास, प्रेम और आपसी सौहार्द घोल देता है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर मनाया जाने वाला यह त्योहार केवल परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों का उत्सव है। जब गुलाल हवा में उड़ता है, तो भेदभाव, वैमनस्य और कटुता स्वतः ही फीकी पड़ जाती है।होली भारत का एक प्रमुख और रंगों से भरा आनंदमय त्योहार है। यह पर्व फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक माना जाता है। होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देती है। होली का संबंध होलिका दहन की पौराणिक कथा से जोड़ा जाता है, जिसमें अहंकार और अन्याय का अंत तथा सत्य और भक्ति की जीत दिखाई देती है। यह त्योहार हमें सिखाता है कि अंततः सत्य की ही विजय होती है। साथ ही, होली ऋतु परिवर्तन (शीत से ग्रीष्म की ओर) और नई ऊर्जा के स्वागत का भी पर्व है। प्रयागराज में होली दो दिन मनाई जाती है। पहले दिन होलिका दहन किया जाता है, जिसमें अग्नि प्रज्वलित कर बुराइयों के त्याग का संकल्प लिया जाता है।दूसरे दिन रंगों की होली खेली जाती है। लोग गुलाल और रंग लगाते हैं, ढोल-नगाड़ों के साथ गीत-संगीत होता है, और एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर शुभकामनाएं दी जाती हैं। होली का मूल संदेश बुराई पर अच्छाई की विजय है। होलिका दहन के माध्यम से समाज यह संकल्प लेता है कि अहंकार, अन्याय और नकारात्मकता का अंत होना चाहिए। अग्नि के समक्ष खड़े होकर लोग अपने भीतर की बुराइयों को त्यागने का प्रण करते हैं–यही होली की वास्तविक आत्मा है। दूसरे दिन रंगों की होली खेली जाती है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग–सब एक-दूसरे को रंग लगाकर गले मिलते हैं। ढोल-नगाड़ों की थाप, लोकगीतों की मिठास और पारंपरिक व्यंजन–गुझिया, ठंडाई–त्योहार को और भी यादगार बना देते हैं। होली टूटे रिश्तों को जोड़ने और रूठों को मनाने का भी अवसर देती है।

## महिला उत्पीड़न व महिलाओं से संबंधित जनसुनवाई नौ मार्च को

**आजमगढ़।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या प्रियंका मौर्या द्वारा दिनांक 09 मार्च 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सर्किट हॉउस/पुलिस लाईन, आजमगढ़ में महिला उत्पीडन एवं महिलाओं से सम्बन्धित समस्याओं के संदर्भ में महिला जनसुनवाई की जायेगी, जिसमें जनपद आजमगढ़ की समस्त महिलाएं अपनी-अपनी समस्याओं के साथ जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, आजमगढ़ से संपर्क स्थापित कर सदस्य महोदया की जनसुनवाई कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकती है। उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित समस्त महिलाओ की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष व अन्य सम्बन्धित विभाग के कार्यालयाध्यक्ष /विभागाध्यक्ष उपस्थित होंगे, जिससे कार्यक्रम के दौरान प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण हो सके। जनपद आजमगढ़ में प्रस्तावित जनसुनवाई कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु वन स्टॉप सेन्टर, आजमगढ़ की केन्द्र व्यवस्थापक सरिता पाल के मोबाईल नम्बर 6393397509 पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है। इसके साथ ही 09 मार्च को सदस्य द्वारा अपरान्ह 3.00 बजे आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण, अपरान्ह 4.00 बजे सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण एवं अपरान्ह 5:00 बजे जिला अस्पताल का निरीक्षण किया जाएगा।

# विद्यालय शिक्षा व संस्कार प्रदान करने में अहम रोल निभाता है : धनंजय




- सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिकोत्सव भव्य रूप से आयोजित किया गया

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर सिविल लाइन का वार्षिकोत्सव नगर के हरिऔध कला केंद्र के सभागार में भव्य रूप से आयोजित हुआ। जिसमें नर्सरी से लेकर अष्टम तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जहां मुख्य अतिथि एडीएम एफ आर के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष अवध नारायण मिश्र, मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक दीनानाथ, राम सिंह प्रदेश निरीक्षक शिशु शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत, कन्हैया चौबे संभाग निरीक्षक बलिया व मुख्य अतिथि का विद्यालय प्रधानाचार्य धनंजय पाण्डेय के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने घोषनाद से स्वागत व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद सरस्वती वंदना, गणेश वंदना और स्वागत गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। भईया बहनों ने भारतीय संस्कृति थीम पर रंग बिरंगे पोशाकों में मंच के माध्यम से नृत्य, गायन, वादन और देश की ऐतिहासिक घटनाओं को नाट्य के माध्यम से प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभाओ से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसमें सबरी, अनपढ़ नेता, बिहार नृत्य, एकलव्य और होली गीत मुख्य आकर्षण रहा। मुख्य अतिथि एडीएम एफआर ने बच्चों के हुनर की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के साथ संस्कार, भारतीय संस्कृति और कला प्रदान करने में अहम रोल निभाता है। वही विद्यालय प्रधानाचार्य धनंजय पाण्डेय ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि वार्षिकोत्सव किसी भी विद्यालय के प्रगति का दर्पण होता है। इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में एकता, अनुशासन, और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते है। इस दौरान आचार्य विजय पांडे, रीना सिंह, नीलम सिंह, शालू पाठक, काव्या राय अन्नपूर्णा पांडे, अरविंद पांडे, शैलेन्द्र अग्रवाल, अभय दत्त गोंड, गौरव रघुवंशी सहित बड़ी संख्या विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ आचार्या रीना ने किया।

# मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में छात्र छात्राओं ने मनाई होली



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में होली उत्साह के साथ मनाया गया। कॉलेज परिसर में आयोजित %होली मिलन समारोह% में न केवल रंगों की बौछार हुई, बल्कि गुरु-शिष्य परंपरा की एक सुंदर झलक भी देखने को मिली। समारोह का विशेष आयोजन लैब टेक्नीशियन प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत होते ही पूरा परिसर अबीर और गुलाल से रंगा नजर आया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कचनार के नेतृत्व में शिक्षकों और छात्रों ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर पर्व की बधाई दी।

इस अवसर पर प्रो. गौरव त्रिपाठी और आस्था जायसवाल (जेआर) ने भी शिरकत की। शिक्षकों ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह आपसी सहनशीलता, प्रेम और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है।

छात्र ढोल-नगाड़ों और संगीत की थाप पर झूमने लगे। कॉलेज की यूनिफॉर्म पर चढ़े सतरंगी गुलाल ने उत्सव की रौनक बढ़ा दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आलोक सिंह, करण पांडे, रोहित, काव्या सिंह, मीनाक्षी, संध्या, उपलब्धि, दिव्यांश, अनूप, नैतिक, सानिया, शिवानी, अंगद, मनीष और मुनीब समेत विभाग के सभी विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की।

# 5.65 लाख रुपये की शुरुआती कीमत में ऑल-न्यू ग्रेवाइट की लॉन्चिंग के साथ निसान ने बोल्ड इंडिया रीसर्जेंस की झलक दिखाई



**लखनऊ।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) और ड्रीम निसान, लखनऊ ने INR 5.65 लाख रुपये की आकर्षक शुरुआती कीमत पर ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट को डीलरशिप पर लॉन्च किया। बोल्ड और गेम-चेंजिंग 7-सीटर एमपीवी ग्रेवाइट भारत में निसान के सफर के एक नए अध्याय की शुरुआत है।भारत से प्रेरित मेड इन इंडिया, मेड JEE फॉर इंडिया ग्रेवाइट भारत में निसान मोटर इंडिया के नवीनतम प्रोडक्ट ऑफेंसिव का पहला प्रोडक्ट है। यह भारत में कंपनी की मजबूत प्रतिबद्धता और मौजूदगी को दर्शाता है।

इस मॉडल का नाम 'ग्रेवाइट' भारत के 1.4 अरब लोगों और राष्ट्र की विविधता को आकार देने वाली 19,000 भाषाओं एवं रीति-रिवाजों से प्रेरित है। ग्रेवाइट को भारतीय परिवारों की बदलती महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। इसमें रोड पर शानदार मौजूदगी के साथ स्पेस, वर्सेटिलिटी, कम्फर्ट और रोजाना की व्यावहारिक जरूरतों को ध्यान में रखा गया है।

निसान एंड इनफिनिटी के डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट एवं मिडिल ईस्ट, केएसए, सीआईएस एवं भारत के प्रेसिडेंट थियरी सबाग ने कहा, 'भारत निसान की वैश्विक महत्वाकांक्षाओं के केंद्र में है। पिछले साल परिचालन को मजबूत करने, नेटवर्क को विस्तार देने और प्रोडक्ट ऑफेंसिव की दिशा में हमारे प्रयास इस बाजार को लेकर लंबी अवधि में कंपनी की प्रतिबद्धता को दिखाते हैं। ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट सिर्फ एक प्रोडक्ट की लॉन्चिंग नहीं है, बल्कि यह भारत में निसान के सतत विकास के नए चरण की शुरुआत है। भारत में हमारे अलायंस पार्टनर के साथ हमारी लोकल मैन्यूफैक्चरिंग और फ्यूचर रेडी प्रोडक्ट रोडमैप के साथ हम यहां प्रतिस्पर्धा करने, विकास करने और महत्वपूर्ण सेगमेंट में नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं।'

निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा, 'ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट भारतीय परिवारों की विविधता, व्यापकता एवं महत्वाकांक्षाओं से प्रेरित है। इसकी मॉड्यूलर सीटिंग से लेकर इसके कमांडिंग स्टांस तक, हर खूबी दिखाती है कि कैसे भारतीय ग्राहक रहते हैं, यात्रा करते हैं और साथ मिलकर आगे बढ़ते हैं। हमारे लिए ग्रेवाइट सिर्फ एक प्रोडक्ट की पेशकश नहीं है।

यह एक वादा है कि निसान ऐसे वाहन को डिजाइन करना, मैन्युफैक्चर करना और उनमें निवेश करना जारी रखेगी, जो सच्चे अर्थों में भारत की मोबिलिटी की महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप हों।'

## निसान मोटर इंडिया ने फरवरी, 2026 में सालाना आधार पर दर्ज की 23 प्रतिशत की कंसोलिडेटेड ग्रोथ, मार्च से शुरू हो गई ऑल न्यू निसान ग्रेवाइट की डिलीवरी

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने आज फरवरी, 2026 में कुल 10,565 कारों की समेकित बिक्री (कंसोलिडेटेड सेल्स) किए जाने का एलान किया। इस बिक्री के साथ घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कारोबार में लगातार तेजी को बल मिला है। यह आंकड़ा ऑल न्यू निसान ग्रेवाइट की लॉन्चिंग के साथ विकास के अगले चरण की ओर बढ़ते कदम का भी संकेत है।

निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा,'फरवरी का महीना भारत में निसान के लिए महत्वपूर्ण और भविष्य की ओर आगे बढ़ने का महीना रहा है। हमारा प्रदर्शन सतत मांग और निर्यात में लगातार मजबूती को दिखाने वाला है, जिससे निसान के वैश्विक परिचालन में भारत के रणनीतिक महत्व की पुष्टि हुई है। ऑल न्यू निसान ग्रेवाइट की लॉन्चिंग को ग्राहकों, डीलर्स और पार्टनर्स की तरफ से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। मार्च में डिलीवरी की शुरुआत के साथ हमें विश्वास है कि आगामी महीने में बाजार में हमारे पोर्टफोलियो की वास्तविक क्षमता सामने आएगी। हम भारत में दृढ़ और भविष्य के लिए तैयार निसान की नींव रख रहे हैं और ऐसे में हमारा फोकस लगातार सतत विकास, ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने और अपने नेटवर्क फुटप्रिंट को मजबूत करने पर रहेगा।'

## सैमसंग ने लॉन्च किया कॉम्पैक्ट 60डब्ल्यू पावर अडैप्टर

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने अपने नए 60डब्ल्यू पावर अडैप्टर की उपलब्धता की घोषणा की है। यह अडैप्टर बिजली की बर्बादी और चार्जरों के झंझट को कम करते हुए कई तरह के डिवाइस को तेज़ी से चार्ज करता है। चाहे आप स्मार्टफोन, लैपटॉप या ईयरबड्स चार्ज कर रहे हों, यह घर पर या यात्रा के दौरान रोज़मर्रा की चार्जिंग ज़रूरतों के लिए एक अधिक ऊर्जा-कुशल समाधान है।यह कॉम्पैक्ट चार्जर अगली पीढ़ी की गैलियम नाइट्राइड तकनीक पर आधारित है, जिसने भारी-भरकम सिलिकॉन पार्ट्स की जगह ले ली है। इससे चार्जर का आकार छोटा रहता है, लेकिन पावर एफिशिएंसी (कार्यक्षमता) ज़्यादा मिलती है। इस अडैप्टर को सुरक्षित और ठंडा रहने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो ऑपरेशन के दौरान ऊर्जा के नुकसान को घटाता है और ओवरहीटिंग के जोखिम को कम करता है। सामान्य अडैप्टर की तुलना में यह उत्पाद की उम्र बढ़ाने में भी मदद करता है।बेहतर दक्षता, यूनिवर्सल कंपैटिबिलिटी और पर्यावरण पर कम प्रभाव के साथ, नया सैमसंग 60डब्ल्यू पावर अडैप्टर यूज़र्स के बढ़ते डिवाइस इकोसिस्टम को पावर देना आसान बनाता है। 60W चार्जर की कीमत 3,499 रुपये रखी गई है और यह Samsung.com, Flipkart, Amazon और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध है।

# पैनासोनिक ने पेश की नई स्मार्ट और बिजली बचाने वाली एसी रेंज; 2028 तक 20 लाख यूनिट बिक्री का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** विविध क्षेत्रों में काम करने वाली प्रमुख टेक्नोलॉजी कंपनी, पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशन्स इंडिया ने आज देश की भीषण गर्मी और बदलते मौसम से निपटने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई अपनी वर्ष 2026 की रेजिडेंशियल एयर कंडीशनर्स की श्रृंखला पेश की है। भरोसेमंद प्रदर्शन के लिए डिज़ाइन की गई यह नई रेंज, भारतीय घरों की जरूरतों के अनुसार टिकाऊ, ऊर्जा-कुशल और हर तरह की जलवायु में कूलिंग देने के पैनासोनिक के फोकस को दर्शाती है। भारतीय घरों में एसी की कार्यक्षमता को प्रभावित करने वाली धूल की सबसे बड़ी समस्या को हल करते हुए, इस नई रेंज में पैनासोनिक की डस्टब्स्टर टेक्नोलॉजी शामिल की गई है। इसमें एक ऑटो रिवर्स-फ्लो फैन मैकेनिज्म है जो आउटडोर यूनिट से धूल को अपने आप बाहर निकाल देता है। इससे लगातार बेहतर कूलिंग, अधिक दक्षता और लंबे समय तक टिकाऊ प्रदर्शन सुनिश्चित होता है। इस तकनीक के साथ, पैनासोनिक ने



भारत की कठिन जलवायु परिस्थितियों में भी भरोसेमंद प्रदर्शन करने वाले एयर कंडीशनर देने के अपने संकल्प को और मजबूत किया है। वर्ष 2026 के पोर्टफोलियो में कुल 57 नए मॉडल शामिल हैं, जो अलग-अलग सेगमेंट और कीमतों में उपलब्ध होंगे। इन मॉडलों में प्रदर्शन, बिजली की बचत और स्मार्ट फीचर्स का बेहतरीन संतुलन रखा गया है, ताकि देशभर के उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा किया जा सके। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए श्री हीरोकाजु कामोडा, प्रबंध निदेशक, पैनासोनिक एचवीएसी एंड सीसी इंडिया ने कहा, भारत का एयर कंडीशनिंग बाजार एक निर्णायक मोड़ पर है, जो तेजी से शहरीकरण, बढ़ती आकांक्षाओं और अत्यधिक मौसम की स्थितियों से आकार ले रहा है। हमारी 2026 की आरएसी रेंज के साथ, हम अधिक स्मार्ट, मजबूत और ऊर्जा-कुशल एयर कंडीशनर पेश कर रहे हैं जो केवल कूलिंग तक सीमित नहीं हैं, बल्कि भारतीय परिवारों के लिए स्वस्थ और अधिक आरामदायक वातावरण तैयार करते हैं। इस लॉन्च के साथ, हम वित्त वर्ष 2028 तक अपनी बिक्री को लगभग 20 लाख यूनिट तक ले जाने का लक्ष्य रखते हैं। इसे हमारे विस्तारित पोर्टफोलियो, तकनीक व मैन्युफैक्चरिंग में निरंतर निवेश और उभरते बाजारों में मजबूत उपस्थिति के जरिए हासिल किया जाएगा। अभिषेक वर्मा, हेड प्रोडक्ट मार्केटिंग एवं प्लानिंग, पैनासोनिक एचवीएसी एंड सीसी इंडिया ने कहा, इस लॉन्च के साथ, हम भारत भर में एसी के प्रदर्शन को प्रभावित करने वाली गर्मी, धूल और कठिन मौसम की चुनौतियों का सीधा समाधान करके कूलिंग के मानकों को फिर से परिभाषित कर रहे हैं।

# संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने एमडब्लूसी बार्सीलोना में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026 के 10वें संस्करण की घोषणा की

**नई दिल्ली।** एमडब्लूसी बार्सीलोना में विश्व मंच पर भारत सरकार के माननीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने नई दिल्ली में 7 से 10 अक्टूबर, 2026 तक होने वाले एशिया के सबसे बड़े डिजिटल टेक्नोलॉजी फोरम इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2026 की आज घोषणा की। भारत सरकार के संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग और सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा आयोजित आईएमसी 2026 में 100 से अधिक देशों से नीति निर्माता, उद्योगपति, वैश्विक उपक्रम, स्टार्टअप्स और निवेशक शामिल होंगे। गहरे गठबंधन के तहत जीएसएमए (त्सरू) बोर्ड अपनी वैश्विक विशेषज्ञता का लाभ देते हुए और इस फोरम की वैश्विक पहुंच मजबूत करते हुए आईएमसी 2026 में प्रतिभाग करेगा। इसके साथ ही, आईएमसी और जीएसएमए ने आज एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किया जो




आईएमसी 2026 की वैश्विक पैठ बढ़ाने, अंतरराष्ट्रीय उद्योग का प्रतिभाग मजबूत करने और उभरती वैश्विक दूरसंचार प्राथमिकताओं के साथ नीति और प्रौद्योगिकी संवाद को आगे बढ़ाने के लिए रणनीतिक गठबंधन प्रगाढ़ करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह साझीदारी वैश्विक सीईओ और बोर्ड स्तर की भागीदारी सुगम बनाते हुए उच्च स्तरीय नेतृत्व को जोड़ने पर केंद्रित होगी जिससे सीमा पार ज्ञान का आदान प्रदान हो और अगली पीढ़ी के दूरसंचार, डिजिटल ढांचा और कनेक्टिविटी की रूपरेखा को आकार देने में भारत की भूमिका बढ़ सके। मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कहा, विश्व में भारत दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार बाजार है जो 1.2 अरब नागरिकों को जोड़ रहा है और जहां विश्व में सबसे तेजी से 5जी लागू किया गया है और 10 वर्षों में औसत मोबाइल डेटा खपत करीब 400 गुना बढ़ी है। भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जिसने अपना स्वयं का देशज, क्लाउड नेटिव 4जी स्टैक विकसित किया है, 5जी की ओर अपग्रेड करने योग्य है। इससे हम ना केवल एडवांस्ड नेटवर्क के यूजर्स के तौर पर बल्कि इनके निर्माता के तौर पर भी स्थापित हुए हैं। यह दूरसंचार उत्पादों, प्लेटफॉर्मों और सॉल्यूशंस के लिए एक विश्वसनीय स्रोत के तौर पर और नवप्रवर्तन और एक ग्लोबल एआई एवं डीप-टेक स्थल के लिए एक वृद्धि के आधार के रूप में विश्व के लिए एक टेक्नोलॉजी साझीदार के तौर पर उभर रहा है।

जैसा कि भारत ने दूरसंचार परिवर्तन का एक दशक पूरा किया है, इंडिया मोबाइल कांग्रेस भी 10वें संस्करण में प्रवेश कर रहा है जहां वैश्विक लांचिंग, स्टार्टअप खोज, साझीदारी और उद्योग एवं सरकार के बीच गठबंधन देखने को मिलेगा। आईएमसी की यात्रा कनेक्टिविटी से लेकर इंटेलिजेंस और पहुंच से लेकर प्रभाव तक की भारत की डिजिटल यात्रा की झलक पेश करता है और यह संस्करण एआई-नेटिव नेटवर्क्स, लघु उद्योगों, संप्रभु प्लेटफॉर्मों, स्टार्टअप नवप्रवर्तन और वैश्विक साझीदारी प्रदर्शित करेगा।

## अब तारीख पर तारीख नहीं मिलेगी: नेटफ्लिक्स की हिट कोर्टरूम कॉमेडी 'मामला लीगल है' का सीज़न 2 शुरू हो रहा है 3 अप्रैल से

**नई दिल्ली।** पटपड़गंज डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की रोजमर्रा की घटनाओं ने अगर आपका भी मनोरंजन किया है और आपको भी हँसाया है, तो जान लें कि अब एक नया नोटिस जारी हो गया है। जी हाँ, अब अगली तारीख डिसाईड हो गई है। 3 अप्रैल से कोर्ट फिर से शुरू हो रहा है, और मामला लीगल है सीज़न 2 के साथ आ रहा है, सत्य दुर्घटनाओं पर आधारित कानूनी मामलों की नई कहानियाँ। सीज़न 2 में दर्शकों के पसंदीदा वकील एक बार फिर पेश करेंगे उथल-पुथल और बेहतरीन ह्यूमर के साथ रोजमर्रा की अफरा-तफरी, जो इस शो के प्रति दर्शकों के प्रेम को और अधिक बढ़ा देगी। पोषम पा पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस सीरीज़ में शो-रनर समीर सक्सेना हैं। इसके डायरेक्टर राहुल पांडे हैं। सौरभ खन्ना और कुणाल अनेजल द्वारा निर्मित किरदारों और दुनिया पर आधारित नए सीज़न की कहानी सैयद शदान, मोहक अनेजा और तत्सत पांडे ने लिखी है, तथा कुणाल ने टीम को लीड किया है। रवि किशन ने कहा, ''मुझे यकीन नहीं हो रहा कि मैं ऐसा कहूंगा, लेकिन मैं कोर्ट जाने के लिए उत्सुक हूँ। मामला लीगल है कि पहले सीज़न को दर्शकों से मिले प्यार व स्नेह के लिए मैं उनकी सराहना करता हूँ। इस सीज़न में त्यागी एक जज के रूप में खुद को साबित करना चाहता है, लेकिन यह बोलना जितना आसान है, करके दिखाना उतना ही कठिन। यहाँ हर मामला सीरियस होता है, पर तरीका बिल्कुल हटके। मैं पटपड़गंज डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की अस्त-व्यस्त जिंदगी में दर्शकों का फिर से स्वागत करता हूँ। जैसा कि हमने पहले सीज़न में कहा था: ये वकील सिर्फ कोट के काले हैं, दिल के नहीं।'' क्या आप यह जानने को उत्सुक हैं कि वी.डी. त्यागी को जस्टिस में किक मिलेगी या नहीं? क्या सुजाता दीदी को मिलेगा ए.सी. चैंबर क्या एल्केलाईन वॉटर पीने वाली अनन्या श्रॉफ की सत्य और न्याय की लड़ाई जारी रहेगी और अंत में, पटपड़गंज डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के डॉन, विश्वास पांडे अपनी मजेदार बातों और घरेलू समाधानों के साथ कोर्टरूम की दुनिया में आगे कैसे बढ़ेंगे?

# सैमसंग की गैलेक्सी एस26 सीरीज़ से प्राइवेसी और एजेंटिक एआई के नए दौर की शुरुआत: जेबी पार्क

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने अपना नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा पेश किया है। इस स्मार्टफोन में दिया गया नया प्राइवेसी डिस्प्ले फीचर पूरी टेक दुनिया में चर्चा का विषय बन गया है और इसे हर तरफ से काफी सराहना मिल रही है। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने कहा कि यह उद्योग में अपनी तरह का पहला फीचर है, जो स्मार्टफोन इंडस्ट्री में प्राइवेसी के एक नए दौर की शुरुआत करता है। उन्होंने कहा, चूंकि अब हम एआई के दौर में हैं, इसलिए गैलेक्सी एस26 सीरीज़ में प्राइवेसी को और भी बेहतर बनाया गया है। थर्ड-पार्टी फिल्टर के विपरीत, प्राइवेसी डिस्प्ले सीधे स्क्रीन के अंदर ही शामिल है। इससे रोजमर्रा के इस्तेमाल में स्क्रीन देखने का अनुभव पहले जैसा ही शानदार रहता है, जबकि साइड एंगल से स्क्रीन पर क्या चल रहा है, यह दिखाई नहीं देता। यूजर प्राइवेसी को स्क्रीन के किसी खास हिस्से तक सीमित कर सकते हैं या यह भी तय कर सकते हैं कि यह फीचर कब सक्रिय हो। इससे आपकी प्राइवेसी की सुरक्षा बहुत ही सहज और आसान हो जाती है। गैलेक्सी एस26 सीरीज़ के लिए भारत में प्रमुख ऑनलाइन और ऑफलाइन रिटेलर्स पर प्री-ऑर्डर शुरू हो गए हैं। गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा की शुरुआती कीमत 1,39,999 रुपये है, जबकि गैलेक्सी एस26+ की शुरुआती कीमत 1,19,999 रुपये है। वहीं सबसे किफायती एस26 बेस वेरिएंट की शुरुआती कीमत 87,999 रुपये रखी गई है।

सैमसंग ने लॉन्च किया कॉम्पैक्ट 60डब्ल्यू पावर अडैप्टर

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने अपने नए 60डब्ल्यू पावर अडैप्टर की उपलब्धता की घोषणा की है। यह अडैप्टर बिजली की बर्बादी और चार्जरों के झंझट को कम करते हुए कई तरह के डिवाइस को तेज़ी से चार्ज करता है। चाहे आप स्मार्टफोन, लैपटॉप या ईयरबड्स चार्ज कर रहे हों, यह घर पर या यात्रा के दौरान रोज़मर्रा की चार्जिंग ज़रूरतों के लिए एक अधिक ऊर्जा-कुशल समाधान है।यह कॉम्पैक्ट चार्जर अगली पीढ़ी की गैलियम नाइट्राइड तकनीक पर आधारित है, जिसने भारी-भरकम सिलिकॉन पार्ट्स की जगह ले ली है। इससे चार्जर का आकार छोटा रहता है, लेकिन पावर एफिशिएंसी (कार्यक्षमता) ज़्यादा मिलती है। इस अडैप्टर को सुरक्षित और ठंडा रहने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो ऑपरेशन के दौरान ऊर्जा के नुकसान को घटाता है और ओवरहीटिंग के जोखिम को कम करता है। सामान्य अडैप्टर की तुलना में यह उत्पाद की उम्र बढ़ाने में भी मदद करता है।बेहतर दक्षता, यूनिवर्सल कंपैटिबिलिटी और पर्यावरण पर कम प्रभाव के साथ, नया सैमसंग 60डब्ल्यू पावर अडैप्टर यूज़र्स के बढ़ते डिवाइस इकोसिस्टम को पावर देना आसान बनाता है। 60W चार्जर की कीमत 3,499 रुपये रखी गई है और यह Samsung.com, Flipkart, Amazon और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध है।

## पंकज कपूर और डिंपल कपाड़िया की ये अनोखी प्रेम कहानी दर्शकों के लिए किसी सौगात से कम नहीं

**नई दिल्ली।** हिंदी ज़ी5 ने आज अपनी आने वाली फिल्म जब खुली किताब का ट्रेलर रिलीज़ किया, जो दर्शकों को पर्दे पर बड़ी उम्र के प्यार की दिल को छूने वाली, मज़ेदार और ताज़गी भरी कहानी की झलक दिखाता है। सौरभ शुक्ला की लिखी और उनके निर्देशन में बनी इस फिल्म में पंकज कपूर और डिंपल कपाड़िया की शानदार जोड़ी नज़र आने वाली है। इस फिल्म में शादी के पचास साल बाद पति-पत्नी के जज्बाती उलझनों को बड़ी बारीकी से दिखाया गया है, और यह शादी एक लंबे अरसे से दबी हुई सच्चाई के सामने आने पर टूट जाती है। फिल्म के ट्रेलर में हमें गोपाल [पंकज कपूर] और अनुसूया [डिंपल कपाड़िया] की खामोशी भरी और जानी-पहचानी दुनिया की झलक दिखाई देती है, जो बीते 50 सालों से एक-दूसरे की रोजाना की आदतों, यादों और बिना कहे समझ लेने वाले रिश्ते से जुड़े हैं। उनकी शांत सी लगने वाली ज़िंदगी में उस वक्त अचानक एक मोड़ आता है, जब अनुसूया लंबे अरसे से सीने में दफ़न एक राज़ से पर्दा उठाती है, जिससे उनके रिश्ते की जड़ें हिल जाती है। गोपाल के लिए इस



सच्चाई को स्वीकार करना मुश्किल है जो खुद को दिल टूटने और इज्ज़त के बीच फंसा हुआ पाता है, और आखिर में तलाक लेने का फैसला करता है। उनकी ये कहानी उन्हें एक युवा वकील के पास ले जाती है, जिसका किरदार अपारशक्ति खुराना ने निभाया है, जहाँ कड़वी बातचीत से सालों के अनकहे जज्बात, छिपा हुआ दर्द और दिल में दबी हुई मोहब्बत बाहर आने लगती है। ट्रेलर में बड़ी बारीकी से दिखाया गया है कि जैसे-जैसे पुरानी यादें ताज़ा होती हैं और सच सामने आता है, वैसे ही वक्त के साथ प्यार का इम्तिहान होता है। संजीदगी, अपनेपन और सच्चाई के बेहतरीन तालमेल पर आधारित यह फिल्म रिश्तों, माफ़ी और अतीत का सामना करते हुए पुराने रिश्ते को फिर से जोड़ने की ताकत की एक जबरदस्त कहानी है।

# सोनालीका ने फरवरी में अब तक की सर्वाधिक 12,890 कुल ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की

**लखनऊ।** देश में कृषि मशीनीकरण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के अपने 30वें ऐतिहासिक वर्ष में, सोनालीका ट्रैक्टर्स ने एक और सुनहरा अध्याय जोड़ते हुए वित्त वर्ष '26 में फरवरी माह की अब तक की सर्वाधिक 12,890 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री दर्ज की है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि बड़े स्तर पर मज़बूत कार्या नीति और कंपनी के मूल विश्वास 'जीतने का दम' का प्रमाण है जो किसानों के उज्ज्वल भविष्य की ताकत है। आज जब देश में आधुनिक कृषि तकनीक से उन्नत और किफायती कृषि रही है, सोनालीका इनोवेशन, किसानों से गहरा जुड़ाव और मज़बूत बाज़ार पहुंच के साथ लगातार आगे बढ़ रही है। भारत का कृषि क्षेत्र इस समय एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है, जहाँ सरकारी नीतियों का सहयोग, डिजिटल पहल के माध्यम से बढ़ता मशीनीकरण, आसान ऋण सुविधा



और ग्रामीण बुनियादी ढांचे में निवेश किसानों की आय और उत्पादकता को मज़बूत बना रहे हैं। सोनालीका ने हमेशा वैश्विक स्तर की इंजीनियरिंग को अपनाते हुए भविष्य के लिए तैयार ट्रैक्टर विकसित किए हैं, जैसे की हाल ही में लॉन्च की गई सोनालीका गोल्ड सीरीज़, जो ज़मीनी कृषि आवश्यकताओं के अनुरूप है और सोने की तरह सुरक्षित एवं दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करती है।

इस नई उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए, रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, असली 'जीतने का दम' हमेशा उन किसानों में रहा है, जो हर दिन अपने खेतों में प्रगति बोते हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि हम ऐसे हेवी ड्यूटी ट्रैक्टर तैयार करें जो किसानों के सपनों और उनकी सफलता के संकल्प को और मज़बूत बनाएं। भारत के कृषि परिवर्तन में हमारी भूमिका को और मज़बूत करती है और हमें किसानों की प्रगति को देश की समृद्धि से जोड़ने की नई प्रेरणा देती है।

## हंगामा ओटीटी की बेगम ऑफ क्राइम में सना मकबूल का अब तक का सबसे बोल्ड अवतार



हंगामा ओटीटी, जो भारत के प्रमुख डिजिटल एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म्स में से एक है, ने अपनी नई ओरिजिनल सीरीज बेगम ऑफ क्राइम को 3 मार्च 2026 को लॉन्च किया। यह सीरीज महत्वाकांक्षा, सर्वाइवल और ताकत की कीमत की एक रोमांचक कहानी पेश करती है, जो क्राइम थ्रिलर जॉनर में नया स्तर तय करती है। बेगम ऑफ क्राइम महत्वाकांक्षा की सायकोलॉजी, सम्मान पाने की बेचैनी और एम्पावरमेंट व डिस्ट्रक्शन के बीच की पतली रेखा को गहराई से दिखाती है। कहानी दिव्या के इर्द गिर्द घूमती है, जिसका किरदार सना मकबूल ने निभाया है। दिव्या पारंपरिक हीरोइन की छवि को तोड़ देती है। वह फियर्स, फ्लॉड और बिना माफी मांगे अपने लक्ष्य के पीछे भागने वाली है। वह अपने घर की सुरक्षित दुनिया छोड़ देती है, सिर्फ एक गोल के साथ, अपनी शर्तों पर जिंदगी बनाने के लिए। एक ऐसी दुनिया में जो उसे लगातार डिसमिस करती है, वह खुद को छोटा करने से इनकार कर देती है। हर सेटबैक उसके इरादों को और मजबूत करता है। हर कॉम्प्रोमाइज उसे मॉरल ग्रे टेरिटरी की तरफ थोड़ा और धकेल देता है। जो शुरुआत में सिर्फ जिंदा रहने की लड़ाई थी, वह धीरे धीरे कुछ ज्यादा खतरनाक रूप ले लेती है। डिसेप्शन उसकी करेंसी बन जाता है। मैनिपुलेशन उसकी आर्मर बन जाती है। थेफ्ट और बेत्रेयल उसके लिए स्टेपिंग स्टोन्स बन जाते हैं। और आखिरकार ब्लड भी बहता है। एक कम आंकी गई ड्रीमर से एक कैलकुलेटिंग फोर्स बनने तक का उसका सफर इस कहानी की रीढ़ है। दिव्या का किरदार निभाने को लेकर सना मकबूल ने कहा, मैं अपने ओटीटी डेब्यू के लिए सही प्रोजेक्ट का इंतजार कर रही थी, और बेगम ऑफ क्राइम मुझे बिल्कुल सही लगा। दिव्या बोल्ड है, बिना माफी मांगे फैसले लेने वाली है और डेंजरसली डिटरमाइंड है।

# मानसिक आरोग्य और मनोवैज्ञानिक जागरूकता बढ़ाने के लिए एक नया प्लेटफॉर्म ViveQ लांच किया

**नई दिल्ली।** मानसिक स्वास्थ्य को लेकर विश्वसनीय बातचीत को आगे बढ़ाने और संवेदनशील मनोवैज्ञानिक मुद्दों पर भ्रामक सूचनाओं से निपटने के एक प्रयास के तहत सेंटर फॉर एक्शन रिसर्च एंड डेवलपमेंट कार्ड ने एक मेंटल वेलनेस पॉडकास्ट ViveQ लांच किया है। इसका उद्देश्य विशेषज्ञ की अगुवाई में बातचीत और डिजिटल पहुंच के जरिए व्यक्तियों को सीधे मनोवैज्ञानिकों और मनोचिकित्सकों से जोड़ना है। इस पहल का अनावरण उद्योग जगत से प्रतिष्ठित नेताओं द्वारा किया गया जिसमें पंजाब के पूर्व अपर मुख्य सचिव एवं एनसीवीईटी के पूर्व चेयरपर्सन डाक्टर एनएस कलसी, हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य ममता यादव और अग्रणी मनोविज्ञान विशेषज्ञ जैसे सुश्री नलिनी डेका आईपी कॉलेज, दिल्ली में पूर्व मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष और प्रोफेसर एनके चड्ढा दिल्ली युनिवर्सिटी के मनोविज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष




शामिल थे।

पंजाब के पूर्व अपर मुख्य सचिव एवं एनसीवीईटी के पूर्व चेयरपर्सन डाक्टर एनएस कलसी, आईएएस सेवानिवृत्त ने कहा, आज के इस तेजी से उभरते सामाजिक परिदृश्य में भावनात्मक कल्याण और मानसिक लचीलापन व्यक्तिगत एवं सामाजिक प्रगति का केंद्र बन गया है। ViveQ जैसी पहल महत्वपूर्ण है क्योंकि ये सार्थक संवाद, विशेषज्ञों की अंतर्दृष्टि और साझा अनुभवों के लिए एक विश्वसनीय मंच तैयार करता है जहां लोगों को अधिक संतुलित एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन की दिशा में मार्गदर्शन मिलता है।

अपने विचार साझा करते हुए हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य ममता यादव ने कहा, आज, लोग खासकर युवा अपने व्यक्तिगत एवं पेशेवर जीवन में काफी तनाव का सामना कर रहे हैं। ऐसे समय में ऐसे प्लेटफॉर्म होना महत्वपूर्ण हैं जहां वे खुले मन से सीख सकें और सही मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। ViveQ एक सार्थक पहल है जो निष्ठापूर्ण बातचीत और विशेषज्ञों की अंतर्दृष्टि के जरिए मानसिक कल्याण और भावनात्मक ताकत के बारे में जागरूकता पैदा करने में मदद कर सकती है। इस तरह के प्रयास लोगों को अधिक संतुलित और आत्मविश्वास से भरा जीवन जीने में मदद कर एक वास्तविक अंतर पैदा कर सकते हैं।

ViveQ पहली ऐसी डिजिटल पहल है जो विशेषज्ञों का मार्गदर्शन अधिक से अधिक लोगों की पहुंच में लाने के लिए पॉडकास्ट और सोशल मीडिया का उपयोग करेगा। यह प्लेटफॉर्म एडीएचडी, अल्जाइमर की बीमारी, डिसलेक्सिया, चिंता को लेकर मानसिक गड़बड़ियां, अवसाद, पीटीएसडी, ओसीडी और ऑटिज्म स्पेक्ट्रम की स्थितियां जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भावनात्मक विवेक, संज्ञानात्मक फिटनेस और प्रतिदिन के तनाव से निपटने के उपाय बताएगा।

वर्तमान में अंग्रेजी, हिंदी और पंजाबी में मौजूद ViveQ की योजना अतिरिक्त क्षेत्रीय भाषाओं में विस्तार करने की है। इस पहल के तहत प्रथम वर्ष में 7,000 से 10,000 लोगों तक पहुंचने की संभावना है जिसमें एक व्यापक भौगोलिक क्षेत्र को लक्षित किया जाएगा।

## येज़दी ने क्रोम से सजी रोडस्टर रेड वुल्फ लॉन्च की



**नई दिल्ली।** जावा येज़दी मोटरसाइकिल्स नई येज़दी रोडस्टर रेड वुल्फ लॉन्च करेगी। 'बॉर्न आउट ऑफ लाइन' रोडस्टर की दमदार भावना से प्रेरित रेड वुल्फ एक बोल्ड रेट्रो लॉन्ग-हॉल रोडस्टर है, जिसे दुनिया के एकमात्र भारत में जन्मे क्लासिक मोटरसाइकिल ब्रांड ने तैयार किया है। येज़दी रोडस्टर का यह नया रूप विद्रोही लाल रंग और चमकदार क्रोम के साथ आता है, जिसमें आकर्षक क्रूजर डिजाइन और परिष्कृत परफॉर्मेंस इंजीनियरिंग शामिल है, जिसने इसे लोकप्रिय बनाया है। अनुपम थरेजा, सह-संस्थापक, जावा येज़दी मोटरसाइकिल्स ने कहा रेड वुल्फ येज़दी के रोडस्टर परिवार में शामिल हो रही है। यह दुनिया का एकमात्र सच्चा भारत में जन्मा क्लासिक मोटरसाइकिल ब्रांड है। इसे कहानियां गढ़ने की जरूरत नहीं, इसकी हर दशक में अपनी कहानी है। भारत में तैयार एक असली येज़दी की तरह, रोडस्टर रेड वुल्फ राइडर को सहज और आकर्षक अंदाज देती है। इसका विंटेज स्टाइल 1970 के दशक के गहरे लाल और मेटालिक रंगों की याद दिलाता है। लेकिन इस बार, इसके बेबाक क्रोम के भीतर भारतीय सड़कों और आधुनिक राइडर्स के लिए तैयार की गई परफॉर्मेंस इंजीनियरिंग छिपी है। हमने येज़दी रोडस्टर उन लोगों के लिए बनाई है जो भीड़ का हिस्सा नहीं बनते। रेड वुल्फ अपना अलग समूह बनाने के लिए तैयार है। रेट्रो अंदाज वाली रेड वुल्फ गहरे, चमकदार लाल रंग में है, जिसे एग्जॉस्ट, इंजन और हैंडलबार पर चमकदार क्रोम से सजाया गया है, जो इस रेंज में पहली बार है। 'बॉर्न आउट ऑफ लाइन' डिजाइन दर्शन इसके तराशे हुए फ्यूल टैंक, चौड़े रियर फेंडर और हगर फेंडर, तथा सेगमेंट के सबसे चौड़े रियर टायर में झलकता है। रेड वुल्फ की बॉबर टेल, रिच ब्राउन सीट कलर और मॉड्यूलर सोलो/पिलियन सेटअप राइडर के अलग अंदाज को दर्शाते हैं। इसमें 350 अल्फा2 लिक्विड-कूल्ड इंजन, 6-स्पीड गियरबॉक्स और असिस्ट व स्लिपर क्लच, ड्यूल-चैनल एबीएस, एलईडी लाइटिंग और टूरिंग के अनुकूल एर्गोनॉमिक्स शामिल हैं।

# उमंग व उत्साह के साथ शहर से लेकर गांव तक मनी होली

- होली खेले रघुवीरा अवध में, होली खेले रघुवीरा...पर जमकर थिरके लोग

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले में रंगोत्सव का त्योहार सौहार्द व आपसी भाईचारे के बीच बुधवार को संपन्न हुआ। एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंगों से सराबोर रहे शहर से लेकर गांव तक के लोग। छिटपुट घटनाओं को छोड़ उमंग व उत्साह का त्योहार होली संपूर्ण जिले में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जगह-जगह प्रशासन का पहरा रहा। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में शांतिपूर्ण माहौल में होली त्योहार सम्पन्न हुआ।

बता दें कि हर वर्ष की भांति इस बार होली त्यौहार कड़े सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। रंगों से सराबोर हए बच्चे, नौजवान व बुजुर्ग सभी टोली बनाकर होली खेलते नजर आए। एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर होली की मुबारकबाद देते दिखे। खासकर बच्चों व नौजवानों में होली को लेकर खासा उत्साह दिखा। नौजवानों की टोली द्वारा जोगीरा गाकर होली के उमंग को दुगुना कर दिया, वहीं कई जगह डीजे के साथ होली गीत पर थिरकते नजर आए युवा। परंपरा के अनुरूप लोगों ने अपने से बड़ों के पैर पर गुलाल चढ़ा आशीष लिया तो वहीं छोटों को गुलाल लगा त्योहार की मर्यादा को सार्थक बनाया। वहीं रंगों का त्योहार होली ग्रामीण इलाकों में परंपरागत तरीके से मनाई गई। इस दौरान गांवों में ढोल की थाप सुबह से लेकर देर शाम तक गूंजती रही। लोगों ने गांवों में मिट्टी से लेकर रंग व अबीर तक की होली खेली। इस दौरान करीब आधा दर्जन स्थानों पर मारपीट की भी घटनाएं हुई। लेकिन गांवों का माहौल पूरी तरह से शांतिपूर्ण बना रहा।


मथौली चौकी पर होली खेलते पुलिस कर्मी

## पुलिस कर्मियों ने भी खेली जमकर होली

बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में होली का त्योहार सम्पन्न कराने के बाद गुरुवार को पुलिस कर्मियों ने होली खेली। पुलिस लाइन से लेकर, थाने व चौकियों पर पुलिस कर्मियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिल बधाई दिए। कई जगह तो डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए। क्षेत्रों में होली त्यौहार संपन्न कराने के बाद पुलिस कर्मियों की होली देख लोग उत्साहित नजर आ रहे थे।

## होली पर एसपी ने किया भ्रमण



**कुशीनगर।** होली त्योहार के मद्देनजर जनपद कुशीनगर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार द्वारा थाना कोतवाली पडरौना क्षेत्रांतर्गत भ्रमण किया गया। इसके साथ ही समस्त सीओ, थानाध्यक्ष व बीट के सिपाहियों ने भ्रमण कर शांति व्यवस्था कायम रखा। होली पर्व के अवसर पर जनपद कुशीनगर में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री केशव कुमार द्वारा थाना कोतवाली पडरौना क्षेत्रांतर्गत किया गया भ्रमण/निरीक्षण, इस दौरान पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार द्वारा क्षेत्राधिकारी सदर डॉ0 अजय कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह मय पुलिस बल के साथ महत्वपूर्ण चौराहों, बाजारों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उन्हें होली के त्योहार को हर्षोल्लास एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। साथ ही, किसी भी प्रकार की अफवाह, उन्माद फैलाने वाले तत्वों, नशे में धुत व्यवहार, रंगबाजी के दुरुपयोग या असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने का आश्वासन दिया गया।

# मातम में बदली होली की खुशियां, पेड़ से टकराए बाइक सवार की मौत



- परिजनों में मचा चीख पुरकर, गांव के समीप बगीचे में बाइक से गया था युवक

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के सोड़रा खोठ्ठा मार्ग पर एक अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई गई जिसमें चालक की मौके पर मौत हो गई।

प्राप्त सूचना के मुताबिक निखिल यादव पुत्र रविन्द्र यादव उम्र 18 वर्ष निवासी सुतुहिया थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर अपने गांव के समीप एक बागीचे में गया था जहां से बाइक पर सवार होकर घर वापस आ रहा था अभी वह कुछ दूर पहुंचा ही था कि उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक पेड़ से टकरा गई। जिसमें निखिल की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजन पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिए। वहीं इस घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रविन्द राय ने बताया कि परिजन पोस्टमार्टम कराने से मना कर रहें थे पंचनामा तैयार कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

## बाइकों की भिड़ंत में पति-पत्नी समेत चार घायल

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के हाटा-पिपराइच मार्ग पर तुर्कडीहा के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में पति-पत्नी समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें गोरखपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, भैसही स्थित एच एस ग्लोबल स्कूल में पढ़ने वाले इन्दल पुत्र श्री प्रकाश के बच्चों के अध्यापक सुनील तीरकी (29 वर्ष, निवासी हातीकुली, धुपगुड़ी, असम) अपनी पत्नी कैरोलीन के साथ इन्दल के घर होली पर्व मनाने गए थे। शाम चार बजे इन्दल अपनी स्कूटी से उन्हें भैसही छोड़ने जा रहा था। जैसे ही वे तुर्कडीहा के समीप पहुंचे, सामने से आ रही रानू (22 वर्ष, पुत्र दामोदर, निवासी डुमरी) की बाइक से उनकी स्कूटी की टक्कर हो गई। यह भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों पर सवार लोग सड़क पर गिर कर घायल हो गए। इस दुर्घटना में स्कूटी चालक इन्दल, अध्यापक सुनील और बाइक चालक रानू को गंभीर चोटें आईं, जबकि सुनील की पत्नी कैरोलीन को हल्की चोटें लगीं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने इन्दल, सुनील और रानू को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया।

# सीडीआर और बारकोड के जरिए खुलेगा अवैध शराब के रैकेट का कला सच

- मथौली में एक मुर्गी फार्म से अवैध शराब फैक्ट्री का पुलिस ने किया था भंडाफोड़
- अवैध शराब को होली के दिन बेचने के फिराक में थे धंधेबाज

अवधनामा संवाददाता

**मथौली, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली में बीते 3 मार्च को एक मुर्गी फॉर्म से अवैध शराब की फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया था। इस कार्य में लगे दो लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दी, वहीं बड़े पैमाने पर शराब बनाने वाले उपकरण व बंटी बबली का खाली रैपर, यूरिया और नौशादर बरामद किया था। सवाल यह है कि अवैध शराब कारोबार कब से चल रहा था, इस रैकेट में कितने और नाम शामिल है, बारकोड लगे रैपर कहां से आया था, दोनों अभियुक्तों के मोबाइल का सीडीआर और रैपर पर लगे बारकोड की मदद से पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

बता दें कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली में मंगलवार 3 मार्च को बड़े पैमाने पर पुलिस द्वारा अवैध शराब की फैक्ट्री का खुलासा करने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। चर्चा-ए-सरेआम है कि इतने बड़े अवैध कारोबार किसके सरंक्षण में चल रहा था, कब से चल रहा था, पुलिस को अब तक भनक क्यों नहीं थी जबकि पुलिस रातों रात गश्त व पहरे पर रहती है। लोगों के जेहन में ऐसे तमाम बड़ा सवाल पैदा हो रहा है। चूंकि पुलिस चौकी से मात्र एक किलो मीटर दूरी पर सिवान में खाली पड़े एक मुर्गी फार्म में इतने बड़े कारोबार को कैसे अंजाम दिया जा रहा था, जबकि पुलिस रात भर गश्त पर रहती है। हालांकि पुलिस दोनों अभियुक्तों के मोबाइल का सीडीआर खंगाल रही है। इस अवैध कार्य में कौन कौन संलिप्त है, बड़ा खुलासा होने की आशंका है। वैसे पुलिस हर पहलुओं से जांच पड़ताल में जुटी है। इस रैकेट का सरगना कौन है, कितने लोगों का नाम खुलकर सामने आएगा इसको लेकर उन लोगों में बेचैनी से बढ़ गई है।

## कहां से पहुंचा बंटी-बबली का रैपर, बारकोड से खुलेगा राज

मथौली में पुलिस ने जिस मुर्गी फॉर्म से अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है, वहां पुलिस की बरामदगी में 4000 बंटी बबली का रैपर भी बरामद हुआ है जो बारकोड युक्त है। पुलिस अब इस बार कोड के जरिए पता लगा रही है कि कहां से ये रैपर, किस भट्टी से यहां तक पहुंचा, इसमें कौन कौन शामिल हो सकते है, बड़ा खुलासा होने की संभावना है। हालांकि पुलिस हर पहलुओं पर जांच पड़ताल में जुटी है।

## सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन 11 को

**अमेठी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी शेर बहादुर ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद में 11 मार्च 2026 को सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज के पीछे स्थित मैदान निकट विकास भवन में सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि जनपद को आवंटित लक्ष्य के अनुसार कुल 308 जोड़े पूर्ण विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ परिणय सूत्र में बंधेंगे। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए पात्र जोड़े प्रतिभाग करेंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि 11 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले इस समारोह हेतु निर्धारित स्थल पर प्रातः 07 बजे से आवेदित पात्र जोड़ों का बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन किया जाएगा। सभी पात्र जोड़ों से अपील की गई है कि वे समय से उपस्थित होकर बायोमैट्रिक प्रक्रिया पूर्ण कराएं ताकि कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न कराया जा सके।

# मठिया राजवाहा में दिखा मगरमच्छ, मची अफरा तफरी



अवधनामा संवाददाता

**खड्डा, कुशीनगर।** मठिया राजवाहा के ग्राम पखनहा व सुगौली चौराहे के पास गुरुवार को नहर में मगरमच्छ दिखाई देने से लोगों में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व वन विभाग की टीम पकड़ने में जुट गई।

बता दें कि गंडक नहर से होकर मठिया राजवाहा में एक मगरमच्छ देख काफी संख्य में लोग जुट गए। धीरे धीरे जटहा थाना क्षेत्र के गांव पखनहा के सुगौली बाजार चौराहे के समीप नहर पटरी से आते जाते राहगीरों एवं बकरी चारवाहों ने देखा। देखते ही देखते स्थानीय लोगो की भीड़ जुट गई। यह सूचना ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को किया। वन कर्मियों के मौके पर पहुंचने पर मगरमच्छ को पदक कर वन कर्मियों ने पनियहवा गंडक नदी में छोड़ने के हेतु लेकर चले गए।

# फर्जी मार्कशीट पर नौकरी हथियाने वाले पंचायत सहायक समेत प्रधान व सचिव पर केस

अवधनामा ब्यूरो

- एडीओ पंचायत के तहरीर पर चौराखास थाने में दर्ज हुआ मुकदमा

**कुशीनगर।** विकास खंड फाजिलनगर के ग्राम पंचायत रहसु जनोबी पट्टी में दस्तावेजों में हेराफेरी व कूटरचित कर फर्जी तरीके से पंचायत सहायक की नौकरी हथियाने के मामले में एडीओ पंचायत के तहरीर पर पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान व तत्कालीन सचिव के खिलाफ चौराखास थाने में जालसाजी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। उक्त ग्राम पंचायत में कमलेश देवी का पंचायत सहायक के पद पर मेरिट के आधार पर 2021 में चयन किया गया। चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए गांव की एक महिला ने आरोप लगाया कि चयनित महिला का अंक पत्र फर्जी है और ग्राम प्रधान और सचिव ने शिकायक के बाद भी अपने पद का दुरूपयोग करते हुए उसका चयन कर लिया। महिला द्वारा दिए गए हाई स्कूल के अंक पत्र में 494 नंबर दिया गया था जबकि उक्त रोल नंबर को आनलाइन जांच करने पर मात्र 278 अंक ही मिला है। शिकायतकर्ता के शिकायत की जांच करने पर फर्जी अंक पत्र प्रमाणित होने पर एडीओ पंचायत ने ग्राम प्रधान और सचिव को इस सम्बन्ध में नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन तय समय समाप्त होने के बाद भी स्पष्टीकरण नहीं देने पर पूरे मामले को पत्रावली के माध्यम से जिलाधिकारी कुशीनगर को प्रस्तुत किया गया जिसका अवलोकन करने के बाद जिलाधिकारी ने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्राम प्रधान पूनम देवी, तत्कालीन सचिव शिबू राय और पंचायत सहायक कमलेश देवी पर मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार साहनी ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई किया जा रहा है।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित हुई प्रतिभा जायसवाल

अवधनामा संवाददाता



**खड्डा, कुशीनगर।** स्थानीय विकास खंड के स्वामी विवेकानंद इंटरमीडिएट कॉलेज की पढ़ाने वाली एक छात्रा को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की एक प्रमुख पहल इंस्पायर अवार्ड मानक के तरफ से अवार्ड मिलने पर खुशी की लहर है।

बताते चले कि इंस्पायर अवार्ड मानक भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की एक प्रमुख पहल है। जो कक्षा 6 से 10 तक के स्कूली छात्रों को जिनकी उम्र 10 से 15 वर्ष का हो उनको नवाचार और रचनात्मक सोच की बढ़ावा देने तथा मौलिक विचारों के लिए चयनित विद्यार्थियों को 10000 रुपए की पुरस्कार प्रदान की जाती है। उसके तहत क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद इंटरमीडिएट कॉलेज की छात्रा प्रतिभा जायसवाल को मॉडल/ प्रोजेक्ट विकसित करने पर उनके खाते में 10000 रुपए पुरस्कार की राशि मिलने पर खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य मनोज सिंह ने छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए। विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात बताया है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा जायसवाल शुरू से ही कक्षा में मेधावी छात्रा है। वे अपने नवाचारों के माध्यम से भविष्य में भी नई ऊंचाइयां हासिल करेंगी। विद्यालय प्रबंधन समिति के डॉ. सी.पी. सिंह, अध्यक्ष दीनानाथ जायसवाल, उपाध्यक्ष दुर्गेश्वर वर्मा, नत्थू शर्मा, शिक्षक नागेंद्र शर्मा, रामछकित मिश्रा, यशपाल सिंह, आदित्य मिश्रा, अखिलेश गुप्ता शैलेंद्र कुमार ने भी छात्रा को इस सफलता पर बधाई दी है। तथा प्रतिभा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते उम्मीद जताई है कि वे इसके बाद जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शनियों में विद्यालय तथा क्षेत्र की नाम रोशन करेगी।

## जाम में फंस कर घण्टों कराहते रहे राहगीर

**अमेठी।** नगर में गुरुवार को भी भीषण जाम लगा रहा। सबसे अधिक समस्या गांधी चौक पर रही जहाँ घण्टों जाम में राहगीर फंसे रहे।अंबेडकर तिराहे और राजर्षि तिराहे के पास भी जाम की स्थिति काफी विकराल रही। सगरा तिराहे पर भी जाम की स्थिति थोड़ी-थोड़ी देर बाद बनती नजर आ रही थी।त्योहार के दूसरे दिन नगर में यात्रियों का आवागमन बढ़ा रहा। जिसके कारण नगर के विभिन्न चौराहों पर दिनभर जाम लगा रहा।सड़क की पटरियों पर सजी दुकानों के कारण मार्ग सकरा हो गया है।उस पर बेतरतीब वाहन खड़े होने से लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई हुई। इस समस्या के प्रति स्थानीय प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।लोगों की आवाजाही के कारण नगर में भीड़ बनी हुई है। जिसके कारण राहगीरों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है पुलिस बल की जगह जगह तैनाती के बावजूद जाम की स्थिति बरकरार रही और सुरक्षा बल यातायात सुचारू करने में बेबस नजर आए। बाइक सवारों को नगर के विभिन्न मोहल्लों की गलियों से होकर गुजरना पड़ रहा था।

# जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली



बृजेश कुमार शुक्ल

**बस्ती।** जिले में होली का त्योहार हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। बच्चों और युवाओं में त्योहार को लेकर काफी जोश दिखा। जिले के विभिन्न स्थानों पर बच्चे और युवा डीजे की धुन पर फिरकते देखे गए तो कहीं ढोलक की थाप पर युवा और अधेड़ फाग के गीतों के साथ थिरकते देखे गए। पिचकारी से रंग फेंकते बच्चों ने होली के जोश को दिन कर दिया। होली के त्यौहार के दिन सभी घरों में होली का विशेष मिष्ठान गुजिया के साथ पूरी, कचौड़ी, दही बड़ा आदि पकवान बनाए गए। सुबह से ही घर-घर में उत्साह का वातावरण देखने को मिला। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और पारिवारिक एकता का संदेश दिया।

होली की शुरुआत सोमवार की रात होलिका दहन के साथ की गई जनपद के सभी थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सोमवार की रात होलिका दहन किया गया तो कहीं पर मंगलवार की रात होलिका जलाई गई। मंगलवार के दिन चंद्र ग्रहण और सूतक के कारण कुछ स्थान पर ग्रहण समाप्ति के बाद मंगलवार की रात में होलिका दहन किया गया। होलिका दहन को लेकर जिले में पुलिस की व्यवस्था चाक-चौबंद दिखी। प्रशासन होली को लेकर सतर्क रहा। प्रणाम स्वरूप लोगों ने प्रेम और सौहार्द के बीच होली का त्यौहार मनाया। त्योहार से एक दिन पूर्व कई जगहों पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

जिले के उपाध्यक्ष गो सेवा आयोग महेश शुक्ल, सांसद रामप्रसाद चौधरी, हरैया विधायक अजय सिंह, महादेव विधायक दूधराम, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने आवास पर क्षेत्रीय जनों से होली खेली, मिठाइयां खिलाई और होली की शुभकामनाएं दी।

दूसरे दिन आज पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत ने पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों संग हर्षोल्लास के साथ होली खेली। इस दौरान जमकर रंग और गुलाल उड़े। होली के रंग में रंगे पुलिस के अधिकारियों और जवानों ने एक दूसरे पर रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी।

## इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित हुए उच्च प्रा. वि. पुरैनी के छात्र, शिक्षकों व अभिभावकों में खुशी की लहर



**मथौली, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरैनी के छात्रों ने इस बार भी परचम लहराया है। ये मोतीचक के लिए गर्व की बात है कि विद्यालय की तीन छात्राओं का चयन राष्ट्रीय योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में हुआ है। सफल छात्राओं में अंजली गोंड, नेहा वशिष्ठ विश्वकर्मा और शीतल भारती का नाम शामिल है। बता दें कि इन छात्रों में से नेहा वशिष्ठ विश्वकर्मा ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए भी चयन प्राप्त किया है। यह उपलब्धि विद्यालय तथा पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुन्ना सिंह, शिक्षकों में मुनेश सिंह, बिरजू साहनी, पवन कुमार गुप्ता, रमेश प्रसाद व नेहा दुबे तथा ग्राम प्रधान श्रीमती पूनम कुशवाहा पत्नी छोटेलाल कुशवाहा ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेंगी। अभिभावकों में भी खुशी का माहौल है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**मुंशीगंज (अमेठी)।** परतोष चौकी क्षेत्र के पूरे भैरव सरूवांवा गांव निवासी विकास मिश्र बाइक से मड़ेरिका की ओर जा रहे थे रास्ते में चंदी तिराहे के पास अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे बने तालाब में घुस गए। हल्ला गुहार सुनकर ग्रामीणों ने तालाब में डूब रहे युवक को निकाला गया।परिजन गंभीर अवस्था में एंबुलेंस से सीएचसी भेंटुआ ले गए जहां डॉक्टरों ने गम्भीर हालत देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। परतोष चौकी प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिली है तहरीर मिलने पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## राजेन्द्र हॉस्पिटल में अत्याधुनिक लेवल-3 एनआईसीयू की सुविधा, आयुष्मान योजना से नवजातों का निःशुल्क इलाज

**बस्ती।** मुण्डेरवा मार्ग राजेन्द्रानगर में स्थित राजेंद्र हॉस्पिटल में नवजात शिशुओं के इलाज के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। डा. ईशा कपूर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल में लेवल-3 एनआईसीयू (नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट) की व्यवस्था की गई है, जो पूर्वांचल क्षेत्र में बहुत कम अस्पतालों में उपलब्ध है।डा. कपूर ने बताया कि हाल ही में एक नवजात शिशु संतकबीर नगर जनपद के बीना देवी पत्नी उमापति को गंभीर स्थिति में यहां भर्ती कराया गया था। बच्चे का जन्म किसी अन्य स्थान पर हुआ था और उसकी तबीयत ठीक नहीं थी, जिसके बाद उसे राजेंद्र हॉस्पिटल के एनआईसीयू में भर्ती कराया गया। यहां विशेषज्ञ डाक्टरों और आधुनिक मशीनों की मदद से उसका इलाज किया गया, जिसके बाद अब बच्चा पूरी तरह स्वस्थ होकर घर जा चुका है।उन्होंने बताया कि अस्पताल में लेवल-3 एनएसयू के साथ-साथ 10 वेंटिलेटर, 12 सीपीएपी मशीनें, लैमिनर चैबर, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और केएमसी (कंगारू मदर केयर) यूनिट जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन आधुनिक व्यवस्थाओं के कारण गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं का भी बेहतर इलाज संभव हो पा रहा है।डा. कपूर ने बताया कि अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत नवजात शिशुओं का इलाज निःशुल्क किया जाता है। इससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिलती है और उन्हें इलाज के लिए आर्थिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता।



# हादसों में आधा दर्जन की मौत, 11 घायल

अवधनामा संवाददाता

- सड़क दुर्घटना, विषाक्त पदार्थ खाने और मारपीट की घटनाओं में लोग की हुई मौत और हुए घायल

**अमेठी।** जिले में रंगों का पर्व होली इस बार कई परिवारों के लिए दुखद साबित हुआ। अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों करंट लगने और संदिग्ध परिस्थितियों में आधा दर्जन लोगों की मौत हो गई। थाना क्षेत्र मुसाफिरखाना और गौरीगंज में हुए अलग-अलग हादसों में 11 लोग घायल हो गए। कमरौली के गढ़ा मोड़ के पास लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को डीसीएम की टक्कर से साइकिल सवार अनवरी बानों उम्र 55 वर्ष की मौत हो गई जबकि उनके पति मोहम्मद वसीम उम्र 59 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों साइकिल से दवा लेने जा रहे थे। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घायल वसीम का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

बाजार शुकुल के बागमीरा भिटवा गांव निवासी शिव ओम उम्र 18 वर्ष की बुधवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। वह साइकिल से होली खेलने जा रहा था। जैसे ही वह जगदीशपुर सत्थिन मार्ग पर चढ़ा सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उसकी टक्कर हो गई। गंभीर रूप से घायल युवक को ग्रामीणों ने सीएचसी जगदीशपुर पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीपरपुर के सवनगी गांव में करिश्मा उम्र 27 वर्ष का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मायके के कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। मुंशीगंज के सेवई हेमगढ़ गांव में खेत से लौट रहे किसान घेराऊ प्रजापति उम्र 65 वर्ष बिजली के टूटे तार की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौत हो गई।मुसाफिरखाना के जाखा शिवपुर निवासी सुनील कुमार वर्मा उम्र 30 वर्ष का शव लालगंज चौराहे के पास सड़क किनारे झाड़ियों में मिला। मौके पर उनकी क्षतिग्रस्त बाइक भी पड़ी मिली। पुलिस के अनुसार बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरने से उनकी मौत हुई। कमरौली के बरसंडा के पट्टी गांव में हनुमान गौतम उम्र 35 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ सेवन के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने जहर देकर हत्या का आरोप लगाया है जबकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसी बीच बाजार शुकुल के किशनी गांव में होली खेलने के बाद गोमती नदी में नहाने गए युवक पवन कुमार गुप्ता उम्र 23 वर्ष डूब गए। पुलिस और स्थानीय गोताखोर उनकी तलाश में जुटे हैं लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका कोई सुराग नहीं लग सका था। वहीं मुसाफिरखाना क्षेत्र में मेले के दौरान हुई मारपीट और भगदड़ जैसी स्थिति में आठ लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। इसके अलावा गौरीगंज क्षेत्र में अलग-अलग हादसों में तीन अन्य लोग घायल हुए। सभी घायलों का उपचार चल रहा है। इन घटनाओं के बाद कई घरों में होली का उत्साह मातम में बदल गया।

## हर चेहरे पर गुलाल लगाने को निकली होलियारो की टोली

**अमेठी।** जनपद में रंगो का पवित्र त्योहार होली परंपरागत तरीके से मनाया गया हर चेहरे पर रंग गुलाल लगाने को होलियारो की टोली ढोल और मृदंग के साथ थिरकते हुए निकली।बुधवार को होली का त्यौहार उत्साह पूर्वक मनाया गया।मंगलवार की रात रीतिरिवाज से होलिका दहन हुआ।बुधवार को सुबह से ही होलियारो की टीम जगह जगह अबीर गुलाल पिचकारी के साथ निकल पड़ी। गांव गांव शहर शहर होली की धूम मची रही घरो में पकवान और बाहर रंगो की धूम रही प्रेम के रंग में सभी सराबोर दिखे। सडक पर धमाल ऐसा की राहगीर बिना रंगे नहीं छूट रहे थे। दोपहर बाद होली मिलने का दौर चला।लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दे रहे थे। देर शाम तक यह सिलसिला चलता रहा।होली के दिन कई जगहों पर छिटपुट विवाद भी हुआ।आमतौर पर जिले में त्योहार शान्ति पूर्ण रहा पुलिस और प्रशासन जगह जगह भ्रमणशील रहा।गया तीर्थ यात्रियों को अक्षत छीटने को बाहर निकलना पड़ा और होलियारों से दो चार होना पड़ा।

# गुनाहों से मगफिरत का है, माह-ए-रमजान का दूसरा अशरा

अवधनामा ब्यूरो

- खैरात, जकात, सदका व गरीब, मजलूमों की मदद करना सबसे बड़ा सवाब ए जरिया

**कुशीनगर।** रमजान उल मुबारक का पहला अशरा गुजरने के बाद दूसरा अशरा शुरू हो गया है, जो अपने गुनाहों से मगफिरत का अशरा है। इसके साथ ही नमाज और तरावी अदा करने के लिए मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ में काफी इजाफा हो रहा है। माहे रमजान का महीना मोमिनों के लिए अल्लाह से बात का खास महीना है। बता दें कि दस रमजान का पहला अशरा खत्म हो गया था, अब दूसरा अशरा शुरू हो गया है। जिस रोजेदार की इबादत में अगर कोई कमी पहले अशरे में रह गई हो तो वह दूसरे अशरे में उसे पूरा कर सकता है। इस अशरे में रोजेदार शिद्दत के साथ इबादत व तिलावत करें और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगे। बेशक अल्लाह अपने बंदों के गुनाहों को माफ करता है और उनकी मुश्किलों को दूर करता है। इसलिए अशरा ए मगफिरत के एक एक पल का कद्र करें और अल्लाह से अपने हर गुनाहों की तौबा मांगे। माहे रमजान में हर तरह की इबादतों का यूं तो खास मर्तबा है, लेकिन रमजान में खैरात, जकात, सदका करने के साथ ही गरीब, मजलूमों की मदद करना बेहद सवाब का काम है। रमजानुल मुबारक रूह को पाक करके अल्लाह के करीब जाने का मौका देता है। इंसान को अपनी जिंदगी सही राह पर लाने का पैगाम देता है, और अल्लाह की नेमतों के साथ ही उसकी इबादत का जरिया है। रोजा एक ऐसी इबादत है जिससे रोजेदार के अंदर इंसानियत का जज्बा पैदा होता है। रोजेदार जब रोजे की हालत में पूरे दिन भूखा प्यासा रहकर अल्लाह की इबादत में मशगूल रहा है। भूख प्यास की तड़प के बीच जबान से रूह तक पहुंचने वाली खुदा की वही इबादत हर मोमिन को उसका खास बना देती है। रमजान खुद को हर बुराई से बचाकर अल्लाह के नजदीक ले जाने की यह सख्त कवायद हर मुसलमान के लिए खुद को पाक साफ करने का बेहतरीन मौका है।

# सैफई में समाजवादी रंग की गूंज, अखिलेश यादव ने खेली फूलों की होली

वहाज अली निहाल/बी पी यादव



**सैफई, इटावा।** समाजवादी पार्टी का गढ़ सैफई बुधवार को फिर समाजवादी रंग में डूबा नजर आया। गांव की गलियों से लेकर आयोजन स्थल तक लाल और हरे झंडों की छटा दिखाई दी। अवसर परंपरागत फूलों की होली का था, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने परिवार सहित हजारों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ पुष्प वर्षा के बीच होली खेलकर शुभकामनाएं दीं। मंच से फाग की स्वर लहरियां गूंजती रहीं और पूरा वातावरण लोक संस्कृति की मिठास से सराबोर रहा। फूलों की होली की परंपरा लगभग तीन दशक पूर्व समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने शुरू कराई थी। दूर-दराज से आने वाले समर्थकों से आत्मीय मिलन को यादगार बनाने के उद्देश्य से यह आयोजन प्रारंभ हुआ और तब से निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री रहते हुए भी मुलायम सिंह यादव सैफई की होली को विशेष महत्व देते थे। उनके संबोधन कार्यकर्ताओं में उत्साह भर देते थे और देश-प्रदेश के लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को सांस्कृतिक गरिमा मिलती थी। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद डिंपल यादव, सांसद धर्मेंद्र यादव, सांसद आदित्य यादव, विधायक तेज प्रताप यादव सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन को राजनीतिक दृष्टि से भी अहम बना दिया।

इटावा, मैनपुरी, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद और फिरोजाबाद सहित विभिन्न जनपदों से पहुंचे समर्थकों ने अपने नेताओं से मिलकर फूल बरसाए। सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पारंपरिक ढोलक और मंजीरे की थाप पर ब्रज तथा अवध अंचल के कलाकारों ने फाग प्रस्तुत किए, जिन पर कार्यकर्ता झूमते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान उत्साह में आगे बढ़ रही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए शिवपाल सिंह यादव ने स्वयं माइक संभाला। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि है। 2027 में सरकार बनाने का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब संगठन मजबूत और संयमित रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि बिना संकेत कोई कदम न उठाएं और जनता के बीच किसी प्रकार की धमकी या अव्यवस्था फैलाने वाला व्यक्ति संगठन का प्रतिनिधि नहीं माना जाएगा।

## युद्ध नहीं, शांति और भाईचारे का रास्ता चुने देश : अखिलेश यादव

**सैफई, इटावा।** होली के अवसर पर सैफई में आयोजित कार्यक्रम में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने देश और दुनिया के मौजूदा हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि भारत के त्योहार हमें अच्छाई का रास्ता दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि होली अन्याय पर न्याय और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, इसलिए इस अवसर पर हमें आपसी भाईचारे और इंसानियत को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज दुनिया जिस दौर से गुजर रही है, वैसा समय पहले कभी नहीं देखा गया। कहीं मिसाइलें चल रही हैं, कहीं बम गिर रहे हैं और कई देशों में युद्ध अब तक थमे नहीं हैं। तकनीक के इस युग में दुनिया के किसी भी हिस्से में होने वाली घटना की जानकारी तुरंत मिल जाती है। कई देश एक-दूसरे की सीमाओं में प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ताकतवर देशों द्वारा लिए जा रहे फैसले वैश्विक शांति के लिए चिंता का विषय हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी और समाजवादी सरकार कभी युद्ध के पक्ष में नहीं रही और न रहेगी। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा का रास्ता दिखाया था और भारत ने हमेशा दुनिया को शांति का संदेश दिया है। हमारे देश की पहचान इंसानियत और भाईचारे से है, जिसे हर हाल में बनाए रखना होगा। उन्होंने कहा कि आज हम होली मना रहे हैं और 2012 को याद करना चाहिए, जब होली के बाद ही समाजवादी सरकार बनी थी। उत्तर प्रदेश में 403 विधानसभा सीटें हैं और समय कम बचा है, इसलिए कार्यकर्ताओं को ज्यादा मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार बनाने का रास्ता सैफई से ही शुरू होगा और यहां के लोग हमेशा समाजवादी विचारधारा को मजबूत देते आए हैं। पीडीए के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों को साथ लेकर चलने का यह संकल्प है। जो भी पीड़ित और दुखी है, समाजवादी उसके साथ खड़े हैं। उन्होंने धार्मिक और सामाजिक मुद्दों पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि जो दूसरे के दुख को अपना दुख समझे वही सच्चा योगी होता है, केवल बाहरी आडंबर से कोई योगी नहीं बन सकता। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है। सोना और चांदी इतनी महंगी हो चुकी है कि आम आदमी के लिए खरीदना मुश्किल है। रोजगार के अवसर घटे हैं और किसानों की समस्याएं बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा और विदेश नीति पर गंभीरता से काम करने की जरूरत है तथा देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देना होगा। अखिलेश यादव ने भरोसा दिलाया कि समाजवादी सरकार बनने पर किसानों को सबसे ज्यादा लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठित रहने और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा करते हुए कहा कि इटावा से पीडीए प्रशिक्षण की शुरुआत की जाएगी, जिसे आगे हर जनपद तक पहुंचाया जाएगा। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने बाबा साहब के संविधान और समाजवादी चिंतन का उल्लेख करते हुए कहा कि खुशहाली का रास्ता समाजवाद से होकर जाता है। उन्होंने होली के अवसर पर सभी को संकल्प दिलाया कि आगामी चुनाव में पहले से बड़ी जीत सुनिश्चित करनी है।

## होली त्यौहार सकुशल सम्पन्न होने के उपरान्त पुलिस लाइन चुर्क में खेली गई पुलिस की होली



**सोनभद्र (अवधनामा ब्यूरो)** होली पर्व के दूसरे दिन पुलिस लाइन चुर्क, जनपद सोनभद्र में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, जनपद के समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, थाना प्रभारी तथा पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दीं तथा आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं सहयोग की भावना के साथ उत्सव मनाया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के प्रति समर्पित रहकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अविवादित वरासत के प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे मामलों को प्राथमिकता पर निपटाया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन 59 गावों मे डेथ सर्टिफिकेट 01 वर्ष से पूर्व जारी हुआ है, फिर भी वरासत लम्बित है, ऐसे मे अभियान चलाकर वरासत के प्रकरणों को निस्तारित कराये। उन्होंने निर्देश दिए कि चकबंदी की प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा में तेजी से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि चकबंदी कार्यों में शिथिलता व लापरवाही किसी भी स्तर पर क्षम्य नही होगी तथा कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने 03 व 05 साल से लम्बित मुकदमों को 15 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चकबंदी अधिकारी सण्डीला को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, एसओसी चकबंदी प्रकाश चन्द्र उत्तम, एसीओं सकील अहमद सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सदस्य हेतु 15 मार्च तक करे आवेदन

**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** सहायक श्रमायुक्त सत्यवीर सिंह ने बताया है कि श्रीमती लीला पाठक, सदस्य जिला टास्क फोर्स समिति एवं श्रीमती प्रतिभा सक्सेना, सदस्य बालश्रम उन्मूलन जनपद समिति के सदस्यों का निधन हो जाने के फलस्वरूप उनके रिक्त हुए स्थान पर नये सदस्यों का चयन किया जाना है। उक्त पद हेतु पर सदस्य बनने के इच्छुक व्यक्ति जो कि जनपद हरदोई का मूल निवासी हो एवं बाल/बंधुआ श्रम कार्यक्षेत्र में अनुभव रखता हो ऐसे व्यक्ति अपना आवेदन कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, धर्मशाला रोड. सिनेमा चौराहा, जनपद हरदोई में 15 मार्च 2026 की सांय 05.00 बजे तक प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

## हिण्डाल्को रेणुकूट में फायर ड्रिल रेस्क्यू एवं कविता प्रतियोगिताओं का आयोजन

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को रेणुकूट में चल रहे 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के पहले दिन सेफ्टी ग्राउंड में फायर ड्रिल एवं रेस्क्यू प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में अल्युमिना रिडक्शन, फैब्रिकेशन एवं यूटिलिटीज विभागों की कुल चार टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में (सेनि) कर्नल रोहित शर्मा, विजय व्यास एवं डॉक्टर धर्मेन्द्र मिश्रा शामिल रहे।

प्रतियोगिता में रिडक्शन प्लांट की टीम के चंद प्रताप, विशाल गिरी एवं पीयूष मिश्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यूटिलिटीज की टीम से पुनीत संखोलिया, विघ्नेश्वर शर्मा एवं नीराला सिंह ने द्वितीय स्थान तथा फैब्रिकेशन प्लांट की टीम से प्रभात पटेल, रणविजय सिंह एवं नंदन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया.

कार्यक्रम का संचालन कैलाश प्रधान एवं पार्थ पुरवार द्वारा किया गया। विजेताओं की घोषणा फायर एवं सेफ्टी विभाग के प्रमुख जय तिवारी द्वारा की गई।

# जागरूकता, प्रतिबद्धता और सुरक्षा का संकल्प, हिण्डाल्को रेणुकूट में 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**रेणुकूट/सोनभद्र।** 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ हिण्डाल्को रेणुकूट में दिनांक 5 मार्च 2026 को विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन हिण्डाल्को रेणुकूट प्लांट के मुखिया समीर नायक के द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी के पूजन के साथ शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर क्लस्टर हेड एचआर जसबीर सिंह, एचआर हेड अजय सिन्हा, रिडक्शन प्लांट हेड जयेश पवार, सेफ्टी हेड जय तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठनों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

पूजन उपरांत उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान विगत वर्ष के सुरक्षा प्रदर्शन पर प्रकाश डाला गया तथा यह जानकारी दी गई कि पूरे सप्ताह विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण सत्रों सहित कुल 11 गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा ताकि कर्मचारियों में सुरक्षा के प्रति सजगता और उत्तरदायित्व की भावना को और सुदृढ़ किया जा सके।

सुरक्षा ध्वज फहराने के पश्चात समीर नायक ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का उद्देश्य कर्मचारियों एवं समाज में व्यक्तिगत तथा व्यावसायिक सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष दुर्घटनाओं की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है जो सभी कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और सुरक्षित कार्य संस्कृति का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा संस्कृति केवल दिखाई देने तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि उसे व्यवहार और कार्यशैली में जीवंत रूप से अपनाया जाना आवश्यक है।

सुरक्षा विभाग के डॉ प्रदीप सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# होली का पर्व प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है : आशीष पांडेय

## हिंडालको रेनुसागर में होलिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

अवधनामा संवाददाता



**अनपरा/सोनभद्र।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह के मार्गदर्शन में होलिकोत्सव बड़े ही उत्साह, उमंग और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हेड एच आर आशीष पांडेय ने रेनुसागर रामलीला मैदान में पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना ,हवन कर होलिका दहन किया गया। तत्पश्चात दूसरे दिन हिन्डाल्को रेनुसागर परिसर मे स्थित सुमंगलम भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया।होली मिलन कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें गीत-संगीत और होली के पारंपरिक लोकगीतों ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करते हुए भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर हेड एच आर आशीष पांडेय ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन कर्मचारियों और उनके परिवारों के बीच आपसी सहयोग, अपनापन और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करते हुए एक-दूसरे को होली की हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम में कंपनी के ईआर हेड मृदुल भारद्वाज,ब्रजेश कुमार बर्मा,सुधाकर अन्नामलाई सौम्य मिश्रा,रोहित सक्सेना,सदानन्द पांडेय ,राजेश राय मान्यता प्राप्त यूनियन के पदाधिकारी राम झा,निर्दोष सिंह, शैलेन्द्र यादव सहित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रंगों के इस पावन पर्व का आनंद लिया।

## दो बाइकों की भिड़ंत में युवक गंभीर, एक रेफर

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** नगर के राजमार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक युवक की हालत नाजुक होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला मुख्यालय रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मराठीपुरा निवासी तनिष्क (26) पुत्र सत्येंद्र अवस्थी बुधवार शाम अपने नलकूप से बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान बड़े चौराहे के पास सामने से आ रही सुमेरपुर निवासी आकाश (22) पुत्र रामनारायण की बाइक से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तत्काल दोनों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने आकाश की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला मुख्यालय रेफर कर दिया।

## होली को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने कस्बे में किया भ्रमण

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** सनातन संस्कृति का प्रमुख पर्व होली कस्बे सहित पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया जा रहा है। चारों ओर रंगों की धूम और अबीर-गुलाल उड़ता दिखाई दे रहा है। त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय और कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने कस्बे में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान अधिकारियों ने विभिन्न मोहल्लों में जाकर लोगों से मुलाकात की और उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांति और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## अवैध बालू से भरे तीन ट्रैक्टर पकड़े, चालकों पर कार्रवाई

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र में इन दिनों अवैध बालू खनन और परिवहन का कारोबार तेजी से चल रहा है। हालांकि पुलिस और राजस्व विभाग समय-समय पर इसके खिलाफ कार्रवाई भी कर रहा है। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिंह, तहसीलदार शिखर मिश्रा तथा नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए अछरौड़ घाट से अवैध बालू लादकर आ रहे तीन ट्रैक्टरों को कपसा रोड पर पकड़ लिया। टीम ने ट्रैक्टरों को कब्जे में लेकर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। साथ ही ट्रैक्टर चालकों अछरौड़ निवासी दादू, छत्रपाल और कपिल को भी हिरासत में लिया गया है। राजस्व विभाग द्वारा तीनों चालकों एवं ट्रैक्टरों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को लिखित पत्र दिया गया है।

## मौदहा में होलिका दहन के साथ मनी होली व भाईदूज

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन के साथ रंगों का पर्व होली धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की बधाई दी और घरों में बने गुझिया तथा अन्य पकवानों का आनंद लिया। बताया जाता है कि कस्बा क्षेत्र के गांवों में सोमवार को होलिका दहन किया गया, जिसके बाद तीसरे दिन रंगों की होली खेली गई। जगह-जगह युवाओं की टोलियां रंगों में सराबोर होकर डीजे और गाजे-बाजे पर झूमती नजर आई। गुरुवार को अधिकांश लोगों ने भाईदूज का पर्व मनाया, जिसमें बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनके दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की। त्योहार के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक अधिकारी लगातार क्षेत्र में गश्त करते रहे। क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय और कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च कर लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में होली मनाने की अपील की। वहीं कस्बे की प्रसिद्ध मटकी फोड़ होली के आयोजकों ने बताया कि शुक्रवार को निर्धारित स्थानों पर इसका आयोजन किया जाएगा।

## मस्जिद में कुरान मुकम्मल होने पर हाफिज का किया गया सम्मान

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** पवित्र माह रमज़ान के दूसरे अशरे में मस्जिदों में कुरान मुकम्मल होने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी क्रम में कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज स्थित हजरत मुख्तार निजामी साहब की दरगाह परिसर में स्थित मस्जिद खानकाह निजामिया में तरावीह के दौरान कुरान मुकम्मल हुआ। बीती 14 रमज़ान की रात तरावीह में कुरान मुकम्मल होने के बाद मस्जिद के पेश इमाम हाजी इफ्तिखार अहमद निजामी सहित मोहल्ले के सैकड़ों लोगों ने कुरान सुनाने वाले हाफिज कारी शाने आलम रजवी का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया और लोगों ने गले मिलकर उन्हें बधाई दी।

# सहभागिता, शिक्षा और सशक्तिकरण से सुदृढ़ होगी सुरक्षा

## एनटीपीसी सिंगरौली में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह प्रारंभ

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस/सप्ताह-2026 का आयोजन दिनांक 05.03.2026 से 11.03.2026 तक सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा कर्मचारियों, संविदा कर्मियों और सहयोगी एजेंसियों के बीच सुरक्षित कार्य-संस्कृति को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम ÷सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए लोगों की सहभागिता बढ़ाएँ, उन्हें शिक्षित करें और सशक्त बनाएं÷ रखी गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशासनिक भवन परिसर में ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसके पश्चात सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सुरक्षा प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर संदीप नायक, परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली ने अपने संबोधन में कहा कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा केवल नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक कर्मचारी की सोच, व्यवहार और जिम्मेदारी का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने सभी विभागों से कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने तथा 'सेफ्टी फर्स्ट' की भावना को दैनिक कार्य-संस्कृति में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि कर्मचारियों, संविदा श्रमिकों और एजेंसी कर्मियों की सक्रिय सहभागिता, सतत प्रशिक्षण और जागरूकता के माध्यम से ही एक सुरक्षित एवं उत्तरदायी कार्य वातावरण का निर्माण संभव है। इस अवसर पर सी. एच. किशोर कुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), रश्मिरंजन मोहंती, महाप्रबंधक (परियोजना) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारी गण उपस्थित रहे। सी. एच. किशोर कुमार ने सभी कर्मचारियों, संविदा श्रमिकों और सहयोगी एजेंसियों से आह्वान किया है कि वे कार्यस्थल पर सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और सुरक्षित तथा जिम्मेदार कार्य-संस्कृति के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ। सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें एजेंसी सुपरवाइज़रों और कर्मचारियों के लिए जॉब सेफ्टी एनालिसिस (जेएसए) प्रतियोगिता, आपातकालीन प्रबंधन योजना (डीएमपी) पर प्रशिक्षण एवं सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, चालकों और क्रेन ऑपरेटरों के लिए सुरक्षा प्रश्नोत्तरी तथा कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए सुरक्षा गीत प्रतियोगिता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त एजेंसी श्रमिकों के लिए सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पीपीई पहनने की प्रतियोगिता तथा सुरक्षा नाटिका (स्किट) का भी आयोजन किया जाएगा। सुरक्षा विषय पर रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए रंगोली, नारा, पोस्टर और पेंटिंग प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की जाएँगी। इन प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों, संविदा श्रमिकों तथा कर्मचारियों के बच्चों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। प्रतिभागियों को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस-2026 की थीम पर अपने विचार रचनात्मक रूप में प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। श्रमिकों से सुरक्षा सुधार हेतु सुझाव प्राप्त करने के लिए परिसर के विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा सुझाव पेटियाँ भी स्थापित की गई हैं।

यह सुरक्षा सप्ताह के. एस. वेंकटरमन, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है। सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह संयंत्र परिसर स्थित सुरक्षा पार्क में आयोजित किया जाएगा, जहाँ विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा तथा प्रतिभागियों के योगदान की सराहना की जाएगी।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर की गयी बैठक

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी/प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 की तैयारियों तथा उसके प्रथम चरण के कार्यों के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना के प्रारंभिक कार्यों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। सभी अधिकारियों को जनगणना के प्रथम चरण से संबंधित प्रक्रियाओं और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जनगणना निदेशालय की ओर से आई प्रियासा सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत किए जाने वाले मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि इस बार की जनगणना पूर्णतया डिजिटल जनगणना होगी। उन्होंने बताया कि जनगणना का प्रथम चरण अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इसी चरण में प्रत्येक क्षेत्र में स्थित भवनों और मकानों की सही-सही पहचान और सूचीकरण किया जाता है, जो आगे होने वाली जनगणना की प्रक्रिया का आधार बनता है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को चरणबद्ध तरीके से यह बताया गया कि मकान सूचीकरण कैसे किया जाएगा, किस प्रकार प्रत्येक भवन की जानकारी दर्ज की जाएगी तथा किन-किन बिंदुओं का विशेष ध्यान रखना होगा। इसके साथ ही डिजिटल माध्यमों के उपयोग, डाटा की शुद्धता, सर्वेक्षण के दौरान सावधानियों और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

# अकीदत के साथ मनी हजरत इमाम हसन की यौमे विलादत

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत मोहम्मद साहब (स.) के नवासे हजरत इमाम हसन (अ.स.) की यौमे विलादत बड़ी खुशी व अकीदत के साथ मनायी गयी। इस मौके पर जगह-जगह महफिलों और नज़्रों का आयोजन हुआ। इमामबाड़ा पंजतनी कश्मीरी मोहल्ला में जश्ने इमाम हसन का आयोजन किया गया। महफिल में मौलाना अब्बास इरशाद ने हजरत इमाम हसन (अ.स.) की फजिलत बयान की। महफिल के बाद शायरों ने इमाम की शान में अपने कलाम पेश किये। महफ़िल का आगाज कारी नदीम नजफी ने तिलावते क़ुरआन ए पाक से किया।

**नज़्रों को आयोजन** इमाम हसन (अ,स,) की विलादत की खुशी में बृहस्पतिवार को लोगों ने रोजा अफ्तार के बाद घरों में नज़्रों का आयोजन किया। नज़्रों में आने-जाने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

फर्राशखाना वजीरगंज में जश्ने इमामे सब्ज़ कबा शीर्षक से एक महफ़िल का आयोजन किया गया। जश्न की अध्यक्षता मौलाना सकलैन आब्दी ने की और मौलाना यासूब अब्बास ने महफिल को खिताब किया। इसके बाद शायरों ने हजरत इमाम हसन (अ.स) की शान में कसीदे पढ़े। जश्न का आगाज कारी गुलरेज नकी ने तिलावते कुरआने पाक से किया। महफिल का आयोजन अंजुमन मुहिब्बाने हुसैन ने किया है।

## मां-बेटे और बेटी ने मिलकर युवक की निर्मम हत्या की

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** राजधानी लखनऊ के थाना दुबग्गा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बेगरिया गांव में बुधवार की शाम आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक 22 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस को शाम करीब 6=00 बजे सूचना मिली थी कि गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है और बेगरिया निवासी मोहित तिवारी, उसकी मां और बहन ने मिलकर उसी गांव के रहने वाले सूरज गौतम पर चाकू से हमला किया है। गंभीर रूप से घायल सूरज गौतम को तत्काल इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



















































































